रांची
शुक्रवार
11.11.2022
मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 03
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | वर्ष-23 अंक-275 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

**रश्मि प्रवाह**
स्वामी विवेकानंद जी के अनुसार अगर जीवन में सफल बनना है तो त्याग आवश्यक है। बड़ी सफलता प्राप्त करने के लिए बड़ा त्याग भी देना पड़ता है।




कैबिनेट ○ राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में 34 प्रस्ताव पारित

# छात्रों की पढ़ाई से लेकर नौकरी तक के लिए शुरू हुई कई नयी योजनाएं

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड मंत्रालय में गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित की गयी जिसमें 34 प्रस्ताव पारित किये गये। बाद में विभागीय सचिव वंदना डाडेल ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि झारखंड में आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों की कोचिंग से लेकर नौकरी तक के लिए योजनाएं शुरू की जायेगी। मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री प्रशिक्षण योजना व गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना शुरू करने की स्वीकृति कैबिनेट ने दी है। राज्य सरकार के कर्मियों को अपुनरीक्षित वेतनमान (छठा केंद्रीय वेतनमान) में दिनांक 01.07.2022 के प्रभाव से महंगाई भत्ता की दरों में अभिवृद्धि की स्वीकृति दी गयी। राज्य सरकार के पेंशनधारियों/पारिवारिक पेंशनभोगियों को अपुनरीक्षित वेतनमान (छठा केंद्रीय वेतनमान) में दिनांक 01.07.2022 के प्रभाव से महंगाई राहत की दरों में अभिवृद्धि की स्वीकृति दी गयी। राज्य सरकार के कर्मियों को अपुनरीक्षित वेतनमान (पंचम वेतनमान) में दिनांक शेष पृष्ठ 11 पर



### बेरोजगार युवाओं के लिए अहम फैसला

**मुख्यमंत्री** सारथी योजना के तहत सरकार वैसे युवाओं को आर्थिक सहयोग करेगी जिन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त किया है। इन युवाओं को रोजगार नहीं मिला है तो अब सरकार उन्हें एक हजार रुपये प्रति माह भत्ता देगी। वहीं, सरकार ने महिलाओं व दिव्यांगों के लिए यह राशि 1500 रुपये प्रति माह का ऐलान किया है।

### गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना

**कैबिनेट** की बैठक में गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना को भी सहमति मिली है। इसके तहत अधिकतम 15 लाख का क्रेडिट छात्रों को दिया जायेगा, जिसके लिये एक छात्र को महज 4 प्रतिशत ब्याज देना होगा। अतिरिक्त ब्याज का खर्च राज्य सरकार देगी। इस बैठक में छात्र और बेरोजगार युवाओं के लिए कई अहम फैसले लिये गये हैं।

### मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना

**मुख्यमंत्री** शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत आर्थिक कारणों से कोचिंग नहीं कर पाने वाले आठ हजार छात्रों को मेडिकल, इंजीनियरिंग, क्लैट, होटल मैनेजमेंट आदि के लिए कोचिंग की सुविधा देने का फैसला लिया गया है। हॉस्टल में रहकर कोचिंग लेनेवाले छात्रों को हेमंत सोरेन सरकार 2500 रुपये मासिक छात्रवृत्ति भी प्रदान करेगी। एकलव्य प्रशिक्षण योजना के तहत यूपीएससी, जेपीएससी, बैंक आदि में नौकरी के लिए कोचिंग करने वाले छात्रों को झारखंड सरकार की ओर से मदद दी जायेगी।

## टी-20 वर्ल्ड कप : सेमीफाइनल में इंग्लैंड के हाथों भारत की करारी हार

**एडिलेड (एजेंसी)।** इंग्लैंड के खिलाफ एडिलेड में खेले गये टी-20 विश्व कप के दूसरे सेमीफाइनल में भारत को करारी हार का सामना करना पड़ा है।

- 10 विकेट से जीत दर्ज करते हुए इंग्लैंड ने फाइनल में बनायी जगह
- पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच होगी खिताबी जंग



इंग्लैंड ने 169 रन के लक्ष्य का पीछा करते ओपनर जोस बटलर (80) और एलेक्स हेल्स (86) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत बिना विकेट गंवाए 16 ओवर में 170 रन बनाकर 10 विकेट से जीत दर्ज करते हुए फाइनल में जगह बनायी जहां खिताब के लिए उसका सामना पाकिस्तान से होगा। टी-20 विश्व कप का फाइनल मैच रविवार 13 नवम्बर को खेला जायेगा। इससे पहले इंग्लैंड ने टॉस जीतकर भारत को बल्लेबाजी के लिए बुलाया और दूसरे ही ओवर में केएल राहुल को आउट कर दिया। रोहित शर्मा ने कोहली के साथ दूसरे विकेट के लिए 47 रन जोड़े, लेकिन वह 28 गेंदों पर 27 रन ही बना सके। आदिल रशीद ने भारत की मुश्किलें बढ़ाते हुए रनगति पर लगाम लगायी और सूर्यकुमार यादव (14) का बहुमूल्य विकेट ले लिया। भारत ने 14 ओवर में सिर्फ 90 रन पर तीन विकेट गंवा दिये थे।

### कोहली व पांड्या ने खेली अर्द्धशतकीय पारी

**कोहली** ने 40 गेंदों पर चार चौके और एक छक्का लगाकर 50 रन बनाये। वहीं, क्रिस जॉडर्न टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में कोहली को आउट करनेवाले पहले गेंदबाज बने। कोहली का विकेट गिरने के बाद भी पांड्या नहीं रुके। उन्होंने 19वें ओवर की आखिरी गेंद पर चौका जड़कर 29 गेंदों में अपना अर्द्धशतक पूरा किया, जबकि आखिरी ओवर में क्रिस जॉडर्न को एक चौका और एक छक्का लगाकर भारत को 20 ओवर में 168/6 के स्कोर तक पहुंचाया। पांड्या ने अपनी दर्शनीय पारी में 33 गेंदें खेलकर चार चौकों और पांच छक्कों के साथ 63 रन बनाए। इंग्लैंड के लिए जॉडर्न ने चार ओवर में 43 रन देकर सर्वाधिक तीन विकेट लिए, जबकि क्रिस वोक्स और आदिल रशीद को एक-एक विकेट हासिल हुआ।

## योग गुरु बाबा रामदेव ने सीएम से की मुलाकात




**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार को झारखंड मंत्रालय में योग गुरु बाबा रामदेव ने मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच कुछ देर बातचीत हुई। सीएम कार्यालय की ओर से बाबा रामदेव की मुख्यमंत्री से भेंट को शिष्टाचार मुलाकात बताया गया। गौरतलब है कि झारखंड दौरे पर आये योग गुरु बाबा रामदेव ने आचार्यकुलम, रांची में योग शिविर में हिस्सा लिया। इससे पहले रांची में पत्रकारों से बातचीत के क्रम में उन्होंने सीएम हेमंत सोरेन की तारीफ करते हुए कहा कि हेमंत सोरेन बढ़िया काम कर रहे हैं, उनको शुभकामनाएं और आशीर्वाद। ईडी जांच के विषय पर उन्होंने कहा कि यह राजनीतिक विषय है।

## साइबर और सूचना युद्ध से निपटने के लिए एकजुट होने की जरूरत : राजनाथ

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से साइबर हमलों और सूचना युद्ध जैसे गंभीर उभरते खतरों से निपटने के लिए मिलकर प्रयास करने का आह्वान किया है। श्री सिंह ने गुरुवार को राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय (एनडीसी) कोर्स के दीक्षांत समारोह में सशस्त्र सेनाओं, सिविल सेवाओं के साथ-साथ मित्र देशों के अधिकारियों को संबोधित करते हुए इस बात पर भी जोर दिया कि सूचना युद्ध किसी देश की राजनीतिक स्थिरता को खतरे में डाल सकता है।

उन्होंने कहा कि सरकार का पूरा ध्यान राष्ट्रीय सुरक्षा पर है और देश की पूर्ण क्षमता का उपयोग तभी किया जा सकता है जब उसके हितों की रक्षा की जाये। सभ्यता के फलने-फूलने और समृद्ध होने के लिए सुरक्षा अपरिहार्य है। श्री सिंह ने आंतरिक और बाह्य सुरक्षा के बीच घटते अंतर का उल्लेख करते हुए कहा



कि बदलते समय के साथ खतरों के नये आयाम जुड़ रहे हैं, जिन्हें श्रेणीबद्ध करना मुश्किल है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आतंकवाद, जो आमतौर पर आंतरिक सुरक्षा का विषय है, अब बाहरी सुरक्षा की श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है, क्योंकि इसे फैलाने वाले संगठनों का प्रशिक्षण, वित्तपोषण और उन्हें हथियारों की आपूर्ति देश के बाहर से की जा रही है। साइबर हमलों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि ऊर्जा, परिवहन, सार्वजनिक क्षेत्र की सेवाएं, दूरसंचार, महत्वपूर्ण शेष पृष्ठ 11 पर

## सरकार गिराने की साजिश से जुड़े केस ईडी करेगी टेकओवर

- कांग्रेस विधायक अनूप सिंह व झामुमो विधायक रामदास सोरेन ने दर्ज कराया था केस

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड में सरकार गिराने की साजिश से जुड़े कोतवाली व धुर्वा थाने में दर्ज केस को भी ईडी टेकओवर कर सकती है। ईडी के रांची जोनल ऑफिस ने इन दोनों केस को टेकओवर करने का प्रस्ताव ईडी मुख्यालय को भेजा है। इससे पहले ईडी ने अरगोड़ा थाने में विधायक अनूप सिंह के जीरो एफआईआर के आधार पर कोलकाता सीआईडी में दर्ज केस में ईसीआईआर कर लिया है। इस केस में कांग्रेस के निलंबित विधायक इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी को ईडी ने आरोपी बनाया है। 30 जुलाई को बंगाल में तीनों विधायकों को 48 लाख कैश के साथ पकड़ा गया था। इसके बाद तीनों विधायकों को कांग्रेस विधायक अनूप सिंह के द्वारा दर्ज कराये गये जीरो एफआईआर के आधार पर जेल भेज दिया गया था। तीनों विधायकों को अब नियमित जमानत मिल चुकी है।

**क्या था सरकार गिराने की साजिश से जुड़ा केस :** 24 जुलाई 2021 को कांग्रेस विधायक अनूप सिंह ने कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज करायी थी। इस केस में पुलिस ने रांची के होटल लीलैक से शेष पृष्ठ 11 पर

### कांग्रेस के तीनों विधायकों को कलकत्ता हाईकोर्ट से मिली जमानत



**रांची।** कैश कांड में गिरफ्तार कांग्रेस के तीनों विधायकों डॉ. इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी को कलकत्ता हाईकोर्ट से जमानत मिल गयी है। 30 जुलाई 2022 को तीनों विधायकों को कोलकाता पुलिस ने एनएच-16 पर रानीहाटी के पास 49 लाख रुपये के साथ गिरफ्तार किया था। बाद में इस मामले की जांच कोलकाता सीआईडी को ट्रांसफर कर दी गयी थी। विधायकों पर आरोप है कि उन्होंने हेमंत सरकार को गिराने के एवज में रुपये लिये थे, वहीं विधायकों का तर्क था कि वे लोग विश्व आदिवासी दिवस पर वितरण के लिए साड़ी और फुटबॉल खरीदने जा रहे थे। जमानत मिलने पर कांग्रेस के विधायकों ने प्रसन्नता जताते हुए कहा कि आज सच की जीत हुई है। उन्होंने बुरे दिनों में साथ देने के लिए जनता का आभार जताया। इधर, कैश कांड के इस मामले में ईडी, मनी लॉड्रिंग की जांच करेगी। ईडी ने तीनों विधायकों के खिलाफ मनी लाउंड्रिंग के तहत मामला दर्ज किया है।

### कैश कांड में तीन आरोपी विधायकों का होगा बयान

**कैश** कांड में ईडी के रांची जोनल ऑफिस में मनी लाउंड्रिंग की धाराओं के तहत केस दर्ज की गयी है। ईडी इस मामले में इरफान अंसारी, नमन विक्सल कोंगाड़ी व राजेश कच्छप से 48 लाख रुपये के स्रोत के बारे में पूछताछ करेगी। वहीं, जीरो एफआईआर करानेवाले विधायक अनूप सिंह का भी बयान ईडी दर्ज करेगी।

## एसीबी ने थानेदार को किया गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के मानगो थाना में पदस्थापित थानेदार राजीव रंजन सिंह को एसीबी ने 25 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि कांग्रेस नेता बलदेव सिंह के साथ हुए मारपीट के मामले को मैनेज करने के लिए 50 हजार रुपये का डिमांड मानगो थाना प्रभारी राजीव रंजन सिंह ने की और कहा था कि 379 धारा को हटा देंगे। हालांकि, बलदेव सिंह और जिस व्यक्ति के साथ मारपीट हुई थी, यह दोनों व्यक्ति आपस में सुलह कर न्यायालय पहुंचे और न्यायालय ने जमानत दे दी। उधर, जमानत मिलने के बावजूद भी थाना प्रभारी 50 हजार रुपये का डिमांड कर रहा था। बाद में 25 हजार पर सहमति बनी। उधर, बलदेव सिंह के भाई बलजीत सिंह ने इस पूरे मामले को एसीबी तक पहुंचाया और एसीबी ने जाल बिछाया और थानेदार को घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

## राम सेतु को राष्ट्रीय विरासत स्मारक घोषित की जाये : सुब्रमण्यम स्वामी

- आरएनएम

**नयी दिल्ली।** प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस जेबी परदीवाला की पीठ ने तमिलनाडु स्थित ऐतिहासिक राम सेतु को राष्ट्रीय विरासत स्मारक घोषित करने की मांग वाली सुब्रमण्यम स्वामी की याचिका पर केंद्र सरकार को चार सप्ताह में जवाब देने के कहा। सुब्रमण्यम स्वामी ने याचिका में कहा है कि यह एक छोटा मामला है जहां केंद्र को इस पर सिर्फ हां या ना कहना था। इस पर केंद्र के वकील ने कहा कि हलफनामा तैयार है। हमें मंत्रालय से निर्देश प्राप्त करना है। वकील ने जब समय मांगा तो पीठ ने कहा कि वे (केंद्र) अपने पैर क्यों खींच रहे हैं? इसके बाद न्यायालय ने जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय देते हुए कहा कि याचिकाकर्ता स्वामी को एक प्रति दी जाये। इस पर यदि स्वामी को कोई प्रत्युत्तर हो तो वे उसे दो सप्ताह में दाखिल करें। इसके बाद आगे सुनवाई होगी। इससे पहले तीन अगस्त को इस पीआईएल पर तत्कालीन सीजेआई एनवी रमण ने कहा था कि वे स्वामी की याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करेंगे। मालूम हो कि तमिलनाडु में रामेश्वरम के पास समुद्र में स्थित राम सेतु को एडम्स ब्रिज भी कहा जाता है। पौराणिक व धार्मिक आख्यानों में है शेष पृष्ठ 11 पर

- सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने को कहा



## सुप्रीम कोर्ट में ज्ञानवापी परिसर के 'शिवलिंग' के संरक्षण की याचिका पर सुनवाई आज

- ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय में वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर में मिले 'शिवलिंग' के संरक्षण की याचिका पर शुक्रवार 11 नवम्बर को दोपहर तीन बजे सुनवाई होनेवाली है। जिस पर तमाम हिन्दू संगठनों से जुड़े लोगों की निगाह है। सर्वोच्च न्यायालय ने पिछले आदेश में वाराणसी के जिला मजिस्ट्रेट को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था कि ज्ञानवापी परिसर में जिस जगह 'शिवलिंग' मिला है, उसे सुरक्षित रखा जाये। न्यायालय ने यह भी आदेश दिया था कि इससे वहां मुसलमानों के नमाज पढ़ने का अधिकार प्रभावित नहीं होना चाहिए। इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने वाराणसी के जिला न्यायाधीश को निर्देश दिया था कि वह मामले को खारिज करने की मांग करनेवाली अंजुमन इंतजामिया मस्जिद समिति के आवेदन पर फैसला करें। समिति ने कहा था कि पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम के तहत ज्ञानवापी केस दायर नहीं किया जा सकता।

आधार कार्ड को लेकर नयी गाइडलाइंस जारी

## अब हर भारतीय को 10 साल बाद पहचान पत्र कराना होगा अपडेट

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** आधार कार्ड हर भारतीय के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है। वहीं, अब यूआईडीएआई ने नयी गाइडलाइंस जारी कर दी है जिसके तहत अब हर भारतीय को आधार कार्ड को 10 साल बाद अपडेट कराना अनिवार्य होगा।

सरकार ने आधार नियम में संशोधन किये हैं। इसके तहत आधार संख्या प्राप्त करने से 10 साल पूरा होने के बाद कम-से-कम एक बार संबंधित दस्तावेजों का अपडेट कराना जरूरी होगा। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा




जारी गजट पत्र में प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार आधार अद्यतन होने से केंद्रीय पहचान डाटा भंडार (सीआईडीआर) में संबंधित जानकारी की निरंतर आधार पर सटीकता सुनिश्चित होगी। अधिसूचना में कहा गया है कि आधार धारक आधार के नामांकन की तारीख से हर 10 साल पूरे होने पर कम-से-कम एक बार पहचान और निवास प्रमाण-पत्र वाले दस्तावेजों का अद्यतन करा सकते हैं। इससे सीआईडीआर में आधार से जुड़ी जानकारी की निरंतर आधार पर सटीकता सुनिश्चित होगी।

जानकारी अद्यतन करने को लेकर आधार (नामांकन और अद्यतन) विनियमन के प्रावधान में बदलाव किया गया है। आधार संख्या जारी करनेवाले भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने पिछले महीने लोगों से आग्रह किया था कि अगर उन्हें आधार संख्या लिये 10 साल से अधिक हो शेष पृष्ठ 11 पर

## न्यूज गैलरी

### लोवाडीह के सुशीला एन्क्लेव से स्कुटी चोरी, मामला दर्ज

नामकुम। सुशीला एन्क्लेव लोवाडिह के रहनेवाले संतोष कुमार ने नामकुम थाने में अज्ञात व्यक्ति द्वारा स्कुटी चोरी कर लेने का मामला दर्ज कराया है। नामकुम पुलिस को दिए गए आवेदन में संतोष ने बताया है कि वह छह नवंबर की रात लगभग नौ बजे अर्पाटमेंट की पार्किंग में अपनी स्कुटी संख्या जेएच01बीके 5294 को पार्क कर अपने फलैट में चला गया। सुबह सात बजे जब काम पडने पर पार्किंग में स्कुटी लेने गया तो स्कुटी गायब थी। उस दौरान सीसीटीवी फुटेज में देखने पर अज्ञात युवक स्कुटी चोरी कर जाते दिख रहा है। थानेदार सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि संतोष के आवेदन पर पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी हैं।

### बरगांवा में जतरा मेला सह नागपुरी कार्यक्रम

नामकुम। देवतथान जतरा मेला समिति बरगांवा नामकुम में 11 नंवबर को जतरा मेला सह नागपुरी कार्यक्रम आयोजन किया गया। उक्त जानकारी संचालन समिति बिकु सिंह उर्फ राजा साहब देते हुए देवतथान जतरा मेला में भव्य आयोजन किया जाएगा।

### मौलाना आजाद कालोनी से नाबालिग लापता, कोलकाता से बरामद

नामकुम। मौलाना आजाद कॉलोनी गली नंबर 15 से सोमवार रात को गुमशुदा नाबालिग को नामकुम पुलिस ने कोलकाता से बरामद कर लिया है। थानेदार सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि बुधवार को नाबालिग के परिजनों के द्वारा उसकी गुमशुदगी का सन्हा दर्ज कराया गया था। जिसके बाद पुलिस ने तत्काल कारवाई करते हुए नाबालिग का काल डिटेल निकाला और लोकेशन कोलकाता मिलने पर पुलिस कोलकाता गयी और वहां स्थानीय पुलिस के सहयोग से नाबालिग को बरामद कर लिया। गुरूवार सुबह पुलिस ने नाबालिग को उसके परिजनों को सौंप दिया। परिजनो ने पुलिस को धन्यवाद देते हुए राहत की सांस ली।

### पायोनियर सीड्स ने आयोजित किया मेगा किसान शो



बुढ़मू । कांके प्रखंड के गागी गांव में पायनियर सीड्स की तरफ से मेगा किसान शो का आयोजन किया, जिसमें पायोनियर 27 पी 37 धान की कटाई करके उसका वजन तौल के लोगों को दिखाया गया। इस दौरान बताया गया कि इस बार पायोनियर 27 पी 37 धान अन्य धान की तुलना में लगभग 6 किवंटल प्रति एकड़ की अधिक पैदावार से विजई रहा। मौके पर इस कार्यक्रम में लगभग 300 से भी अधिक किसान मौजूद थे।, और सब ने माना की पायनियर 27 पी 37 ही है हर हाल बेमिसाल धान, जिसकी बाली अन्य धान की बाली से ज्यादा लंबी भी है, और गथनी में भी ज्यादा है, जो हर मौसम में बेहतर उपज देता है। साथ ही उपस्थित लोगों ने बताया कि यह धान खाने में भी स्वदिष्ट है। मौके पर किसान गोष्ठी में गागी मुखिया फुलमनी नाग, कंपनी के एमडीआर अबी अहमद, शफीउल्ला अंसारी, शमीम अख्तर, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार का दूसरा चरण 01-14 नवंबर 2022 तक

# इस योजना से गरीबों का कोई लेना-देना नहीं : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य में कोयला, बालू, पत्थर सहित अन्य खनिज पदार्थों की लूट लगातार हो रही है। शिकायत करने पर कोई कार्रवाई नही की जाती है, उल्टे शिकायत करने वालों को झूठे केस में फंसा दिया जाता है। सरकार चोरी भी करती है और ऊपर से सीनाजोरी भी। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबुलाल मरांडी ने ये बातें गुरुवार को रांची जिले के कांके प्रखंड में भाजपा द्वारा आयोजित हेमंत हटाओ, झारखंड बचाओ आक्रोश सभा को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि झारखंड में खनिज पदार्थों की लूट हो रही है और जब केंद्रीय जांच एजेंसी इसकी जांच करती है, पूछताछ के लिये समन भेजती है तो राज्य के मुख्यमंत्री कहते है मुझे आदिवासी होने के कारण केंद्र सरकार की तरफ से सताया जा रहा है। मरांडी ने कहा कि झारखंड में पिछले कई महीनों से गरीबों को राशन नही दी जा रही है। केंद्र सरकार के द्वारा जो राशन गरीबो के लिए भेजी जाती है सरकार के संरक्षण में उसकी कालाबाजारी की जा रही है।शिकायत के बावजूद भी राज्य के मुखिया कुछ नही कर पा रहे है ,क्योंकि उस कालाबाजारी में सत्ताधारी दल के लोग ही शामिल है।

**ग्रामीण क्षेत्रों में राज्य सरकार के खिलाफ विरोध की लहर**

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा के द्वारा राज्य के सभी प्रखंडों में सरकार के खिलाफ जो आक्रोश प्रदर्शन किया जा रहा है और जिस प्रकार से सभी प्रखंडो में लोगो की सहभागिता देखी जा रही है उससे साफ पता चलता है कि ग्रामीणों में सरकार के खिलाफ विरोध की लहर ज्वालामुखी की तरह धधक रहा है। आज किसी भी सरकारी दफ्तर में बिना पैसे के कोई काम ही नही हो रहा है। लोगो की खातियानी जमीनों को भी गलत ढंग से बेच दी जा रही है और लोगों की तक्लीप को सुनने वाला कोई नही है।

**मेरी सरकार ने खातियान के आधार पर नियुक्तियों में प्राथमिकता का प्रावधान की थी :** बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जब भाजपा की सरकार मेरी नेतृत्व में झारखंड में बनी, मैंने खतियान के आधार पर नियुक्तियों में प्राथमिकता मिले इसका प्रावधान किया। लेकिन हाईकोर्ट में यह मामला चला गया, तब नीति को खारिज कर दिया गया। आज हेमंत सोरेन भी 1932 की बात कर रहे है लेकिन आदलत ने किन कारणों से मेरे समय की स्थानीय नीति को खारिज किया था उन बिंदुओं का समाधान किये बिना ही उसे लागू करने की बात कह रहे है जो सम्भव नही है। वास्तव में राज्य की सरकार 1932 लागू करना ही नही चाहती है सिर्फ लोगों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रही है।

### आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल हुई मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की

**चान्हो।** प्रखंड अंतर्गत रोल पंचायत के पंचायत भवन मे आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम लगाया गया, जिसमें विधायक शिल्पी नेहा तिर्की पहुंची। कार्यक्रम मे लगे सभी विभाग के टेबल में पहुंच कर जानकारी लिया, कितने लोगो की समस्याओ का समाधान किया और इंट्री कितना किये है इसकी जानकारी प्राप्त किया, जिस विभाग के पदाधिकारी इस कार्यक्रम मे ग्रामीणों के काम को करने मे लापरवाही कर रहे है उन्हे विधायक ने फटकार लगाया। इस कार्यक्रम मे विधायक ने आये तमाम लोगो को सम्बोधित करते हुए ग्रामीणों को बतलाया कि जो योजना सरकार द्वारा लाया जा रहा है, उनका लाभ लेना चाहिए। ये योजना सभी ग्रामीणों के लिए है। आप सभी इसका लाभ ले और दुसरो को भी लाभ दिलाने मे मदद करे।। विधायक ने यह भी कहा कि जिन ग्रामीणों का काम अगर ब्लॉक से नही हो रहा है।

### सदर अस्पताल रांची में लेप्रोस्कोपिक मशीन का हुआ उद्घाटन

# सीएसआर के तहत सीएमपीडीआई द्वारा उपलब्ध कराया गया है लेप्रोस्कोपिक मशीन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सदर अस्पताल रांची में चिकित्सकीय सेवाओं को और सुदृढ़ करने की दिशा में एक कदम और बढ़ाया गया। गुरुवार को सदर अस्पताल में लेप्रोस्कोपिक मशीन का उद्घाटन किया गया। उपायुक्त रांची श्री राहुल कुमार सिन्हा ने लेप्रोस्कोपिक मशीन का उद्घाटन किया। इस दौरान श्री आर के महापात्रा, जीएम, (सीएसआर) सीएमपीडीआईएल, श्री सुमन रस्तोगी, चीफ मैनेजर (सीएसआर) सीएमपीडीआई, सिविल सर्जन रांची डॉ विनोद कुमार, अस्पताल अधीक्षक, आयुष्मान कोऑर्डिनेटर आशीष झा, ओटी टीम और डॉक्टर्स उपस्थित थे। आपको बताएं कि सीएसआर के तहत सीएमपीडीआई ने सदर अस्पताल को लेप्रोस्कोपिक मशीन उपलब्ध कराया है। श्री आर के महापात्रा, जीएम (सीएसआर) सीएमपीडीआईएल ने कहा कि भविष्य में भी कंपनी द्वारा बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए सदर अस्पताल को सहयोग जारी रहेगा। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा भी कंपनी के सहयोग को सराहा गया और भविष्य में भी इसी तरह के सहयोग की कामना की गई।

# धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य पर कई प्रतियोगिताएं आयोजित




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची / खूंटी।** भारत सरकार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, गुमला द्वारा धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित हो रहे समारोहों के क्रम में खूंटी जिला के कालामाटी स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय परिसर में 'आजादी का अमृत महोत्सव', 'झारखंड के वीर स्वतंत्रता सेनानी', 'जनजातीय गौरव दिवस' विषयों पर रंगोली, चित्रांकन एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कालामाटी की वार्डन ज्योति कुमारी के साथ शिक्षिकाओं में मीनू बड़ाईक, रेणुका कुमारी, इरोज आइंद, मनोनीत होरो, करुणा शंकर त्रिपाठी, सलिल कुंडू, शिल्पा झा, मेरी प्रेमलता आइन्द, रीना लकड़ा और केंद्रीय संचार ब्यूरो गुमला की क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी महविश रहमान उपस्थित रहीं। अपने संबोधन में क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी महविश रहमान ने कहा कि देश की आजादी में अहम योगदान और अपने प्राणों की आहुति देकर धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा ने खूंटी की माटी को अमर कर दिया और पूरे देश में एक महान क्रांतिकारी के रूप में जाने गए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने भारतीय इतिहास और संस्कृति में जनजातियों के विशेष स्थान और योगदान को सम्मानित करने व पीढ़ियों को इस सांस्कृतिक विरासत के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस घोषित करने का निर्णय लिया। इसी क्रम में केंद्रीय संचार ब्यूरो, गुमला द्वारा इस विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। वार्डन ज्योति कुमारी ने केंद्रीय संचार ब्यूरो, गुमला की सराहना करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम से हम जनजातीय वीरों और वीरांगनाओं की महती भूमिका को याद कर सकेंगे जिन्होंने आजादी के लिए अदम्य साहस दिखाया और अपने प्राणों की आहुति दी।

### बुढ़मू प्रखंड में जुमन एंड वेलफेयर ट्रस्ट के सदर व सचिव पद के उम्मीदावारों ने क्षेत्र का दौरा किया



**बुढ़मू ।** बुढ़मू प्रखंड अंजुमन एंड वेलफेयर ट्रस्ट के सदर पद के उम्मीदवार शमीम बड़ेहार एवं सेक्रेटरी पद के उम्मीदवार तस्लीम अंसारी ने बुढ़मू प्रखंड के विभिन्न गांवों का दौरा किया।,और जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान महुआ खुरा, उमेडंडा, चकमें, इंचापीरी, मनातू, गेसवे, पातकोइ, आदि गांव का दौरा किया और लोगों से मिलकर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। मौके पर याकूब अंसारी, इसराइल , एनुल अंसारी, हनीफ अंसारी साहित कई समर्थक उपस्थित थे।

**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,**
**जिला नियोजनालय, गुमला**

**भर्ती कैम्प-2022**

राज्य के बेरोजगार युवक/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित करने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय, गुमला द्वारा दिनांक- 12.11.2022 दिन (शनिवार) के पूर्वाहन 10:00 बजे से 4:00 बजे तक एक दिवसीय भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। भर्ती कैम्प में निम्नांकित प्रमुख नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :-
स्थान - जिला नियोजनालय कार्यालय, गुमला परिसर में।

| Sl NO | Name of the Employer & Address | Name of the post | No. of Vacancy | Qualification /Eligibility | Experience / Height | Age ( Min. / Max) | (Pay/ Scale) | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | HR ( Recruitment ) International PVT. LTD COIAMBATORE, TAMILNADU. | MACHINE HELPER | 20 | 8th to 12th | NA | 20 To 40 | 11800 (Gross) | Tamilnadu , Bengaluru |
| 2 | Edi que Solution Pvt. Ltd. Skyline Complex, 5007,5008 Kadru Ranchi , Above JP Hyrdi Showroom | ICT Instructor | 58 | Graduation with one of the Computer , Sub Computer Application, BCA, MCA, B. Tech, M. Tech, B. Sc. IT,BE. | If Abailable | NA | 10000+ Increment | Gumla |

नोट :- योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉफी ) दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं। चूंकि रिक्ति निजी क्षेत्र की है, अतः चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा।

किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं है।

जिला नियोजन पदाधिकारी,
जिला नियोजनालय, गुमला

PR 281847 Labour Employment and Traning(22-23)#D

### अज्ञात वाहन की चपेट में आकर स्कूटी सवार दो लोग घायल

**मांडर।** मांडर थाना शिव मंदिर के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आकर स्कूटी सवार दो लोग घायल हो गए। बताया जाता है कि मिशन निवासी 22वर्षीय प्रिंस गुप्ताअपनी स्कूटी में मांडर बाजार टाँड़ निवासी नारायण साहु की 18 वर्षीया पुत्री को लेकर मिशन की ओर आ रहा था।इसी क्रम में महाबीर हार्डवेयर के सामने किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से स्कूटी से गिर कर घायल हो गए।उन्हें मांडर रेफरल अस्पताल में प्राथमिक ईलाज के बाद मांडर मिशन स्थित कॉन्स्टेंट लिवन्स अस्पताल में बेहतर ईलाज के लिए रखा गया है।

### बंधु तिर्की क्षेत्र के लोगों की समस्याओं से हुए रूबरू



**मांडर।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने मांडर प्रखंड के सकरा गांव का भ्रमण कर जनता की समस्याओं से रुबरु होकर उनकी समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। इस दौरान पूर्व मंत्री ने ग्रामीणों से कहा कि गांव के निकट स्थित रोड जो काफी समय से जर्जर है उसे जल्द मरम्मति कराने एवं तालाब का सुंदरीकरण करा देने की अति आवश्यकता है इसे मैं शीघ्र कराने का प्रयास करूंगा। मुझे आप सभी ने अपार प्यार और साथ दिया है इसलिए मैं आपके हर दुःख में आपके साथ रहता आया हूँ और जीवन भर साथ रहूँगा भी।मांडर विधान सभा के हर व्यक्ति के लिए मैं ना कभी विधायक, मंत्री रहा ना रहूँगा, मैं इस विधानसभा का हर माँ का बेटा, हर पिता का पुत्र, हर बहन का भाई, हर भाई का बंधु रहकर ही अपने को जीवंत देखता रहा हूँ।

### डीआरडीए के कर्मियों का होगा जिला परिषद में समायोजन

**रांची।** झारखंड में जिला ग्रामीण विकास अभिकरण प्रशासन बंद होने के बाद इसके कर्मियों के समायोजन के लिए सरकार ने कदम बढ़ायें। सारे डीआरडीए के परियोजना पदाधिकारी सहित अन्य कर्मियों का समायोजन जिला परिषद में करने की सहमति बनायी गयी है।

**कार्यपाल अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, सिमडेगा**

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि Cluster wise Single Village Water Supply Schemes (Cluster No. 12 to 29) के निर्माण हेतु इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना संख्या DWSD/JJM/SVS-CLUSTER/SIM-12/2022-23 (1st Call) जो विभिन्न सामाचार पत्रों में PR-280959(Drinking Water and Sanitation 22-23 (D)द्वारा प्रकाशित है, को निम्न प्रकार से संशोधित किया जाता है-

| Sl. | Particular | Previous Published Date | Revised Date |
|---|---|---|---|
| 1 | Date of Publication of Tender on Web Site | 03.11.2022 up to 04:00 P:M: | 21.11.2022 up to 04:00 P:M: |
| 2 | Date of Pre Bid Meeting | 04.11.2022 up to 3:30 P:M: in the office of Engineer in Chief Nepal house Ranchi | 23.11.2022 up to 3:30 P:M: in the office of Engineer in Chief Nepal house Ranchi |
| 3 | Last Date/Time For Receipt of Bid | 11.11.2022 up to 04:00 P:M: | 30.11.2022 up to 04:00 P:M: |
| 4 | Last Date Of Submission of cost of BOQ & EMD (Hard Copy) | 12.11.2022 up to 04:00 P:M at Office of the 1.Executive Engineer, DW&S Div. Simdega. 2. Superintending Engineer, DW&S Circle, Gumla. 3. Regional Chief Engineer, D.W.& Dept. Ranchi Region, Ranchi | 01.12.2022 up to 04:00 P:M at Office of the 1.Executive Engineer, DW&S Div. Simdega. 2. Superintending Engineer, DW&S Circle, Gumla. 3. Regional Chief Engineer, D.W.& Dept. Ranchi Region, Ranchi |
| 5 | Date Of Opening of Tender (Technical Bid) | 14.11.2022 up to 11:00 A:M: | 02.12.2022 up to 11:00 A:M: |

अन्य नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, सिमडेगा।

PR.NO.281845 Drinking Water and Sanitation(22-23):D

### डुंबू बुरू जतरा का आयोजन आज




**रांची।** सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के मधुकम मैदान में डुंबू बुरू जतरा समिति व ग्राम विकास समिति, मधुकम की ओर से शुक्रवार को डुंबू बुरू जतरा का आयोजन किया जायेगा। जतरा में सांस्कृतिक सहित अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेंगे। समिति के संरक्षक फ्रांसिस तिर्की ने बताया कि हर साल की भांति इस साल भी धूमधाम से डुंबू बुरू जतरा का आयोजन किया जा रहा है। जतरा में सांस्कृतिक विरासत की झलक देखने को मिलेगी।

**e-Procurement Cell**
**JHARKHAND STATE BUILDING CONSTRUCTION CORPORATION LTD., RANCHI**

**Short Term e-Procurement Notice** Date- 10-11-2022

| Sl. No | Tender Reference No. | Work Name | Amount in (Rs) | Completion Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | JSBCCL/128/2022-23 | Proposed Construction of 100 Bedded Critical Care Block Hospital at Khunti Headquarter under Khunti District | Rs. 51,84,06,390/- | 24 Months |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | Date of Publication of Tender on Website | 18.11.2022 at 11:00 AM |
| 3 | Date of Pre Bid Meeting | 25.11.2022 at 11:00 AM |
| 4 | Venue of Pre Bid Meeting | J.S.B.C.C.L. Office, 3rd Floor |
| 5 | Reply of queries of Pre Bid Meeting | 02.12.2022 at 11:00 AM |
| 6 | Start Date of Submission of Bids | 18.11.2022 at 11:00 AM |
| 7 | Last Date/Time of Submission of Bids | 19.12.2022 at 05:00 PM |
| 8 | Last Date/Ti me of Submission of Bid Security Money and Tender Fee | 21.12.2022 upto 11:30 AM |
| 9 | Date/Time of opening of Bid | 21.12.2022 at 12:00 PM |
| 10 | Name & Address of office Inviting tender | e-Procurement Cell, Jharkhand State Building Construction Corporation Ltd., Ranchi. |
| 11 | Helpline Number of e-procurement Cell | 0651-2446259 |
| 12 | e-mail ID | jsbccljharkhand@gmail.com |

**Any change can be seen on Website http:// Jharkhandtenders.gov.in.**
***Any other information can be seen on http:// Jharkhandtenders.gov.in.***

**Nodal Officer**
**e-Procurement Cell**
**Jharkhand State Building Construction Corporation Ltd., Ranchi.**

PR281966 (Jharkhand State Building Construction Corp. ltd.)22-23*D

**कार्यपालक अभियंता(यौंत्रिक) का कार्यालय**
**सिंचाई यौंत्रिक प्रमण्डल, राँची**

अल्पकालीन ई0-प्रोक्योरमेंट सूचना
ई-निविदा प्रसंग सं0- डब्लू0 आर0 डी0/आई0 एम0 डी0 राँची/05/2022-23 दिनांक-09.11.2022

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | विशुनपुर वीयर योजना के दो अदद यू0एस0/सी0आर0 एवं दो अदद एच0आर0 गेटों की मरम्मति एवं दो अदद यू0एस0/सी0आर0 गेटों के लिए नया Hoisting arrangement, Worm gear screw system, नया Hoist bridge, नया शेड, दो अदद सीढ़ी तथा Crest weir पर दस अदद नया Falling shutter की आपूर्त्ती, निर्माण एवं अधिष्ठापन सहित तीन बर्षों तक मरम्मति एवं सम्पोषण कार्य। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | 37,13,500.00 (सैंतीस लाख तेरह हजार पाँच सौ) मात्र। |
| 3 | कार्य समाप्ति की अवधि | 6 (छः माह)। |
| 4 | अग्रधन की राशि (रूपये में) | रू0 74,500.00(चौहत्तर हजार पाँच सौ) मात्र। |
| 5 | बिड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 23.11.2022 (05:00 बजे अपराहन तक)। |
| 6 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 24.11.2022 (03:00 बजे अपराहन तक)। |
| 7 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथी एवं समय | 14.11.2022 (10:00 बजे पूर्वाहन)। |
| 8 | परिमाण विपत्र का मुल्य एवं अग्रधन की राशि को प्रमण्डलीय कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 23.11.2022 (05:00 बजे अपराहन)। |
| 9 | निविदा आमंत्रित करने वाले का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, सिंचाई यौंत्रिक प्रमण्डल, राँची। |
| 10 | प्रोक्योरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नम्बर | 0651-2912296 |
| 11 | ई-प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651-2490232 |

नोट :- 1. केवल ई- निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
2. विशेष जानकारी के लिए http://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
3. निविदा बिना कारण बताऐं कभी भी संशोधित या रदद् की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
सिंचाई यौंत्रिक प्रमण्डल, राँची

PR 281900 (Irrigation)22-23*D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची**

ई- निविदा (द्वितीय आमंत्रण)
(P.R No. 279077 1st Call)

निविदा सं0:- 15 of 2022-23 तिथि - 09.11.2022

| | | |
|---|---|---|
| क्र0 | कार्य का नाम | Maintenance of House keeping , gardening , Catering ,security , Water supply , Electricity , Inverter , Generator Set with fuel etc. Arrangement in VISWA (Hostel buiding ,Training Centre , dormitory building) , Near Jora pool kanke Road Ranchi Under D.W. & S. Division, Gonda, Ranchi - For Year 2022-23 (Month Sept. 2022 to August 2023) |
| 1 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 30.88214 लाख |
| 2 | अग्रधन की राशि (रूपये में) | 62,000.00 |
| 3 | परिमाण विपत्र की राशि (रू0) | 5,000.00 |
| 4 | कार्य समाप्ति की अवधि | 1 वर्ष |
| 5 | वेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 14.11.2022 up to 05.00 P.M. |
| 6 | बीड प्राप्त करने की अन्तिम तिथि | 25-11.2022 up to 03.30 P.M. |
| 7 | बैंक गारण्टी एवं परिमाण विपत्र का मूल्य जमा करने की तिथि एवं स्थान, | 26.11.2022 10:00 A.M. से 3:00 P.M. तक कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची। |
| 8 | निविदा खोलने की तिथि | 28.11.2022 up to 4.00 P.M. |
| 9 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची। |
| 10 | ई0 प्रोक्युरमेंट कार्यालय का सम्पर्क न0 | 8789136206 |
| 11 | ई0 प्रोक्युरमेंट केन्द्र का हेल्पलाईन नम्बर :- | |

नोट :- 1. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है तदनुरुप परिमाण विपत्र का मूल्य तथा अग्रधन की राशि बढ़ या घट सकती है।
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

जल ही जीवन है।

कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल
गोन्दा, राँची

PR 281893 Drinking Water and Sanitation (22-23)_D

## न्यूज गैलरी

### रांची में 27-29 दिसंबर तक 32वीं जूनियर नेशनल थ्रोबॉल प्रतियोगिता का होगा आयोजन



रांची। झारखंड राज्य थ्रोबॉल संघ की मेजबानी में 27 से 29 दिसंबर तक रांची में 32वीं जूनियर राष्ट्रीय थ्रोबॉल प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इसके सफल आयोजन के लिए गुरुवार को आयोजन समिति की समीक्षात्मक बैठक की गई। इसमें आयोजन को ऐतिहासिक बनाने हेतु सभी बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। थ्रोबॉल प्रतियोगिता के आयोजन सचिव आलोक दुबे ने कहा कि झारखंड में पहली बार राष्ट्रीय थ्रोबॉल प्रतियोगिता का आयोजन होने जा रहा है। इसमें कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक के करीब 25 प्रदेशों ने अपनी सहभागिता की सहमति दे दी है। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता के माध्यम से हम एक-दूसरे की संस्कृति, रहन-सहन, आपसी मेल जोल को साझा करते हैं। यह राज्य हमेशा से ही स्पोर्ट्स के क्षेत्र में देश और दुनिया में अपनी मजबूती दर्ज कराता रहा है। थ्रोबॉल में भी झारखंड अपना परचम लहराएगा। इतने बड़े आयोजन में सरकार की सहभागिता अतिआवश्यक है। मौके पर संघ के अध्यक्ष डॉ। राजेश गुप्ता सहित अन्य भी उपस्थित थे।

### राज्य में बढ़ रही हिंसा, सम्मेलन में उठाया जाएगा मुद्दा : गीता मंडल




रांची। अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन की ओर से गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य मुद्दा महिला हिंसा और राज्य में बढ़ता अपराध रहा। इस दौरान राज्य सचिव गीता मंडल ने कहा कि झारखंड में आए दिन हो रहे महिला हिंसा बढ़ती ही जा रही है। साथ में डायन बिसाही के नाम पर महिलाओं की हत्या के मामले बढ़ रहे हैं। आये दिन ऐसे मामले अखबारों में मिल रहे हैं। इसके साथ ही घरेलू कामगार महिलाओं पर भी महिलाओं का शोषण बढ़ा है। सरकार के लिए न्यूनतम वेतन में काम करने वाली सहिया वर्करों, जल सहिया, सहिया, रसोइयों के लिये भी हिंसा की खबरें सामने आ रही। स्थिति ये है कि सरकार बिना वेतन काम कराये जा रही है। जबकि समान काम का समान वेतन की लड़ाई ऐपवा लड़ रही है। मंडल ने कहा कि काम का लालच देकर के झारखंड की लड़कियों को बहला-फुसलाकर दूसरे राज्यों में ले जाकर उनका शारीरिक यौन शोषण और श्रम शोषण हो रहा है। इन सभी मुद्दों पर सरकार कोई ठोस कदम नही उठा रही हैं। इसके खिलाफ एसोसिएशन हमेशा आवाज उठती रही है। उन्होंने कहा कि 12 नवंबर को एसोसिएशन के छठे राज्य सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जो कि पुराना विधानसभा रशियन हॉस्टल में होने जा रहा है। इसमें राष्ट्रीय महासचिव मीना तिवारी शामिल होंगी। मंडल ने बताया कि सम्मेलन में इन मुद्दों को उठाया जायेगा। और सरकार के नाम स्मार पत्र सौंपने की तैयारी की जायेंगी।

### झारखंड किसान महासभा ने सरकार से की कृषि नीति बनाने और फसल राहत की राशि बढ़ाने की मांग

रांची। झारखंड किसान महासभा ने राज्य सरकार से राज्य में किसान हित में एक आदर्श कृषि नीति बनाये जाने की मांग की है। राजभवन के समीप आज महासभा ने धरना प्रदर्शन के दौरान किसानों के लिए फसल राहत की राशि को बढ़ाने की भी मांग की। महासभा के केंद्रीय उपाध्यक्ष पंकज राय ने कहा कि बगैर स्पष्ट कृषि नीति के किसानों का भला नहीं होने वाला। कृषि योजनाओं एवं नीतियों के निर्माण में किसानों को वाजिब प्रतिनिधित्व देना भी जरूरी है। इसके अलावे राज्य में केंद्र प्रायोजित जीएम मस्टर्ड बीज को भी प्रतिबंधित किये जाने की जरूरत है। मौके पर महासभा ने राज्यपाल के नाम 11 सूत्री मांगों को लेकर एक ज्ञापन भी सौंपा। किसान महासभा ने अपनी मांगों के तहत फसल राहत के रूप में 3500 रुपये का मुआवजा की बजाये इसे 15 हजार रुपए तक किए जाने की बात रखी। कृषि नीति के निर्माण और इसमें किसानों की भी भागीदारी की मांग की है।

# बाल संरक्षण व बाल अधिकार से जुड़े मुद्दों पर समाज को जागरूक करें : मनरेगा आयुक्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** गुरुवार को मनरेगा आयुक्त, राजेश्वरी बी द्वारा सर्ड भवन के सभागार में दीनदयाल ग्राम स्वावलम्बन योजना की प्रशिक्षण कार्यक्रम में महिलाओं से मिलकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। मौके पर मुकेश कुमार-व्याख्याता, श्री राजीव कुमार रंजन, श्री अनिल यादव सहायक निदेशक एवं स्वावलम्बन योजना की कार्यरत स्वावलंबी दीदियां उपस्थित थी। मनरेगा आयुक्त द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए बताया गया कि राष्ट्र एवं राज्य स्तर पर बच्चों के लिए बहुत सारी नीतियों का निर्धारण किया गया है। उन्हीं नीतियों को धरातल पर उतारने के लिए समाज के हर बच्चे को विशेषकर, जरूरतमंद बच्चे को उनके अधिकार के प्रति जागरूक करना ही हमारा कर्तव्य है। प्रशिक्षण का उद्देश्य यह है कि बाल संरक्षण एवं बाल अधिकार से जुड़े मुद्दों पर हम समाज को जागरूक कर सकें और बच्चों के प्रति दायित्वों का निर्वहन नीतिगत सिद्धांतों के मुताबिक कर सकें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मनरेगा आयुक्त द्वारा मिशन वात्सल्य के मुख्य कार्यों के बारे में बताया गया कि मिशन वात्सल्य के मुख्य कार्यों में संवैधानिक निकायों के कामकाज में सुधार लाना, सेवा प्रदान करने के ढांचे को मजबूत बनाना, संस्थागत देखभाल और सेवाओं के स्तर में वृद्धि करना, गैर-संस्थागत समुदाय आधारित देखभाल को प्रोत्साहित करना, आपात स्थिति में पहुंच उपलब्ध कराना, प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण शामिल हैं। करते हुए उन्होंने कहा कि ₹मिशन वात्सल्य का लक्ष्य भारत के हर बच्चे के लिए एक स्वस्थ एवं खुशहाल बचपन सुनिश्चित करना, उन्हें अपनी पूर्ण क्षमता का पता लगाने के लिए अवसर प्रदान करना, हर क्षेत्र में विकास के लिए सहायता प्रदान करना, उनके लिए ऐसी संवेदनशील, समर्थनकारी और समकालिक इको-व्यवस्था स्थापित करना है जिसमें उनका पूर्ण विकास हो।

## प्रेरक दीदियों ने साझा किये अपने अनुभव

इस दौरान सखी मण्डल की दीदियों ने बताया कि महिलाएं अब आत्मविश्वास से पूर्ण हैं। महिलाओं ने अपने विचार रखे। दीदियों द्वारा बताया गया कि अब लोग साफ-सफाई और स्वच्छता के लिए गंभीर दृष्टिकोण अपना रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्राम सभा में योजनाओं के विषय मे व इससे जुड़े लाभ से व्यापक रूप से ग्रामीणों को अवगत कराया जा चुका है। उन्होंने बताया कि किस प्रकार विचार में परिवर्तन आने से जीवन में सकारात्मक दिशा मिली है। महिलाओं ने अपने अनुभव साझा करने के क्रम में बताया कि किस प्रकार विचार में परिवर्तन आने से ग्रामीण क्षेत्र प्रगति की ओर अग्रसर हुए हैं। उन्होंने कहा कि गाँव के विकास के लिए सरकार द्वारा लायी गयी योजनाओं का सीधा लाभ हमें मिल रहा है। इसके लिए सभी ग्रामीण एकजुट होकर कार्य कर रहे हैं। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि अब लोग साफ-सफाई और स्वच्छता के लिए गंभीर दृष्टिकोण अपना रहे हैं। इसके साथ ही दीदियों ने बताया कि वर्तमान में गांव का हर व्यक्ति प्रगति के लिए तैयार है, जिसमें उन्होंने जागरूक दृष्टिकोण के साथ कार्य करना प्रारम्भ कर दिया है। स्वावलम्बन योजना के तहत जल संरक्षण की विभिन्न संरचनाओं का निर्माण यथा टीसीबी, मेढ़ बंदी, सोखता गड्ढा आदि के तहत कार्य जारी है।

## नगर निकाय चुनाव आया तो शुरू हो गया शिलान्यास का दौर

**रांची।** राज्य में नगर निकाय चुनाव कराने की हरी झंडी मिल गई है। चुनाव आयोग से लेकर सभी दलों ने अपनी तैयारी तेज कर दी है। इसी कड़ी में पार्षद पहले से ज्यादा रेस हो गए है। खुद को लोगों के सुख-दुख का भागीदार बता रहे है। वहीं अब कुछ दिनों से वार्डों में शिलान्यास का दौर तेज हो गया है। वहीं नगर निगम से नई योजनाएं भी मांगी जा रही है। जिससे कि आने वाले चुनाव में उन्हें फील्डिंग करने की जरूरत न पड़े। कुछ दिन पहले तक पार्षद अपने वार्डों में शायद ही कभी नजर आते थे। लेकिन निकाय चुनाव की घोषणा के बाद से सभी एक्टिव मोड में है। पुरानी सभी योजनाओं को लेकर निगम के चक्कर लगा रहे है। फाइनल होने के बाद हर दूसरे दिन योजनाओं का शिलान्यास भी कर रहे है। जिसमें रोड, नाली और बोरिंग शामिल है।

## खेलो इंडिया जोनल वुशु वीमेन लीग रांची में



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** खेलो इंडिया जोनल वुशु वीमेन लीग प्रतियोगिता का आयोजन रांची में किया जाएगा।इसकी जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से झारखंड वुशु एसोसिएशन के प्रेसिडेंट श्री चंचल भट्टाचार्य और टूर्नामिंट आयोजन समिति की चैयरमैन डॉ कविता सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि खेलो इंडिया के तहत इस वीमेन लीग की प्रतियोगिता का आयोजन 17 नवम्बर से 20 नवम्बर तक रांची के मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्थित ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव इंडोर स्टेडियम में होगी।

**केवल महिला खिलाड़ियों की होगी भागेदारी :** उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में सब जूनियर,जूनियर और सिनियर वर्गों की महिला खिलाड़ी ही भाग लेंगी। इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, गुजरात, बिहार,राजस्थान,छत्तीसगढ़ सहित मेजबान झारखंड के खिलाड़ी भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए सारी तैयारियां पूर्ण हो चुकी है।

आज इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित आयोजन समिति के उदय साहू ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन -17 तारिक को अपराह्न 3 बजे और समापन समारोह - 07 तारिक को अपराह्न 11 बजे किया जाएगा जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन होगा। इस अवसर पर झारखंड वुशु एसोसिएशन के महासचिव शैलेन्द्र दुबे भी उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि इस राज्य की अंतरराष्ट्रीय एवम राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ी अमासी बारला,सुनीता गाड़ी, गीता खलखो, श्रेया कुमारीं,ज्योति कुमारीं, तनुश्री आदि में इस वीमेन लीग को लेकर काफी उत्साह है।

## झारखंड उर्जा विकास निगम के थर्ड और फोर्थ ग्रेड कर्मियों के प्रमोशन की बैठक स्थगित

**रांची।** झारखंड उर्जा विकास निगम के थर्ड और फोर्थ ग्रेड कर्मियों के प्रमोशन को लेकर होने वाली बैठक स्थगित कर दी गयी है। बैठक झारखंड पावर वर्कर्स यूनियन की ओर से गुरूवार को होने वाली थी। यूनियन के अध्यक्ष अशीष कुमार ने बताया कि अपरिहार्य कारणों से बैठक स्थगित की गयी है। इसके साथ ही बैठक 13 नवंबर को होगी। कर्मचारियों से वार्ता कर ये निर्णय लिया गया है। जानकारी हो कि निगम ने 2018 लागू की जिसके बाद से थर्ड और फोर्थ ग्रेड कर्मियों में आक्रोश है। निगम ने तृतीय और चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी के लिए दो सितंबर को आदेश जारी किया। जिसके मुताबिक सभी तकनीकी कर्मचारी बटन पट चालक, कनिय सारणी पुरुष, फिटर को जिनकी नियुक्ति तृतीय श्रेणी में हुई थी।

## हर एचआर मैनेजर के सफलता की कुंजी है दृढ़ विश्वास और जीवन में स्थिरता : सलिल लाल



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** जेवियर समाज सेवा संस्थान, एक्सआईएसएस, रांची के मानव संसाधन प्रबंधन, एचआरएम कार्यक्रम ने गुरुवार को एक्सआईएसएस के फादर माइकल वैन डेन बोगर्ट ऑडिटोरियम में एचआरएम और मार्केटिंग मैनेजमेंट कार्यक्रम के छात्रों के लिए सलिल लाल, सीएचआरओ, मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड द्वाराएक लीडरशिप टॉक का आयोजन किया। इस सत्र मेंए श्री लाल जो संस्थान के एक सम्मानित पूर्व छात्र भी हैं जो उन्होंने लगभग 200 छात्रों के साथ अपने कार्य अनुभव और उल्लेखनीय जीवन यात्रा साझा की। उन्होंने कहा आज के समय में प्रत्येक एचआर मैनेजर के पास तीन महत्वपूर्ण 'सी' होने आवश्यक हैं, जो हैं दृढ विश्वास, पूर्णता और चरित्र। प्रत्येक छात्र को अपने जीवन के लक्ष्य को अभी नेविगेट करना चाहिए कि वे भविष्य में खुद को कैसे देखना चाहते हैं और हमेशा अपने लक्ष्यों की स्पष्टता रखें। श उन्होंने मारुति सुजुकी की विकास योजनाओं, औद्योगिक संबंधों की बदलती गतिशीलता, मारुति द्वारा नीतिगत हस्तक्षेप, अनुशासन के महत्व और पेशेवर जीवन में योजना के बारे में भी चर्चा की। नेतृत्व सत्र में संस्थान के निदेशक डॉ जोसेफ मारियानुस कुजूर एसजे ने भी भाग लिया, जहां उन्होंने श्री सलिल को परिसर में आने और छात्रों को उनके प्रोत्साहन और समर्थन देने के लिए धन्यवाद दिया। डॉ अमर ई. तिग्गा, डीन अकादमिक, एक्सआईएसएस ने परिसर में श्री लाल का स्वागत किया और उल्लेख किया कि एक्सआईएसएस और पूरे मानव संसाधन कार्यक्रम को उनकी उपलब्धियों पर गर्व है। इस लीडरशिप टॉक को डॉ श्यामल गोम्स, प्रमुख एएचआरएम, एक्सआईएसएस द्वारा सुगम बनाया गया था और इस सत्र में फैकल्टी और छात्रों ने भाग लिया था। श्री लाल के साथ उनके संस्थान के तीन अन्य कर्मचारी अन्नान्यो भट्टाचार्य, कर्ण सिंह और थॉमसभी थे जो एक्सआईएसएसके पूर्व छात्र भी हैं।

ऑल इण्डिया कंस्ट्रक्शन वर्कर्स फेडरेशन की दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला सम्पन्न

## मजदूरों की सत्ता के लिए कॉरपोरेट राजनीति के खिलाफ संघर्ष तेज होगा : राजीव डिमरी




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** देश में निर्माण उद्योग का कारोबार 157 अरब डॉलर की है। निर्माण उद्योग के विकास के विपरित निर्माण श्रमिकों की हालत है। मजदूर तरक्की और विकास के बजाय इनकी हालात और बदतर होती जा रही है। ऐसे हालात में मजदूरों के पास संघर्ष के सिवा कोई दूसरा रास्ता नहीं है। उपरोक बाते राष्ट्रीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए ऐक्टू के राष्ट्रीय महासचिव राजीव डिमरी ने कहा की केंद्र सरकार कामगार के हितों के अनुरूप काम करने के बजाए मजदूर विरोधी नीति लागू कर रही है। मोदी सरकार की सांप्रदायिक विभाजन की नीति के खिलाफ मजदूर वर्ग की एकजुता की गारंटी करनी होगी। उन्होंने आगे कहा की मजदूरों यह दुर्दशा राजनीतिक कारणों से बढ़ी है इसके समाधान के लिए मजदूरों को कम्पनी राज के खिलाफ संघर्ष तेज करना होगा। ऐक्टू के राष्ट्रीय अध्यक्ष वी शंकर ने कहा की मजदूरों को भी राष्ट्रीय स्तर पर मजदूरों का मोर्चा बनाना होगा। जो मजदूरों को राजनीतिक रूप से सजग बनाते हुए इनकी राजनीतिक मारक क्षमता को इजाफा करेगा होगा। एचईसी की दुर्दशा देश की सार्वजानिक क्षेत्रों की हालत को समझना के लिए काफी है। कार्यशाला को संबोधित करते हुए निर्माण फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव एस के शर्मा ने कहा कि अर्थव्यवस्था में महत्त्वपूर्ण योगदान के बाबजूद भी मजदूरों का। विकास अवरुद्ध है। मजदूरों मेहनतकशों के विकास के बिना सबका साथ सबका विकास का नारा धोका है। मजदूर वर्ग के भीतर निमार्ण मजदूर सबसे अधिक असंगठित हिस्सा हैं। कंपनियों की कमाई सुनिश्चित करने के लागातार नई नीतियां बनाकर मजदूरों के अधिकारों पर हमला जारी है। देश के 100 जिलों से आए मजदूर प्रतिनिधियों को अगुवा कार्यकताओं मजदूरों की हालात को बदलने की चुनौती को कबूल करना होगा।

शिक्षा मंत्रालय देश भर के स्कूलों और उच्च शिक्षण संस्थानों में 'जनजातीय गौरव दिवस' मनाएगा

## आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करने वाले हैं ये समारोह : धर्मेंद्र



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के नेतृत्व में शिक्षा मंत्रालय देश भर के स्कूलों, कौशल संस्थानों और उच्च शिक्षण संस्थानों में भव्य तरीके से 'जनजातीय गौरव दिवस' मनाएगा। पिछले साल, सरकार ने वीर जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृति में 15 नवंबर को 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा की थी। 15 नवंबर, बिरसा मुंडा की जयंती है, जिन्हें देश भर के जनजातीय समुदाय भगवान के रूप में सम्मान देते हैं। बिरसा मुंडा देश के एक प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक और श्रद्धेय जनजातीय नायक थे, जिन्होंने ब्रिटिश औपनिवेशिक सरकार की शोषणकारी व्यवस्था के खिलाफ बहादुरी से लड़ाई लड़ी और अपने जीवनकाल में ही एक महान व्यक्ति बन गए, जिन्हें अक्सर 'भगवान' कहा जाता है। उन्होंने जनजातियों से उलगुलान (विद्रोह) का आह्वान किया तथा जनजातीय आंदोलन को संगठित करने के साथ नेतृत्व प्रदान किया। उन्होंने जनजातियों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों को समझने और एकता का पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद करने के लिए, शिक्षा मंत्रालय एआईसीटीई, यूजीसी, केंद्रीय विश्वविद्यालयों, निजी विश्वविद्यालयों, अन्य एचईआई, सीबीएसई, केवीएस, एनवीएस और कौशल विकास संस्थानों के सहयोग से 'जनजातीय गौरव दिवस' मना रहा है। जनजातीय गौरव दिवस के राष्ट्रव्यापी समारोह में देश भर के शैक्षणिक संस्थानों में 'स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय नायकों का योगदान' विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता तथा सामाजिक गतिविधियों से जुड़े अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इन समारोहों के दौरान, भगवान बिरसा मुंडा और अन्य वीर जनजातीय नायकों के योगदान पर प्रकाश डाला जाएगा। छात्रों को अच्छे काम के लिए सम्मानित भी किया जाएगा। ये समारोह, जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के देश के लिए दिए गए बलिदान को रेखांकित करने, उनकी विरासत को आगे बढ़ाने और जनजातीय संस्कृति, कला व समृद्ध जनजातीय विरासत का संरक्षण करने के लिए आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेंगे।

> 15 नवंबर को देश भर के जनजातीय समुदायों के लिए भगवान के रूप में पूजनीय बिरसा मुंडा की जयंती।

यूरोलॉजी केयर क्लीनिक में विश्वस्तरीय अत्याधुनिक तकनीक से इलाज की सुविधा उपलब्ध

## तनाव मुक्त होकर अपने जीवन में रहें सेहतमंद : डॉ.प्रशांत कुमार



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी के बरियातू रोड पर अवस्थित यूरोलॉजी केयर क्लीनिक में विश्वस्तरीय अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों से मरीजों को किफायती दर पर इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। यहां मरीजों को चिकित्सीय परामर्श के लिए आउटडोर की सुविधा तो है ही, इसके अतिरिक्त आवश्यकतानुसार मरीजों को भर्ती करने के लिए इन्डोर वार्ड की भी सुविधा है। इस संबंध में यूरोलॉजी केयर क्लीनिक के व्यवस्थापक/संचालक डॉ.प्रशांत कुमार ने बताया कि यहां विश्वस्तरीय अत्याधुनिक लेजर मशीन हॉलमियम (35वाट) द्वारा पेशाब संबंधी समस्याओं (पेशाब की नली, किडनी में स्टोन आदि) का इलाज उपलब्ध है। डॉ.प्रशांत ने कहा कि यूरोलॉजी केयर क्लीनिक में काफी किफायती दर पर मरीजों को गुणवत्तायुक्त चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है। यहां अत्याधुनिक तकनीक से लेप्रोस्कोपिक सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त रेट्रोग्रेड इंट्रा रेनल सर्जरी (आरआईआरएस) पद्धति से इलाज की सुविधा भी है। उन्होंने बताया कि यूरोलॉजी केयर क्लीनिक में लेप्रोस्कोपिक ऑपरेशन में उपयोगी विश्वस्तरीय अत्याधुनिक मशीन हारमोनिक भी इंस्टॉल किया गया है। जिसके माध्यम से किडनी के पत्थर के सफल ऑपरेशन किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि पेशाब की नली में किसी भी तरह की समस्या हो, तो अविलंब विशेषज्ञ चिकित्सक से परामर्श लें और यथाशीघ्र इलाज कराएं। किडनी संबंधी किसी प्रकार की समस्याएं उत्पन्न होने पर तत्काल चिकित्सक से संपर्क करें। यूरोलॉजी केयर क्लीनिक में विश्वस्तरीय अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा किडनी या पेशाब की नली में बने पत्थर बिना रुकावट के तोड़कर मरीजों को जल्द राहत पहुंचाने में सफलता मिलती है।

### डॉ. प्रशांत 200 मरीजों का किडनी ट्रांसप्लांट कर चुके हैं

मेडिकल ट्रस्ट हॉस्पिटल कोच्ची (केरला) से डीएनबी (यूरोलॉजी) की डिग्री लेने के क्रम में वर्ष 2017 से 2020 के दौरान डॉ.प्रशांत कुमार लगभग 200 किडनी ट्रांसप्लांट कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि एकेडमिक कैरियर के दौरान मेडिकल ट्रस्ट हॉस्पिटल, कोच्ची में उन्हें अपने सीनियर चिकित्सकों से अत्याधुनिक तकनीक द्वारा यूरोलॉजी की समस्या से संबंधित मरीजों के इलाज में काफी कुछ सीखने का अवसर मिला। इस क्रम में अपने सीनियर्स के मार्गदर्शन में उन्होंने तकरीबन 200 मरीजों के किडनी ट्रांसप्लांट करने में सफलता हासिल की। डॉ.प्रशांत कुमार यूरोलॉजी केयर क्लिनिक के अलावा राजधानी रांची के लगभग दर्जनभर अस्पतालों में कंसलटेंट यूरोलॉजिस्ट के रूप में भी अपनी सेवाएं देते हैं। यूरोलॉजी केयर क्लीनिक में उपलब्ध विश्वस्तरीय अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों के माध्यम से लेजर सर्जरी में उन्हें महारत हासिल है। कम उम्र में ही उन्होंने किडनी रोग से ग्रसित मरीजों के इलाज में लेजर सर्जरी के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। डॉ.प्रशांत कुमार राजधानी स्थित सैंफर्ड अस्पताल में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। फिलवक्त अंजुमन इस्लामिया अस्पताल, रांची सदर अस्पताल सहित अन्य अस्पतालों में कंसलटेंट यूरोलॉजिस्ट के रूप में उनकी सेवाएं ली जाती है। जनता के प्रति अपने संदेश में डॉ.प्रशांत कुमार कहते हैं कि तनावरहित जीवनशैली हमें स्वस्थ रखने में काफी सहायक होती है। संतुलित खानपान, यथासंभव शारीरिक व्यायाम, तनाव रहित दिनचर्या से हम सेहतमंद रह सकते हैं, रोगों से दूर रह सकते हैं।

## भाजपा विधायक दल की बैठक, 1932 आधारित स्थानीयता नीति पर सरकार कर रही छलावा : बिरंची



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र को लेकर भाजपा ने सरकार को घेरने की तैयारी की है। विधायक दल की बैठक के बाद भाजपा के मुख्य सचेतक बिरंची नारायण ने कहा कि 1932 के खतियान आधारित स्थानीयता नीति और पिछड़ा आरक्षण पर सरकार छलावा कर रही है। बिरंची ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार को सीधे संकल्प लाकर इन नीतियों को लागू करना चाहिए था।वहीं भाजपा विधायक दल की बैठक में रणनीति बनी कि दोनों मुद्दों पर चर्चा के लिए पार्टी विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी को सदन में बोलने की इजाजत मिलनी चाहिए, इस संबंध में भाजपा स्पीकर से मांग करेगी। गुरुवार को पार्टी कार्यालय में करीब तीन घंटे विधायक दल की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद दीपक प्रकाश ने की। बैठक में नेता विधायक दल एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, नवीन जायसवाल, जेपी पटेल, अपर्णा सेन गुप्ता, अमर बाउरी, रामचंद्र चंद्रवंशी, नीरा यादव, अनंत ओझा, रणधीर सिंह, भानु प्रताप शाही, आलोक चौरसिया, केदार हजार, पुष्पा देवी, नारायण दास, किशुन दास, अमित मंडल, समरी लाल, कोचे मुंडा, बिरंची नारायण ,शशिभूषण मेहता, राज सिन्हा, मनीष जायसवाल उपस्थित थे।

बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए पार्टी के मुख्य सचेतक विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि प्रदेश भाजपा प्रदेश की जनता के जनभावनाओं के साथ खड़ी है। लेकिन सरकार की मंशा साफ नही है। नारायण ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा यदि साफ रहती तो फिर यह सरकार सीधे संकल्प लेकर 1932 की स्थानीय नीति और नियोजन नीति लागू कर देती। लेकिन हेमंत सरकार इसे केवल उलझाना चाहती है।

> जनता को दिग्भ्रमित करना बंद करे, संकल्प लाकर 1932 का खतियान व पिछड़ा आरक्षण लागू करे हेमंत सरकार।

## न्यूज गैलरी

### गुमला जिलाध्यक्ष रोशन बरवा के शादी समारोह में शामिल हुए विधायक



सिमडेगा। विधायक भूषण बाड़ा बुधवार की देर रात अपनी धर्मपत्नी जोसिमा खाखा के साथ कांग्रेस के गुमला जिलाध्यक्ष रोशन बरवा के शादी समारोह में शामिल हुए। साथ ही नवदम्पति के उज्जवल व सुखी गृहस्थ जीवन की कामना करते हुए वर एवं बधू को आशीर्वाद दिया है। इधर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रदीप बलमुचु, पूर्व विधायक सुखदेव भगत, शिव कुमार भगत, रणधीर रंजन, अजित लकड़ा, शिशिर मिंज, सिलबेस्टर बाघवार, तिलका रमण, संदीत तिग्गा, लीला नाग, प्रतिमा कूजुर, शोषण खेस, निमरोध एक्का, बन्नू, सागर, सोनल, विकास गुप्ता, बसंत गुप्ता, भुनेश्वर राम, रोहित एक्का, विनय लकड़ा, सत्यनारायण केसरी, विजय ठाकुर, भूषण सिंह, संतोष गुप्ता उर्फ गुड्डू, सेम सुरीन, जयंत सहित कई लोगों ने भी उपस्थित होकर नवदम्पति को बधाई एवं आशीर्वाद दिया।

### छापेमारी कर बिजली चोरी करने पर पांच लोगों विरूद्ध एफआईआर दर्ज

**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड मुख्यालय में बिजली विभाग ने छापा मारा,लोगों में मची हड़कम्प ।इस मौके पर बताया गया कि गुप्त सूचना के आधार पर बिजली विभाग को जानकारी मिली थी कि कुछ लोग अवैध रूप से कनेक्शन लेकर बिजली का उपयोग कर रहे हैं ।इस पर करवाई करते हुए बिजली विभाग के एक टीम ने बोलबा पहुंचकर कई घरों में छपामारी किया । जिसमें पाँच लोगों को अवैध रूप से कनेक्शन लेकर बिजली का उपयोग करते हुए पाया गया । जिसमें बिरेस साहू, गौतम सिंह, बिनोद बड़ाईक, सूरसेन टेटे एवं भोलानाथ सेनापति का नाम शामिल है । इन लोगों के खिलाफ बोलबा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया गया है । इस मौके पर सहायक अभियंता, कनीय अभियन्ता एवं बिजली विभाग के कर्मी मौजूद थे ।

### बेडों में भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिया धरना



**बेड़ो।** भाजपा के द्वारा पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत भ्रष्टाचार के खिलाफ गुरुवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में नरकोपी व बेड़ो मंडल के तत्वावधान में एक दिवसीय धरना सह प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। भाजपा के द्वारा धरना प्रदर्शन कर सरकार को जगाने का काम किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में उपस्थित रांची जिला ग्रामीण प्रभारी विनोद सिंह कार्यक्रम के प्रभारी अनिल टाइगर और दोनों मंडल के प्रभारी राजीव रंजन अधिकारी, मांडर विधानसभा सांसद प्रतिनिधि राकेश भगत, एसटी मोर्चा रांची ग्रामीण महामंत्री नीरज कुजुर, उपाध्यक्ष भीखा उरांव जिला परिषद पूर्वी पार्वती कुमारी, मंडल अध्यक्ष, सुखदेव कच्छप, महामंत्री बलराम सिंह, आनंद साहू, राजेश साहू, सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार रॉय, सत्य प्रकाश लाल युवा मोर्चा अध्यक्ष कमलेश लाल, महामंत्री संदीप साहू, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष कैलाश महतो, खुखरा पंचायत के मुखिया जतरू उरांव, अरुण प्रसाद गुप्ता निधि गुप्ता, मोती गुप्ता, आशीष महतो, प्रकाश साहू, धनेश्वर राम, अकाश रक्षित, दिलीप केरकेट्टा, सुखदेव उरांव, मनोज साहू, लाल नवल किशोर नाथ शाहदेव आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### तीन अपराधियों ने रातू के आमटांड मार्ग पर कबाड़ी वालों से रुपये व मोबाईल की लूट की घटना को दिया अंजाम

**रातू।** थाना क्षेत्र के आमटांड रोड पर गुरुवार की दोपहर एक काले रंग की पल्सर बाईक में सवार तीन अपराधियो ने दो युवकों से रुपये व मोबाईल लूट कर फरार हो गये। जानकारी के मुताबिक ठेले में कबाड़ी लेने वाले दो युवक ठेला लेकर अपना घर लौट रहे थे। इसी उपरान्त संडे मार्किट की ओर पल्सर बाइक में सवार तीन अपराधियो ने दोनो को आगे से रोक लिया व डरा धमकाकर युवक सुजीत कुमार से 10 हजार रुपया व विवो का एक मोबाइल व वही दूसरा युवक बोध कुमार से 2 हजार रुपया व रेडमी का एक मोबाईल लूटकर फरार हो गये। भुक्तभोगी दोनो युवक बिहार सीतामढ़ी के रूनी सैपुर के रहने वाले है। संडे मार्किट में किराये के मकान में रहकर ठेले से कबाड़ी लेने का काम करते है। मामले को लेकर भुक्तभोगियों ने अज्ञात अपराधियो के खिलाफ रातू थाने में प्राथमिक दर्ज करायी है। पुलिस आस पास में लगे सीसीटीवी फुटेज के जरिये अपराधियो की पहचान में जुट गई है।

### मुरी ओपी पुलिस ने बीती रात एक चोर को किया गिरफ्तार

**मुरी।** मुरी आरपीएफ बैरक में बीती रात बड़ा मुरी निवासी पिता स्वर्गीय शेख अलीम के पुत्र मोहम्मद टिंकू उम्र 35 वर्ष के द्वारा चोरी करने का प्रयास किया गया। जानकारी के अनुसार मोहम्मद टिंकू ने बुधवार की रात्रि मुरी आरपीएफ बैरक से मोबाइल एवं शिव मंदिर से घाघर, थाली, पीतल के बने हुए नाग आदि सामानों का चोरी कर भाग निकला और भागकर छोटा मुरी बाजार पहुंचा जहां बाजार के समीप एक कोने में मछली पेटी में मछली चोरी कर रहा था। उस दौरान आरपीएफ का मोबाइल चोरी हुआ था वह अपना फोन खोजबीन शुरू किया। खोजबीन के दौरान फोन नहीं पाया तो मुरी ओपी प्रशासन को रात्रि में ही सूचना दिया सूचना मिलते ही मुरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार दल बल के साथ आरपीएफ बैरक पहुंचे जहां मोबाइल ट्रेसिग के दौरान पता चला कि वह बाजार में है उसे देखते हुए वहां पर ओपी प्रभारी दल बल के साथ पहुंचकर चोर को धर दबोचा। प्रभारी बबलू कुमार ने बताया कि अभी छानबीन किया जा रहा है जल्द से जल्द इसके साथ और कई साथी भी पकड़े जाएंगे। वही मुरी बाजार में भी राशन दुकान का चोर के द्वारा ताला तोड़ने का प्रयास किया गया। मगर सफलता नहीं मिल पाई।

### प्रसिद्ध नगाड़ा टोंगरी में जतरा महोत्सव संपन्न, बोले चरकू साहु

# रीति-रिवाज के संरक्षण के लिए पूर्वजों के धरोहर को सहेजने और भावी पीढ़ी को सौंपने की जरूरत



**नवीन मेल संवाददाता**

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के डाड़हा बिरमकेल स्थित नगाड़ा टोंगरी में कार्तिक पूर्णिमा सह सोहराई जतरा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी चरकू साहु ने कहा कि जतरा मेला हमारी संस्कृति और पूर्वजों की दी हुई धरोहर है। हमें अपनी परंपरा संस्कृति और रीति रिवाज को बचाए रखने के लिए पूर्वजों के धरोहर को सहेजने और भावी पीढ़ी को सौंपने की जरूरत है। नगाड़ा टोंगरी में जतरा महोत्सव के दौरान रंगारंग नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मांडर विधान सभा क्षेत्र के युवा नेता सन्नी टोपो के प्रतिनिधि के रूप में समाजसेवी चरकू साहु ने फीता काट कर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस मौके पर पवन साहु, संदीप साहु, फलिन्द्र हजाम, सहित आयोजन समिति के अध्यक्ष सुभाष मुंडा, उपाध्यक्ष जितेंद्र पाल सिंह, सचिव बबलु गोप, कोषाध्यक्ष कलेश्वर गोप, उप सचिव बुधनाथ मुंडा, सदस्य के रूप में संजय उरांव, लालु लोहरा, कलेश्वर लोहरा, सोमरा उरांव, सुका मुंडा, घुरन मुंडा ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं कार्यक्रम के दौरान झारखंड के प्रसिद्ध लोक कलाकार कयुम अब्बास, वीरकुंवर सिंह, सोनी कुमारी ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को बांधे रखा। इस दौरान पारंपरिक रूप से मुर्गा लड़ाई, खिलौने की दुकान, ईख की बिक्री सहित अन्य चीजें आकर्षण का केंद्र बनी रही।

# सवारी गाड़ी के पलटने से 15 महिलाएं और किशोरियां घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**लापुंग।** लापुंग थाना क्षेत्र के जातालोया और लापुंग के सीमावर्ती चटकपुर मोड़ के पास एक सवारी गाड़ी के पलटने से महिलाएं और बच्चों समेत 15 लोग घायल हो गए। सभी लोग सवारी गाड़ी में सवार होकर बडागाई से डाड़हा बिरमकेल के नगाड़ा टोंगरी के कार्तिक पूर्णिमा महोत्सव सह जतरा कार्यक्रम में हिस्सा लेने नगडा.टोंगरी जा रहे थे। तभी तेज रफ्तार में होने के कारण मोड में असंतुलित होकर सड़क पर ही पलट गई। जिसके कारण सवारी गाड़ी में सवार यात्री घायल हो गए। घायलों में 25 वर्षीया मंजू खलखो 22 वर्षीया दीपिका बारला तथा 12 वर्षीया किसान लकड़ा को अधिक चोटें आई हैं जबकि 10 वर्षीया करिश्मा कुजूर, 10 वर्षीया रीना कुजूर, 13 वर्षीया विनिता कुजूर, 12 वर्षीया रजनी कुजूर, 16 वर्षीया मीना कुजूर, 08 वर्षीया सरस्वती कुजूर, 10 वर्षीया मनीष कुजूर, 12 वर्षीया अजीत कुजूर, 14 वर्षीया पूनम तिर्की, 23 वर्षीया मंजू खलखो, 12 वर्षीया उर्मिला लकड़ा, 12 वर्षीया पुनिया कुमारी, 22 वर्षीया आरती कठवार शामिल हैं। घायलों में सबसे अधिक 25 वर्षीया मंजू खलखो और 22 वर्षीया दिपिका बारला के सिर सहित शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोटें आई हैं वहीं 12 वर्षीया किसान लकड़ा के दोनों पैरों में चोटें आई हैं। जबकि अन्य घायलों को मामूली चोटें आई हैं। सभी घायलों को लापुंग प्रखंड कांग्रेस के सचिव सुखु लोहरा ने एंबुलेंस बुलाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाएं और घायलों का इलाज कराया। घटना की सूचना मिलते ही लापुंग पुलिस भी घटनास्थल पहुंची। चालक कोचेया टोली निवासी बिरसा मुंडा गाड़ी पलटने के बाद भाग निकला।

# धोवाटीकरा के किसानों से मिले विधायक सुदेश महतो, मुआवजा राशि देने का निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड के धोवाटिकरा गांव में विधायक सुदेश कुमार महतो उन किसानों से मिले जिनके पिछले दिनों से वज्रपात से मवेशियों की मौत हो गई थी। उन्होंने किसानों से घटना की जानकारी लेते हुए विभाग के अधिकारियों से शीघ्र ही किसानों को मुआवजा देने का निर्देश दिया। विभाग के अधिकारियों ने आश्वस्त किया है कि 1 सप्ताह के अंदर किसानों को मुआवजा दे दिया जाएगा। ज्ञात हो कि पिछले महीने वज्रपात से गांव के 6 किसानों का आधा दर्जन मवेशी की मौत हो गई थी। विभाग की ओर से मुआवजा नहीं मिलने से किसान काफी परेशान थे। किसानों में सोनाराम महतों के दो मवेशी शंभू महतो के दो सोमरा महतो के एक एवं परेश महतो का एक मवेसी की मौत हुई थी। इनके अलावा ग्रामीणों ने कई समस्याओं से विधायक से अवगत कराते हुए सिंचाई के लिए पास में ही बने चेक डैम से खेतों तक पानी पहुंचाने को लेकर सुविधा उपलब्ध कराने तथा गांव में पीसीसी पथ का निर्माण का आग्रह किया। विधायक ने इन समस्याओं पर जल्द से जल्द पहल करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर सुनील कुमार महतो, धनंजय महतो, नटवर महतो, महिला समिति के सदस्य समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### पूर्व मंत्री विमला प्रधान के पति दिलीप कुमार प्रधान के निधन, बोले केंद्रीय मंत्री

# स्व. प्रधान के निधन से गोंड समाज ने एक मार्गदर्शक खो दिया



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री व सिमडेगा विधानसभा के पूर्व विधायक विमला प्रधान के पति सह गोंड आदिवासी महासभा झारखंड प्रदेश के मुख्य संरक्षक एवं सेवानिवृत्त जेल सुपरीटेंडेंट दिलीप कुमार प्रधान के निधन पर जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने शोक जताया है। शोक जताते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा की स्व. प्रधान के निधन से गोंड समाज ने अपना एक मार्गदर्शक और गार्जियन खो दिया है स्व.प्रधान नौकरी से सेवानिवृत्त के बाद हमेशा समाज हित के लिए आगे रहते थे एवं सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते थे, उनके निधन पर समाज को एक बड़ी क्षति हुई ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें उनकी पत्नी एवं परिजनों को संबल दे, एवं श्री चरणों में स्थान दें। साथ ही सिमडेगा जिला भाजपा के जिलाध्यक्ष सांसद प्रतिनिधि सभी पदाधिकारी सभी मोर्चा सभी मंडल अध्यक्ष सहित सभी कार्यकताओं ने दिलीप कुमार प्रधान के निधन पर गहरा शोक जताते हुए संवेदना व्यक्त कर ईश्वर से श्री चरणों में स्थान देने की प्रार्थना की है।

### अच्छे प्रशासनिक अधिकारी के साथ-साथ सच्चे समाज सेवक थे स्व. दिलीप

गौरतलब हो स्व.दिलीप कुमार प्रधान अच्छे प्रशासनिक अधिकारी के साथ साथ एक सच्चे समाज सेवक थे ।उनका लगाव समाज के प्रति इतना था कि सरकारी नौकरी करते हुए गोंड छात्र संघ का गठन 1974 में ही ककर लिए थे। उन्होने समाज को शिक्षित ,और योग्य बनाने के लिए गांव-गांव घुमकर पढाई पर जोर देने के लिए कहते थे। वे रांची शाखा बुध्दिजीवी मंच के अध्यक्ष भी थे। गोंड महासभा महासचिव और बाद में 2012 से 2019 तक झारखंड प्रदेश गोंड आदिवासी महासभा के अध्यक्ष रहे। उनके ही जोर से झारखंड प्रदेश गोंड आदिवासी महासभा और गोंड महिला संघ का निबंधन हुआ है। वे कानून के अच्छे जानकार भी थे। जब वे केन्द्रीय कारा अधीक्षक थे तो बडे.से बडे.पदाथिकारियों को लोहा मनवा देते थे। वर्तमान में वे झारखंड प्रदेश गोंड आदिवासी महासभा के मुख्य संरक्षक थे। उनका अंतिम संस्कार आज पालामाड़ा नदी में आज सुबह 9 बजे किया जाएगा। इधर विधायक भूषण बाड़ा अपनी धर्मपत्नी सह जिला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा के साथ रांची करम टोली स्थित पूर्व विधायक विमला प्रधान के आवास पहुंचे। साथ ही पूर्व विधायक के पति दिलीप प्रधान जी के शव को कफन ओढ़ाते हुए गहरी शोक संवेदना ब्यक्त की। साथ ही दिवंगत के मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्राथना की।

### प्रवेश द्वार व सड़क निर्माण का उद्घाटन समारोह में बोले रघुवर दास

# खनिज संपदा का सबसे धनी प्रदेश हैं झारखंड



**बुंडू।** झारखंड प्रदेश खनिज संपदा का सबसे धनी प्रदेश है. मेरे शासनकाल में सभी वर्गों के साथ न्याय विकास शांति सद्भावना युवाओं को रोजगार के अवसर मिला लेकिन जेएमएम की सरकार बनते ही प्रदेश की जनता बदहाल में है। उक्त बातें पूर्व मुख्यमंत्री भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने कही। वह बुंडू प्रखंड के तूजू गांव में चार दिवसीय अखंड महायज्ञ और समाजसेवी नेपाल दास द्वारा निजी फंड से गांव के प्रवेश द्वार एवं सड़क निर्माण का उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने आगे कहा प्रदेश के चारों ओर भ्रष्टाचार का बोलबाला है। कर्मचारी अधिकारी बेलगाम है। प्रदेश की जनता धर्म और कर्म करने वाले भाजपा सरकार को चाहती है। गायत्री महायज्ञ के बारे बोलते हो उन्होंने कहा भारत धर्म परायण अध्यात्मिक देश है। गायत्री मंत्र मन की शांति मिलती है। इस तरह के कार्यक्रम से गांव प्रदेश और देश में शांति समृद्धि होती है। उन्होंने आगे कहा मेरे 5 वर्ष के शासन में राज्य की जनता अमन चैन में थे। सड़क बिजली विकास कार्यों के अलावा रोजगार के क्षेत्र में व्यापक रूप से कार्य हुआ था। पलायन पर रोक लगी थी। मौके पर राष्ट्रीय पुस्तकालय सलाहकार समिति के सदस्य भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ राजाराम महतो ने कहा रघुवर दास के शासन में प्रदेश में की जनता में खुशहाली की चेहरा झलकती थी, लेकिन वर्तमान समय हेमंत सरकार के राज में जन विरोधी कार्य और अधर्म के कार्य हो रहे हैंद्ध उन्होंने तूजो गांव के प्रशंसा करते हुए कहा गायत्री महायज्ञ के आयोजन से गांव में नशा पान, दुराचारी का भाव दूर होता है .प्रत्येक गांव में इस तरह का धार्मिक कार्यक्रम कर राज्य समृद्धि के दिशा में लोगों को कार्य करना चाहिए। मौके पर उत्तर प्रदेश शांतिकुंज से आए सभी महात्माओं का रघुवर दास के द्वारा फूल माला पहना कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बुंडू नगर पंचायत के अध्यक्ष राजेश उरांव ,पूर्व प्राचार्य लोहरा महतो ,कपिल महतो, लक्ष्मण सिंह मुंडा, चौधरी महतो, दिलेश्वर कोइरी, सिंग राय दास, धीरज कुमार महतो, चितरंजन महतो ,मनोज कुमार ,प्रोफेसर भूतनाथ प्रमाणिक ,महिंद्र प्रसाद ,शंभू नाथ सिंह मुंडा, साधु दास , कमलाकांत महतो के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद थे।

### शौण्डिक जागरण मंच के अध्यक्ष को पितृ शोक

**सिल्ली।** शौंण्डिक जागरण मंच सिल्ली के अध्यक्ष व अरुणुमा माडर्न पब्लिक स्कूल सिल्ली के प्राचार्य राधेश्याम साहु के पिता गुरुचरण साहु (95) का बुधवार को आकस्मिक निधन हो गया। समाज के कामों में उनकी गहरी रूचि थी। वे आसपास के समाजसेवी के रूप में जाने जाते थे। उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव शोशो स्थित राढू नदी के सिंधु घाट मुक्ती थाम में किया गया।अंतिम संस्कार मे उनके चारों पुत्र एवं परिजन एवं आसपास के गणमान्य लोग मौजूद थे। उनके निधन पर सोनिक जागरण मंच के पदाधिकारी, सदस्य एवं अरुणिमा मॉडर्न पब्लिक स्कूल के सभी शिक्षकों कर्मियों ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

### चलती बाइक से गिरे मां-पुत्र

# सड़क पर गिरी महिला को अज्ञात ट्रक ने कुचला, मौत





**नवीन मेल संवाददाता**

**बेड़ो।** एनएच 23 रांची गुमला मुख्य मार्ग में बेड़ो थाना क्षेत्र के असरो मोड़ के समीप गुरुवार की दोपहर 3 बजे लगभग एक माह वाहक ट्रक की चपेट में आने से एक महिला की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि उसके गोद में रहे डेढ़ वर्षीय पुत्र भी गंभीर रूप से घायल हो गया।मृतक महिला की पहचान गुमला जिले के करंज थाना क्षेत्र के सरगांव पतराटोली (भरनो) गांव निवासी राजकुमार उरांव की 28 वर्षीय पत्नी झिबी उरांव के रुप मे हुई है जबकि घायल बच्चा मृतक महिला का ढेड़ वर्षीय पुत्र रूपेश उरांव है। पुलिस सूत्रों के अनुसार अनुसार भरनो प्रखंड के करंज थाना क्षेत्र के सरगांव पतराटोली गांव निवासी राजकुमार उरांव, उसकी पत्नी झिबी उरांव,भाई पायां उरांव और डेढ़ वर्षीय पुत्र रुपेश उरांव आधार कार्ड बनवाने के लिए एक ही बाइक में सवार होकर बेड़ो आए थे। उसके बाद वही लापुंग थाना क्षेत्र के ही शाहेदा गांव में राजकुमार उरांव का ससुराल होने के कारण अपना ससुराल भी चले गए। फिर वही से एक बाइक में सवार होकर राजकुमार,उसकी पत्नी,उसका भाई और उसका बेटा वापस बेड़ो होते हुए भरनो लौटने लगे। इस क्रम में बेड़ो थाना क्षेत्र के असरो मोड़ के समीप महिला चलती बाइक से सड़क पर गिर गई महिला की गोद में उसका डेढ़ वर्षीय पुत्र भी था,वही तेज गति से पीछे से आ रहे एक मालवाहक ट्रक ने महिला को कुचलते हुए ट्रक को भगाते हुए भरनो थाना के समीप ट्रक छोड़कर ड्राइवर फरार हो गया,इस दुर्घटना में महिला की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि उसका डेढ़ वर्षीय पुत्र रूपेश गंभीर रूप से घायल हो गया, जिससे उसके चाचा पाया उरांव ने वहां उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरनो पहुंचाया,जहां डॉक्टरों ने उसकी प्राथमिक उपचार कर उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया। इधर दुर्घटना की सूचना मिलने पर बेड़ो थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता सदल बल घटनास्थल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में कर थाने ले गए तथा भरनो थाना के पास दुर्घटनाग्रस्त ट्रक खड़ी थी जिसे भी उन्होंने अपने कब्जे में कर लिया। घटना के बाद सरगांव पतरा टोली में शोक की लहर दौड़ गई है।

### बुटिक्स ऑफ इंडिया प्रदर्शनी के 18वें संस्करण का हुआ शुभारंभ

# ग्राहक विभिन्न प्रकार के उत्पादों से अपनी जरूरतों को पूरा कर सकते हैं: सीईओ संजय अग्रवाल



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** दो दिवसीय बुटिक्स ऑफ इंडिया प्रदर्शनी के 18वें संस्करण का उद्धघाटन गुरुवार को रांची के होटल चाणक्य बीएनआर में किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्धघाटन मुख्य अतिथि अम्बा प्रसाद (विधायक, बरकागांव, हजारीबाग), विशिष्ट अतिथि निकिता साबू (एरिया 16 चेयरपर्सन लेडीज सर्किल इंडिया) व बुटिक्स ऑफ इंडिया के संस्थापक एवं सीईओ संजय अग्रवाल द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दो दिवसीय प्रदर्शनी में 40 स्टॉल लगाए गए हैं, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों के डिजाइनर ज्वेलरी, कपड़े, घरेलू सजावट उत्पाद, फुटवेयर्स आदि ग्राहकों के लिए उपलब्ध हैं। इस अवसर पर उपस्थित बुटिक्स ऑफ इंडिया के संस्थापक एवं सीईओ संजय अग्रवाल ने बताया कि हम ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इस प्रदर्शनी को यहाँ लेकर आए हैं जिसमें हमारा सहयोग रांची समरिटन्स लेडीज सर्किल 169 कर रहा है। यहाँ ग्राहक विभिन्न प्रकार के उत्पादों से अपनी जरूरतों को पूरा कर सकते हैं। फैशन में स्थानीय पसंद को ध्यान में रखते हुए देश भर से ब्रांडों को चुनते हुए पूरे देश से प्रीमियम ब्रांडो को इस प्रदर्शनी के लिए चयनित किया गया है। बुटिक्स ऑफ इंडिया इस दो दिवसीय प्रदर्शनी में विशेष रूप से अपने क्यू रेटेड शो को पेश करने जा रहा है जिसमें फैशन, ब्राइडल वियर, होम डेकोर, हैंडलूम,ज्वैलरी, एक्सेसरीज, किड्स वियर के साथ मेन्स वियर शामिल है। यह प्रदर्शनी सभी ग्राहकों के लिए निःशुल्क प्रवेश के साथ सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक खुला रहेगा। संजय अग्रवाल ने कहा कि बीओआई न केवल खरीदारी करने का स्थान है, बल्कि यह कई छोटे नवोदित उद्यमी लोगों के लिए एक व्यापार मंच भी है, जो जीवन में कुछ बड़ा करने का सपना देखते हैं। उन्होंने कहा कि इस दो दिवसीय कार्यक्रम में सभी लोगों का प्रवेश निःशुल्क होगा और यह सभी के लिए खुला रहेगा।

# न्यूज गैलरी

## महिला सदस्यों के साथ जागरूकता कार्यक्रम



**कोडरमा।** उपायुक्त के निर्देशानुसार चंदवारा प्रखंड अंतर्गत बीसोडीह पंचायत भवन में बाल श्रम, बाल विवाह, बाल शोषण, भ्रूण हत्या एवं लिंग परीक्षण की रोकथाम हेतु जिला बाल संरक्षण इकाई कोडरमा द्वारा जेएसएलपीएस के सक्रिय महिला सदस्यों के साथ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जिला बाल संरक्षण इकाई कोडरमा के कर्मी संतोष कुमार द्वारा बाल श्रम, बाल विवाह, बाल शोषण, लिंग जांच एवं भ्रूण हत्या के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया तथा इस प्रकार की सामाजिक कुरीतियों को रोकने संबंधी उपायों के बारे में बतलाया गया। कार्यक्रम में मणिपाल हेल्थ मैप डायग्नोसिस अल्ट्रासाउंड कोडरमा के प्रतिनिधि व महिला सदस्य उपस्थित रही।

## आठ दिवसीय नि:शुल्क योग शिविर का किया गया शुभारंभ



**बरकट्ठा।** प्रखंड के ग्राम शिलाडीह स्थित काली मंडा परिसर में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के द्वारा गुरुवार से निशुल्क योग शिविर का शुभारंभ किया गया ।वहीं योग शिक्षक महेंद्र प्रसाद,रविंद्र पांडेय,पंसस प्रतिनिधि राजकुमार गिरी,पूर्व पंसस लोकनाथ राणा,वार्ड सदस्य संदीप साव, दीपक पांडेय के द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में दर्जनों की संख्या में आसपास के ग्रामीण उपस्थित हुए तथा योगाभ्यास किया ।योग शिक्षक महेंद्र प्रसाद ने कहा कि काली मंडा के प्रांगण में 10 नवंबर से 17 नवंबर तक सुबह 5:30 बजे प्रतिदिन योगाभ्यास कराई जाएगी। उन्होंने योगाभ्यास के लाभ को बताते हुए कहा ,योग करने से मन में शांति, शारीरिक बल और मानसिक विकास होता है। इसलिए हर व्यक्ति को योगा शिविर में भाग लेकर योगा का लाभ लेना चाहिए।

## विधायक उमाशंकर अकेला ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**हजारीबाग।** हजारीबाग में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव के द्वारा किया गया। अनुमण्डल पदाधिकारी के द्वारा शिविर में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों से जानकारी लिया गया ।साथ ही 135 लाभुको के बीच कंबल वितरण किया गया। नीलांबर पीताम्बर जल समृद्धि योजना के तहत 02योजना का चयन किया गया। जेएसएलपीएस के द्वारा 23सखी मंडल के बीच 47,50,000 रुपया का सीसीएल ऋन को दिया गया। और बाल विकास परियोजना के तहत सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के अन्तर्गत 14 बच्चियों के बीच स्वीकृति पत्र के दिया गया और मनरेगा के तहत अर्जुन पंडित के जमीन पर डोभा निर्माण का स्वीकृति पत्र दिया गया जिसकी प्राक्कलित राशि 495000 रूपया है।

## एक महीने बाद झासुगोडा से बरामद हुआ करियातपुर की अपहृत नाबालिग



**बरही।** प्रखंड के करियातपुर से अपहृत सीताराम केसरी की नाबालिग बच्ची बुधवार को उड़ीसा के झासुगोडा से बरामद किया गया। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पुलिस निरीक्षक ललित कुमार ने बताया कि पुअनि मनीषा टोप्पो, सअनि ओम प्रकाश तथा थाना की रिजर्व पुलिस की संयुक्त छापेमारी में नाबालिग को करियारपुर के ही अभिषेक जायसवाल पिता स्व प्रदीप जायसवाल (करियातपुर, बरही) के साथ उड़ीसा के झासुगोडा से बरामद किया गया। युवक को आईपीसी की धारा 8/12 लैंगिक अपराधो के सरक्षण अधिनियम के अंतर्गत दर्ज प्राथमिकी के आरोप में जेल भेजा दिया गया है। वहीं पीड़िता को 164 के बयान दर्ज कराने व चिकित्सीय जांच हेतु न्यायालय भेजा गया। विदित हो कि पिछले 8 अक्टूबर को पीड़िता का करियातपुर से अपहरण किया गया था। मामले में पिता के पिता ने उक्त युवक सहित मां आशा देवी एवं बहन प्रियंका कुमारी पर अपहरण में सहयोग देने हेतु प्रथिमिकी दर्ज करवाई गई थी। नाबालिग की बरामदगी को लेकर केसरवानी समाज व जनप्रतिनिधियो के द्वारा एसडीपीओ से मुलाकात कर आरोपी की शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की गई थी। जिसे लेकर पुलिस के द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही थी।

## अस्पताल में भर्ती पंचायत समिति सदस्य से मिलने पहुंचे केंद्रीय अध्यक्ष



**बरही।** तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अरुण साहू चौपारण प्रखंड के ढूठी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य की बीमारी की सूचना मिलते ही उनसे मिलने अग्रवाल नर्सिंग होम पहुंचे। विदित हों की पंसस को पेट में दर्द की शिकायत थी, जिसे लेकर उन्हें नर्सिंग होम में भर्ती किया गया था। केंद्रीय अध्यक्ष ने चिकित्सक से मिलकर पूरी जानकारी ली। चिकित्सक के द्वारा दर्द का मुख्य करना हर्निया बताया गया है। अध्यक्ष ने मौके पर मौजूद पंसस के पति जनार्दन सिंह से मुलाकात कर उनकी पत्नी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना किया। उन्होंने आश्वस्त किया कि तिलेश्वर साहू सेना उनके सुख दुख में सहयोग निभाने के लिए तत्पर है। केंद्रीय अध्यक्ष के साथ यशवंत पांडे, प्रेम सिंह और लाल बहादुर साहू आदि भी मौजूद थे।

## आलू खेत पटाने को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट, एक रेफर

**बरही।** आलू खेत पटाने को लेकर उभरे विवाद में कोनरा पंचायत के गिलान निवासी सुरेश रविदास व उनकी पत्नी भोली देवी तथा विक्की रविदास पिता लालधारी रविदास के बीच मार पीट का मामला सामने आया है। इस मारपीट तीनो जख्मी हुए है। जिन का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल बरही में किया गया। इस मार पीट में गंभीर रूप से जख्मी सुरेश रविदास को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया है।

---

मांडू प्रखंड के लइयो उत्तरी पंचायत में आयोजित शिविर का उपायुक्त ने किया शुभारंभ

# ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के संबंध में दिए निर्देश

**आप की योजना- आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिले के विभिन्न प्रखंडों में शिविर का आयोजन**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम 2022 का आयोजन दो चरणों पहला 12 से 22 अक्टूबर एवं दूसरा 1 से 14 नवंबर तक जिले के सभी पंचायतों में किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरूवार को नगर परिषद के वार्ड नंबर 25 (पंचायत भवन तेलियातु) एवं वार्ड नंबर 26(कैथा फुटबॉल ग्राउंड), मांडू- लाइयो उतरी (रा म विद्यालय) एवं लाइयो दक्षिणी (पंचायत भवन) पतरातू बलकुदरा (बलकुदरा पंचायत भवन) एवं चिकोर (चीकोर पंचायत भवन), गोला सरगडीह ($2 उच्च विद्यालय, सरगडीह) सेवई उतरी(पंचायत सचिवालय सेवई उतरी) दुलमी पोटमदगा (प्राथमिक विद्यालय, बगरई) में जिला स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान मांडू प्रखंड के लइयो उत्तरी पंचायत में आयोजित शिविर का उपायुक्त माधवी मिश्रा ने शुभारंभ किया। शिविर के दौरान उपायुक्त माधवी मिश्रा ने राज्य सरकार द्वारा आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के आयोजन के उद्देश्यों के प्रति सभी को जानकारी दी। उपायुक्त ने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत लोगों को जानकारी देते हुए कहा कि कई बार परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण बच्चियों को अपनी पढ़ाई पूरी करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने इस योजना के तहत बच्चियों को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया है। साथ ही उपायुक्त ने सभी को मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना के संबंध में भी आवश्यक जानकारी दी।



वहीं उपायुक्त ने सर्वजन पेंशन योजना, निराश्रित पेंशन योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना पर जोर देते हुए ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ लेने के प्रति जागरूक किया साथ ही उपायुक्त ने सभी से कहा कि शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाए गए हैं सभी ग्रामीण स्टालों पर जाकर सरकार की योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें एवं उन्हें किसी प्रकार की कोई समस्या है तो वे संबंधित पदाधिकारी से जानकारी लेकर अपनी दुविधाओं को दूर कर लें। शिविर के दौरान उपायुक्त ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण कर प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया। शिविर के दौरान उपायुक्त द्वारा विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र एवं परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। मांडू में आयोजित शिविर के दौरान जनप्रतिनिधियों, जिला नियोजन पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे । वहीं जिले के अन्य प्रखंडों में आयोजित जिला स्तरीय शिविर में जनप्रतिनिधी, जिला स्तर से प्रतिनियुक्त पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार को लेकर नुक्कड़ नाटक

**कोडरमा।** सूचना व जनसंपर्क विभाग कोडरमा द्वारा आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में वृहद रुप से प्रचार-प्रसार कर सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं के प्रति आमजनों को जागरुक किया जा रहा है। इस कड़ी में जिले के चिन्हित प्रखंड के पंचायतो में लगाये गये शिविर में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं के बारे में बताया गया। डोमचांच प्रखंड के पुरनाडीह में आयोजित शिविर में भारतीय लोक कल्याण संस्थान, जयनगर प्रखंड के तेतरान में आयोजित शिविर में रुरल डेवलमेंट सोसाइटी के कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक कर सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं के प्रति आमजनों को जागरुक किया गया। कलाकारों द्वारा हरा राशान कार्ड, सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्री मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक, फूलो झानो आशीर्वाद अभियान, बिरसा हरित ग्राम योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सर्वजन पेशन योजना, इत्यादि योजनाओं के प्रति आमजनों को जागरुक किया गया।

## हक हमारा भी तो है पर आधारित विधिक जागरूकता शिविर

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देश के आलोक में राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर कोडरमा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में चलाये जा रहे विशेष अभियान हक हमारा भी तो है पर आधारित विधिक जागरूकता शिविर एवं विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन कोडरमा प्रखंड के इन्दरवा पंचायत भवन में किया गया। यह समस्त कार्यक्रम कोडरमा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार विरेन्द्र कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में चलाया जा रहा है। इन्दरवा पंचायत भवन में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिविल जज सीनियर डिविजन सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा अभिषेक प्रसाद ने कहा कि देश के सभी नागरिकों को अपने अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के बीच सामंजस्य स्थापित करते हुए अपने अपने दायित्वों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने का संकल्प आज के दिन लेना चाहिए। यही इस दिवस की सबसे बड़ी सार्थकता होगी। उन्होंने कहा कि किसी दिवस को बार-बार मनाने की प्रासंगिकता यह है कि हम उससे कुछ सीख लें। जिला परिषद् सदस्य लक्ष्मण यादव ने कहा कि सरकार द्वारा कई कल्याणकारी योजनाएं चलायी जा रही है जिसका लाभ आम नागरिकों को लेना चाहिए। जिला कृषि पदाधिकारी, सीडीपी कोडरमा सविता सिंह, भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विनीता एवं मुखिया उमा देवी ने आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत चलाये जा रहे कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। इसके पूर्व मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। मौके पर कई दिव्यांगो के बीच ट्राई साइकिल का वितरण किया गया, साथ ही कई लाभुको के बीच जॉबकार्ड पेंशन एवं कल्याणकारी योजनाओं से सम्बंधित स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया।

## जनता दरबार में 23 सखी मंडलों के बीच विधायक ने 47,50,000 रुपये का ऋण किया वितरित



**जयदीप कुमार सिन्हा**

**बरही।** गुरुवार को ग्राम पंचायत करियातापुर में आयोजित जनता दरबार में 135 कंबल वितरण सहित कुल 47 मामलो का तत्काल निष्पादन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि विधायक उमाशंकर अकेला ने 23 सखी मंडलों को जेएसएलपीएस प्रदत 23 सखी मंडलों के बीच 47,50,000 रुपए के सीसीएल ऋण वितरित किया। बाल विकास परियोजना के तहत सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजनातर्गत 14 बच्चियों को व निलांबर पीतांबर जल समृद्धि योजना के तहत दो योजनाओ हेतु स्वीकृति पत्र भी वितरित किया गया। इसके अलावा मनरेगा के तहत पंचायत के अर्जुन पंडित के जमीन पर 4,95,000 रुपए की लागत से बनने वाले डोभा हेतु स्वीकृति पत्र भी दिया गया। एसडीओ पूनम कुजूर ने शिविर में लगे विभिन्न स्टॉल का निरीक्षण कर कई आवश्यक जानकारी लिया। कार्यक्रम में जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, विस विधायक प्रतिनिधि छठु गोप, मुखिया मनोज कुमार, बीडीओ सी आर इंदिवर, बीपीओ, बीपीएम सहित प्रखंड सह अंचल कर्मी , कई जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद थे।

### शुक्रवार को धनवार पंचायत में लगेगा जनता दरबार ऑन स्पॉट मिलेगा जनता को उनका अधिकार



**बरही।** शुक्रवार को धनवार पंचायत में आयोजित होने वाली आपकी योजना, आपकी सरकार–आपके द्वार कार्यक्रम के संबंध में मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर पूरी तैयारियां की जा चुकी है। वार्ड सदस्यों के सहयोग से पंचायतवासियो को कार्यक्रम की जानकारी दिया जा चुका है। साथ ही निर्धारित समयावधि तक समस्याओं से संबधित दस्तावेज समर्पित करने की अपील भीं किया गया है। कार्यक्रम की सफलता हेतु पूरे पंचायत क्षेत्र में जोर शोर से प्रचार प्रसार किया गया है। उन्होंने लोगों से अपनी समस्याओं से संबधित सभी दस्तावेजो के साथ ही शिविर में आने की अपील किया है। शिविर के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा पेंशन, सावित्रीबाई फुले आशीर्वाद योजना, मनरेगा के तहत जॉब कार्ड, पशुधन योजना, राशन कार्ड अभी से संबंधित समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने लोगो से शिविर में अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर समस्याओं का समाधान करवाने की अपील भी किया है।

तेलियातू में नगर परिषद ने किया शिविर का आयोजन

## शिविर का उददेश्य जन कल्यालकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाना : मनोज कु. महतो

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 25 अंतर्गत तेलियातू पंचायत भवन में गुरूवार को नगर परिषद द्वारा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया, उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो उपस्थित हुए। शिविर का उदघाटन अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। वहीं, शिविर में आये लोगों की समस्याओं का तुरंत निष्पादन किया गया। मौके पर गांव के वृद्ध लोगों के बीच ठंड को देखते हुए कंबल का वितरण किया गया। लोगों को सम्बोधित करते हुए नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया ने बताया कि लोगों को योजनाओं का लाभ देने में नगर परिषद सफल हो रही है और जरूरतमंद अपने अधिकार के प्रति जागरूक भी हो रहे हैं। यह अभियान उन व्यक्तियों को समर्पित है जो योजनाओं के लाभ से वंचित रह गए हैं। जबकि उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो ने कहा कि जन कल्यालकारी योजनाओं का सीधा लाभ ग्रामीणों तक पहुंचाना ही शिविर का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि पहले लोग सरकारी कार्यालय का चक्कर लगाते लगाते थक जाते थे,पर अब वो बात नही। गांव में ही सरकारी अधिकारी पहुंच कर आपकी समस्या सुन रहे हैं और ऑन स्पॉट आपकी समस्याओं का निराकरण करने का कार्य कर रहे हैं। शिविर में लोगों को सीधे तौर पर लाभ मिल रहा है। लोगों को भी चाहिए कि वे आगे आकर शिविर का लाभ उठायें। हमारी सोच है कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को मिले जिससे क्षेत्र का हो समग्र विकास हो सके। मौके पर वार्ड पार्षद अखिलेश महतो, धर्मवीर महतो, उमेश महतो, संजय करमाली, सुरेंद्र मुंडा, विनोद विश्वकर्मा, राजेश महतो, सुरेश महतो, पंकज कुमार आदि उपस्थित थे।



## आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**कोडरमा।** जिले में आपकी योजना–आपकी सरकार–आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर गुरुवार को विभिन्न प्रखंडो के चयनित पंचायतों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत अंतर्गत डोमचांच प्रखंड के मसमोहना, कोडरमा प्रखंड के जरगा, जयनगर प्रखंड के रूपायडीह एवं नगर परिषद झुमरी तिलैया के वार्ड नं. 21 एवं 22 में आयोजन किया गया। साथ ही लोगों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ लेने के तरीकों से अवगत कराया गया ताकि अपनी आवश्यकतानुसार लोग योजना का लाभ प्राप्त कर सके। इसके अलावे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन कर शिकायतों का निष्पादन व आवेदन प्राप्त किए गए। इसके अलावे सभी पंचायतों में आयोजित कार्यक्रम के तहत योग्य लाभुकों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इस दौरान संबंधित नोडल अधिकारी, संबंधित प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, संबंधित पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य एवं पंचायत के अन्य गणमान्य तथा प्रबुद्ध जन उपस्थित थे।

## एसी व एसटी एक्ट के फरार अभियुक्तों के खिलाफ विभिन्न स्थानों पर चिपकाया गया इश्तहार





**बरही।** एससी एसटी एक्ट के तहत चौपारण प्रखंड के बेलाही पंचायत के रतनाग गांव के फरार अभियुक्तों के खिलाफ उनके आवास सहित विभिन्न स्थानों पर इश्तहार चिपकाया गया। उक्त जानकारी प्रेस विज्ञप्ति जारी कर एसडीपीओ नाजिर अख्तर ने दी। जारी विज्ञप्ति के अनुसार चौपारण थाना कांड संख्या 90/22 में धारा 341/323/325/354 (ख)/ 376/511/34 भादवि एवं 3 (1) (X) एसी/एसटी एक्ट के शेष बचे प्राथमिकी नामजद अभियुक्त सोहन साव पिता स्व डेगन साव, कामेश्वर साव पिता स्व मानकी साव, संतोष साव पिता बालमुकुन्द साव, ललन साव पिता महेन्द्र साव, दीपक साव पिता खिरोधर साव एवं रेवा ठाकुर पिता स्व लीलो ठाकुर सभी ग्राम रतनाग, थाना चौपारण जिला हजारीबाग एवं चौपारण थाना कांड संख्या 97/22 में धारा 147/148/149 /341/323/354/427/506 भादवि एवं 3 (1) (X) एसी/एसटी एक्ट के शेष बचे प्राथमिकी नामजद अभियुक्त द्वारिका साव पिता झरी साव, लक्ष्मण यादव पिता जागो महतो, अजीत यादव पिता रामदेव यादव, अशोक यादव पिता दिनेश यादव, मुकेश साव पिता घमन साव, दीपक साव पिता विनोद साव, ललन साव पिता महेन्द्र साव, राजेश यादव पिता लक्ष्मण यादव, शिवनंदन शर्मा पिता प्रयाग ठाकुर, सहदेव साव पिता गंदौरी साव, रामाशीष साव व संतोष साव दोनों के पिता मुकुन्द साव, पिन्टु साव पिता सुरेश साव, दीपक साव पिता खिरोधर साव, रामदेव यादव व जागो महतो दोनों के पिता खरगु यादव जो सभी चौपारण प्रखंड के बेलही पंचायत अंतर्गत रतनाग निवासी है। कई दिनों से फरार चल रहे है ।जिसे लेकर न्यायालय के द्वारा इश्तिहार जारी किया गया है। जिसका तामिला को चौपारण थाना के प्रभारी के द्वारा दो स्वतंत्र गवाहों, स्थानीय चौकीदार, स्थानीय मुखिया मंटु सिंह के समक्ष सभी अभियुक्तों के घरों, पंचायत भवन और हाट बाजार में इश्तिहार को चिपाकर किया गया।

# विद्यालय के जर्जर भवन में पढ़ने को विवश छात्र-छात्राएं, दुर्घटना को कर रही आमंत्रित

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के शिलाड़ीह पंचायत स्थित आदिवासी विकास उच्च विद्यालय शिलाडीह जहां दूर-दूर से आदिवासी बच्चे शिक्षा ग्रहण करने आते हैं,का विद्यालय भवन मरम्मति के अभाव में जर्जर हो चुका है। स्कूल भवन का छत वर्षों पुराना होने के कारण कभी भी टूट कर गिर सकता है और बड़ी दुर्घटना को अंजाम दे सकता है। वहीं विद्यालय में 6सौ छात्र नामांकित हैं। विदित हो कि यह विद्यालय अनुदान प्राप्त है किंतु सरकार के उदासीन रवैया के कारण इस विद्यालय का हाल खस्ता हो गया है। वही जनप्रतिनिधियों का रवैया इस विद्यालय के प्रति उदासीन दिख रही है। इसके एक भवन का छत टूट -टूट कर नीचे गिरता रहता है, किंतु बेबस छात्र इसी भवन में या विद्यालय के मैदान में पढ़ने को विवश हैं। वहीं विद्यालय का फर्श भी टूट फूट चुका है। प्रधानाध्यापक मुजीब अंसारी ने बताया कि विद्यालय का रिपेयरिंग के लिए पदाधिकारी और जनप्रतिनिधियों से कई बार गुहार लगा चुके हैं लेकिन स्थिति अब तक जस की तस है। कहा की विद्यार्थियों के बेहतर रिजल्ट के कारण प्रखंड क्षेत्र में अपनी अलग पहचान रखता है लेकिन अब बच्चों को वृक्ष के नीचे पढ़ाने के लिए हम सभी मजबूर हैं। वहीं विद्यालय के कलर्क रविंद्र पांडेय ने बताया कि मामूली अनुदान पर हम लोगों ने इस विद्यालय में अपनी पूरी जिंदगी गवा दी और ईमानदारी पूर्वक विद्यार्थियों के भविष्य को निखारने का कार्य किया। किंतु सरकार के उदासीन रवैया के कारण विद्यालय और हम शिक्षकों का लगभग एक जैसा ही हाल है ।कहा विद्यालय में हर रोज घंटी वाइज पढ़ाई हो रही है ।मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मी उपस्थित थे।




## कृषक गोष्ठी का आयोजन कर जैविक खाद व सूक्ष्म पोषक तत्वों की दी गई जानकारी



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम बरवॉ में जिला इफको पदाधिकारी अमित आनंद एवं उसके सहयोगी भानु प्रताप सिंह के द्वारा इफको नेनौ तरल यूरिया का प्रयोग एवं लाभ पर आधारित कृषक गोष्ठी का आयोजन गुरुवार को किया गया। गोष्ठी में एक सौ से अधिक किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम में इफको नैनो यूरिया तरल पर विस्तृत रूप से चर्चा किया गया ।वहीं इफको नैनो यूरिया का प्रयोग विधि तथा सामान्य बोरे वाले यूरिया से तुलनात्मक लाभ की जानकारी दी गयी। इसके साथ इफको के अन्य उत्पाद जैसे कि जैव उर्वरक, सागरिका तरल एवं बाल्टी और जल में घुलनशील उर्वरकों के प्रयोग एवं विधि की चर्चा की गई। साथ ही साथ जैविक खाद और सुक्ष्म पोषक तत्वों की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मुखिया गोपाल प्रसाद ,किसान चुटारी महतो,तेजनी देवी,बासुदेव मंडल,बासुदेव पण्डित, सराज मियॉ,अजीम मियॉ,अंशवर अंसारी,इदरिश अंसारी,मुमताज अंसारी तथा आई .एफ. डी. सी. बरकट्ठा के प्रोपराइटर बिमलेश कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

## न्यूज गैलरी

### आज से राष्ट्रीय राजमार्ग अतिक्रमण मुक्त होगा : अंचलाधिकारी

**कुडू/लोहरदगा।** कुडू शहरी क्षेत्र से राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे अतिक्रमण हटाया जायेगा। इस कार्य के लिए आज निर्धारित की गई है। इसकी जानकारी अंचलाधिकारी कुडू प्रवीण कुमार सिंह ने दी है। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय राजमार्ग चौड़ीकरण का कार्य जारी है। राष्ट्रीय राजमार्ग के संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक में निर्णय लिया गया है कि सड़क के किनारे अतिक्रमित भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जाय, ताकि निर्बाध गति से सड़क का कार्य सम्पन्न हो सके। आम लोगों को सुचित किया जाता है कि इसे आवश्यक समझते हुए अतिक्रमित भूमि को अतिशीघ्र स्वत: संज्ञान लेकर अतिक्रमण मुक्त कर दें। इसकी सूचना कुडू पुलिस प्रशासन को भी दे दी गई है। प्रयाप्त संख्या में पुलिस बल की मांग की गई है। पूर्व में अतिक्रमण हटाने हेतु 5 नवंबर की तिथि तय की गई थी जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया था।

### बोलबा थाना गेट के पास पुलिस ने चलाया सघन वाहन जांच अभियान



**बोलबा।** बोलबा प्रखंड मुख्यालय स्थित थाना गेट के पास बोलबा पुलिस द्वारा सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस मौके पर मोटरसाइकिल के चालक के हेलमेट, ड्राइविंग लाईसेंस एवं गाड़ी रजिस्ट्रेशन पेपर, इन्सुरेंस आदि जाँच किया गया। इस मौके पर 6 लोगों का चालान काटा गया। इस मौके पर एएसआई रामराज्य सिंह, एएसआई बिनोद कुमार सहित पुलिस बल मौजूद थे।

### एसपी के रीडर से धोखाधड़ी के आरोपी को अलग-अलग धाराओं में सजा

**सिमडेगा।** सिमडेगा एसडीजेएम मंजीत कुमार साहू की अदालत ने धोखाधड़ी के एक आरोपी को अलग अलग धाराओं में तीन तीन वर्ष कैद और दस हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है। इस मामले में सिमडेगा थाना में कांड संख्या 99/2016 के तहत मामला दर्ज हुआ था। बताया गया कि एसपी कार्यालय के गोपनीय रीडर मनोज कुमार सिंह के खिलाफ टाउन थाना में मामला दर्ज कराया था। जिसमें कहा गया था कि आरोपी आकाश सिन्हा ने उनकी बेटी का एमबीए में नामांकन कराने के लिए मनोज कुमार सिंह से पांच लाख रुपए लिए थे। लेकिन एमबीए में नामांकन नहीं होने पर मनोज कुमार ने अपने पैसे की मांग की। इसके बाद आरोपी ने उन्हें पांच लाख रुपए का एक चेक दिया । जो चेक बाउंस कर गया। इसके बाद मनोज कुमार ने टाउन थाना मामला दर्ज करा दिया था। दोनो पक्षों की दलीलें सुनने के बाद एसडीजेएम की अदालत ने आरोपी आकाश सिन्हा दोषी मानते हुए सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष से एपीपी अमित कुमार श्रीवास्तव ने दलीलें पेश की।

### साहूबेड़ा पंचायत में मुखिया ने बांटे असहाय लोगों के बीच कंबल



**बानो।** प्रखंड के साहूबेड़ा पंचायत में मुखिया सुसाना जड़िया ने पंचायत के गरीब जरूरत मन्द लोगो के बीच गुरुवार को कम्बल का वितरण किया। मौके पर मुखिया ने कहा सरकार द्वारा जरूरत मन्द लोगो के लिए यह योजना चलाई है। कम्बल को दूसरों को न दे। ठंड से बच कर रहे बुजुर्ग महिला पुरुष जाड़े दिन सावधानी बरतें। मौके पर मुखिया जड़िया, पंचायत सचिव अजय कुमार, रोजगार सेवक केदार नाग, जितेंद्र साहू, अनिल सिंह, कामिल हाउ व ग्रामीण उपस्थित थे।

### कोनसौदे में इन्द मेला का हुआ आयोजन, गीतों पर झूमे लोग



**बानो।** प्रखंड के कोनसौदे में इन्द मेला का आयोजन किया गया। इंद्र मेला की सफलता के लिये पहन द्वारा इंद्र देव की पूजा की गई। इन्द मेला में बूगी बूगी सहित नागपुरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि शंकर सिंह व मेला समिति के अध्यक्ष डॉ बिलखु महतो ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में रुपेश बड़ाईक ने माता सरस्वती बन्दना गीत गा कर कार्यक्रम की शुभारंभ किया। कार्यक्रम में सुमन गुप्ता, आरती देवी, चिंता देवी, दिव्या, काजल ने अपने अपने कला से लोगो को बांधे रखा। दिन भर लोगो की भीड़ रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में पंचू साहु, रामचंद्र साहू, मनोज साहू, विकास सिंह, आदि लोगो का सहयोग रहा। मंच संचालन सन्दीप साहू ने किया।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा को मिला प्रथम स्थान




**सिमडेगा।** जिला स्तरीय कला उत्सव 2022 में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा का शानदार प्रदर्शन किया गया। झारखंड शिक्षा परियोजना सिमडेगा के अंतर्गत आयोजित कला उत्सव कार्यक्रम में विद्यालय की गुलावती कुमारी और विवेक सिंह ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा के कक्षा दशम की छात्रा गुलावती कुमारी को लोकनृत्य श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ तथा विवेक सिंह को स्थानीय खिलौने एवं खेल की श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। विद्यालय परिवार दोनों छात्र-छात्राओं के इस उपलब्धि पर गौरवान्वित महसूस कर रहा है प्रधानाचार्य ने दोनों छात्रों को जीत की बधाई देते हुए आगे के कार्यक्रम के लिए शुभकामना दी ज्ञात हो कि दोनों छात्रों ने प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम से विजयी हो जिला स्तरीय कार्यक्रम में भाग लिया था। आगे उन्हें राज्य स्तरीय कला उत्सव में भाग लेना है।

# हिंडालको की तानाशाही नहीं चलेगी : भामसं

## बॉक्साइट मजदूरों ने किया हिंडालको गेट जाम कर प्रदर्शन जुलूस भी निकाला






**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध बिहार मिनरल्स मजदूर संगठन की अगुवाई में गुरुवार को हिंडाल्को द्वारा संचालित लोहरदगा साइडिंग के मजदूरों ने हिंडाल्को के गेट पर जोरदार प्रदर्शन किया। इसके साथ भामसं से जुड़े मजदूरों ने शहरी क्षेत्र में जुलूस निकालकर शक्ति प्रदर्शन किया। हिंडाल्को कंपनी द्वारा संचालित लोहरदगा साइडिंग को राजनीतिक दल के दबाव में साजिश के तहत दूसरे स्थान पर ले जाने और 15-16 वर्षों से कार्यरत तीन सौ से अधिक श्रमिकों को बेरोजगार करने के षड़यंत्र के खिलाफ मजदूरों द्वारा हिंडाल्को मुख्य गेट पर आक्रोश पूर्ण प्रदर्शन किया गया। इससे पहले मजदूरों ने भामसं के महामंत्री रामचंद्र गोप की अगुवाई में लोहरदगा साइडिंग से लेकर हिंडाल्को गेट तक आक्रोशपूर्ण जुलूस निकालकर अपना विरोध को जताया। हिंडाल्को गेट के समक्ष धरना प्रदर्शन का नेतृत्व महामंत्री रामचंद्र गोप, उपाध्यक्ष लालू प्रसाद यादव, मंत्री मनीष विश्वकर्मा, सुरेंद्र कुमार दुबे, संगठन मंत्री परमेश्वर महतो, साइडिंग के अध्यक्ष रवि महली, अनिल उरांव, ननका अंसारी ने किया। धरना को संबोधित करते हुए झारखंड प्रदेश के संगठन मंत्री ब्रजेश कुमार ने कहा कि हिंडाल्को कंपनी भारतीय मजदूर संघ को कमजोर समझने की भूल न करें और साइडिंग को यथा स्थिति रहने दें। कुछ दलालों के चंगुल से मुक्त रहे, नहीं तो भामसं उग्र आंदोलन पर उतारू हो जाएगा। आगे उन्होंने कहा कि जो मजदूर 16 वर्षों से काम किया है, वे कहां जाएंगे। इसलिए कंपनी साइडिंग को यहीं रहने दें या रोजगार उपलब्ध कराए, अथवा उचित मुआवजा दे। रामचंद्र गोप ने कहा कि हिंडाल्को कंपनी लोहरदगा साइडिंग के मजदूरों के साथ अन्याय करना बंद करे। यदि ऐसा नहीं होता है तो साइडिंग के मजदूर उग्र आंदोलन पर उतारू हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदूषण तो बहाना है, यह सारा खेल राजनीतिक दल का है। प्रदूषण कहां नहीं है। क्या जमशेदपुर, रांची, धनबाद, बोकारो में नहीं है। लालू प्रसाद यादव ने कहा कि साइडिंग को किसी भी हालत में जाने नहीं देंगे। मनीष विश्वकर्मा ने कहा कि हिंडाल्को जहां भी साइडिंग खोली जाएगी, वहीं पर विरोध होगा। सुरेंद्र कुमार दुबे ने कहा कि कंपनी को अच्छी सलाह दी जा रही है कि लोहरदगा साइडिंग जैसे चल रहा है, वैसे ही चलने दिया जाए, इसी में कंपनी की भलाई है। रवि महली ने कहा कि अगला धरना राज्यपाल के समक्ष किया जाएगा। संबोधित करने वालों में विदेशी साहु, रामधनी देवी, उमा देवी, पुनम तिर्की, रवि महली, जौनी उरांव आदि शामिल थे। सभी ने एक स्वर में कहा कि यदि कोई कमी है तो सरकार बताए और नहीं तो षड्यंत्र करना बंद करे। मौके पर अनिल उरांव, नीलमणि उरांव, प्रेमचंद यादव, इसराइल अंसारी, भुनेश्वर यादव आदि मौजूद थे।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई सामाजिक सुरक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा आर. रॉनीटा की अध्यक्षता में सामाजिक सुरक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में उपायुक्त ने कंबल वितरण, पेंशन योजना एवं सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के विशेष शिविर में पेंशन से संबंधित कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत 12 अक्टूबर से अब तक नये पेंशन की स्वीकृति, प्राप्त आवेदनों की संख्या एवं पोर्टल पर एंट्री से संबंधित कार्यों की समीक्षा की। उन्होने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम पोर्टल पर नये पेंशन की एंट्री, एवं प्राप्त आवेदनों से संबंधित लंबित मामलों का जल्द से जल्द निष्पादन सुनिश्चित कराने की बात कहीं। कंबल वितरण से संबंधित कार्यों को ससमय पूर्ण कराते हुए अद्यातन प्रतिवेदन समर्पित करने काय निर्देश दिया। इसके अलावे उन्होने अन्य महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिये। बैठक में सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी सुश्री शुक्रमनी लिंडा उपस्थित थे।

# पत्नी की हत्या कर पति हुआ फरार मामला दर्ज, जांच में जुटी पुलिस



**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के उगरा पंचायत अन्तर्गत कटहर टोली में अपने पत्नी की हत्या कर पति फरार हो गया। घटना की सूचना पर गुरुवार सुबह थाना प्रभारी ऋषिकान्त स0आ0नि0 राजेश शर्मा दलबल के साथ मृतक के घर पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए अग्रेतर कारवाई में जुट गए। बताया जाता है कि गोकुल महली पूर्व से अपनी पत्नी रीता देवी को मारपीट करता रहता था। जिसको लेकर 5 माह पूर्व पंचायत जनप्रतिनिधियों के समक्ष पंचायती हुआ था। डाट डपट होने पर आगे से गलती नही करने की बात गोकुल महली द्वारा कहा गया था। परंतु जब जब शराब का सेवन करता था। तब तब पत्नी को मार पीट किया करता था। वहीं सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार गोकुल महली अय्याश व शराबी प्रवृति का था। शादी से पूर्व भी किसी लड़की के साथ अफेयर था। जिसे घर में ला कर रखा था। कुछ दिन के बाद उसके साथ भी मारपीट करने की बात सामने आई। जिस पर वह गोकुल महली को छोड़ चली गई थी। यह दूसरी लड़की थी। जिसे प्यार के झांसा देकर शादी रचाया और इससे चार छोटा छोटा बच्चा है। उन बच्चों का प्रवाह किए बिना अपनी पत्नी का हत्या कर दिया। घटना की सूचना पर मुखिया बसंती देवी पंचायत समिति सदस्य अफसाना खातून मृतक के घर पहुंच घटना का निंदा करते हुए बताया कि पूर्व से पति पत्नी के बीच विवाद चल रहा था। इसको लेकर पूर्व में गोकुल महली को समझाया गया था। लेकिन उसके बावजूद भी अप्रिय घटना को अंजाम गोकुल महली द्वारा दिया गया। वहीं थाना प्रभारी ऋषिकांत ने बताया कि ग्रामीणों के अनुसार पति द्वारा ही महिला का हत्या किया गया है। जिसको लेकर प्रशासन अग्रेतर कारवाई करते हुए गोकुल महली की गिरफ्तारी में जुटी हुई है।

# सदर प्रखंड के जुरिया पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम हुआ आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन लोहरदगा जिला के सदर प्रखंड के जुरिया पंचायत में किया गया। जुरिया पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में मनरेगा अंतर्गत कुल 10 योजनाओं का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल व जनप्रतिनिधियों द्वारा सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना अंतर्गत 06 किशोरियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। मनरेगा अंतर्गत 05 लाभुकों को नई योजनाओं का शुभारंभ करने हेतु स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। जेएसएलपीएस की महिला मंडल का 50 लाख रुपये का क्रेडिट लिंकेज किया गया। सदर प्रखंड में जनकल्याण मंच कला दल के कलाकारों लोगों के बीच जनजागरुकता कार्यक्रम नुक्कड़-नाटक के माध्यम से किया। जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों द्वारा सावित्रीबाई फुले किशारी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, केसीसी योजना, फुलो झानो आशीर्वाद अभियान, प्रीमैट्रिक व पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना समेत अन्य जानकारियां दी गई।कार्यक्रम में प्रमुख सुनीता कच्छप, उप प्रमुख दीपिका लकड़ा, मुखिया रंथी कुमारी, ग्राम प्रधान चंद्रनाथ भगत, उप मुखिया महेश उरांव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### अनिमा को मिला सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ



**लोहरदगा।** सदर प्रखंड के जुरिया पंचायत में गुरुवार को आयोजित 'आपकी योजना,आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम में आज जुरिया पंचायत के आदर्श नगर की रहने वाली अनिमा कुजूर को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का गुरुवार को स्वीकृति पत्र दिया गया। इस योजना के अंतर्गत अनिमा को 5 हजार रुपये के राशि मिलेगी जिसके उपयोग वे पढ़ाई-लिखाई में करेंगी। अनिमा मधुसूदन लाल अग्रवाल महिला महाविद्यालय की छात्रा हैं। राज्य सरकार की इस योजना का लाभ पाकर अनिमा काफी उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि वे अन्य किशोरियों को भी इस योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करेंगी।

### कुडू में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**कुडू।** 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को कुडू प्रखंड के पंडरा पंचायत के बालिका मध्य विद्यालय मैदान में किया गया। इस कार्यक्रम में पंडरा पंचायत में कुल 21 योजनाओं का शुभारंभ किया गया। इसमें सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत 06 लाभुकों को वृद्धावस्था पेंशन, 03 लाभुकों को विधवा पेंशन और एक लाभुक को दिव्यांग पेंशन दिया गया। 15 किशोरियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का स्वीकृति पत्र दिया गया। कार्यक्रम प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार, अंचल अधिकारी प्रवीण सिंह, स्थानीय जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# कुरडेग पुलिस की अच्छी पहल, महिलाओं और बालिकाओं को अधिकारों के प्रति किया जागरूक



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुरडेग।** महिलाएं एवं बालिकाएं अपने अधिकारो के प्रति जागरूक बने स्वयं को सुरक्षित रखें और खुद को मिले अधिकारयों का किस तरह से उपयोग करना है उसकी जानकारी हासील कर सकें इसके लिए सिमडेगा पुलिस जन चेतना जागरूकता अभियान चला रही है इसी कड़ी में कुरडेग थाना के पुलिस अधिकारियों द्वारा स्कूल कॉलेज और बस्तियों, कस्बों में भी जाकर महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है। सिमडेगा पुलिस अधिक्षक सौरभ कुमार के निर्देश पर थाना प्रभारी मुन्ना रमानी के नेतृत्व में कुरडेग थाना के एसआई अजीत प्रकाश, जेएसआई कौशल किशोर मिश्रा ने गुरुवार को कुरडेग प्रखंड के कई ग्रामों एवं स्कूलों मे पहुंचकर जागरूकता अभियान चलाया। थाना प्रभारी मुन्ना रमानी, एसआई अजीत प्रकाश, जेएसआई कौशल किशोर मिश्रा के द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला सम्बंधि अपराधों के सम्बंधित में अवगत कराया साथ ही मानव तस्कर, साइबर क्राइम के बारें में बिस्तृत जानकारी देते हुए इससे बचने के उपाय बताये वहीं सड़क हादसे को लेकर यातायात के नियमों की जानकारी दी। मौके पर थाना प्रभारी मुन्ना रमानी ने कहा कि घरेलू हिंसा से बचने का सही तरीका है जब भी आपके साथ कोई अप्रिय घटना हो तो उसको छिपाने के बजाय अपने शुभ चिंतकों को जरूर बतायें जो महिला किसी बात को अपने स्वजन से नही कह पाती हो तो महिला कांस्टेबल से अपनी समस्या कहें, त्वरित कार्यवाई की जाएगी उन्होने कहा कि अपराध पर अंकुश के लिए छोटी छोटी घटनाओं को नजर अंदाज नहीं करें किसी भी तरह की स्थिति हो अपने स्वजन को इसकी सूचना अवश्य दें जरूरत पड़ने पर पुलिस की मदद लें। मौके पर विद्यालय के शिक्षक, ग्रामीण महिलायें उपस्थित रहे।

# शिक्षक संघ सिमडेगा ने कोलेबिरा विधायक प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** राज्यव्यापी आंदोलन के समर्थन में दूसरे चरण के तहत अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ सिमडेगा जिला इकाई ने जिला अध्यक्ष प्रेम कुमार शर्मा के नेतृत्व में कोलेबिरा विधायक प्रतिनिधि शमी आलम से मुलाकात कर विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर जिला महासचिव संजय कुमार ने विधायक महोदय को मांगो की विस्तृत जानकारी देते हुए सरकार से अभिनव मांगों को पूरा कराने की अपील की। इस अवसर पर विधायक महोदय ने कहा कि आपकी मांगे जायज है आपकी मांगे पूरी होनी चाहिए उन्होंने आश्वासन दिया कि आपकी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री से व्यक्तिगत मुलाकात कर उन्हें विस्तृत जानकारी दी जाएगी और आपकी मांगों को पूरा कराने का भरपूर प्रयास किया जाएगा। उन्होंने शिक्षकों से भी अपील की आप भी अपने स्तर से अपनी मांगों के प्रति जागरूक हो उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ही आपलोगो की मांग को पूरा कर मौके पर देवेंद्र प्रसाद तिवारी, रजनीकांत तिलक, इबरार आलम, अली इमाम, नौशाद परवेज, संजय कुमार वर्मा, दीप्ति दत्ता, ज्योति सोरेंग, अमर कुमार सिंह, अजीत तिर्की, सीमा रानी, राजेश पल तिवारी, अनीरुष प्रसाद, राकेश रोहित, मृगेंद्र, प्रदीप प्रसाद, बीरबल मांझी, कर्णदेव प्रसाद, रामसेवक साहू, सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

# बाइक चोरी मामले में अज्ञात चोर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**सेन्हा-लोहरदगा।** लोहरदगा जिला अन्तर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के सेरेंगहातू तोड़ार पंचायत स्थित बरही पुल के समीप लोहरदगा भंडरा पथ के किनारे खड़ी अपाची बाइक जेएच 01ई सी 5283 को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया। जिस पर बाइक मालिक बिंदेश्वर उरांव ने सेन्हा थाना को आवेदन देते हुए बताया कि घटना 1 नवम्बर का है। बताते हुए कहा कि मैं अपने खेत की जोताई करवाने बाइक से गया था। और लोहरदगा भंडरा पथ के किनारे बाइक खड़ा कर कुछ ही दूरी पर खेत की जोताई करवा रहा था। लौटने के बाद देखा कि बाइक नही है। जिसके बाद अपने स्तर से छानबीन करने लगा परंतु कोई सुराग नही मिलने पर थाना में लिखित आवेदन देते हुए अज्ञात चोर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का गुहार लगाया है। वहीं थाना प्रभारी ऋषिकान्त ने बताया कि आवेदन के आलोक में अज्ञात चोर के विरुद्ध कांड संख्या 112/22 दर्ज कर पुलिस अग्रेतर कारवाई में जुट गई है।

## मेरोमडेगा पंचायत में आयोजित हुई 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार'

# हमारी सरकार आपके द्वार तक आई है ताकि आपकी समस्या का समाधान हो सके : जमीर खान



**नवीन मेल संवाददाता**

**ठेठईटांगर।** प्रखड अंतर्गत मेरोमडेगा पंचायत में गुरुवार को आयोजित हुई आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के तहत पंचायत स्तरीय शिविर इस दौरान सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का ग्रामीणों को लाभ दिया गया एवं इसके बारे में जानकारी दी गई जहां पर मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि समी आलम, रावेल लकड़ा, मोहम्मद कारू, कांग्रेस प्रदेश अल्पसंख्यक सचिव जमीर खान उर्फ प्रिंस उपस्थित हुए मौके पर उन्होंने कहा कि आज हमारी सरकार आपके द्वार तक आई है ताकि आपकी समस्या का समाधान हो सके 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में अतिरिक्त हरा राशन कार्ड बनाया जायेगा। वहीं सरकार की योजनाएं जैसे बिरसा हरित ग्राम योजना, पोटो हो खेल विकास योजना, फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान, रोजगार सृजन योजना, पशुधन विकास योजना, सोना सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना, कंबल वितरण, छात्रवृत्ति योजना, सर्वजन पेंशन योजना जैसी कई लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे जानकारी दी। उन्होंने कहा सर्वजन पेंशन योजना के माध्यम से लक्ष्य से परे हटकर सभी को पेंशन का लाभ देना है। प्रत्येक वृद्ध, निःशक्त, परित्यक्त और विधवा महिला को योजना का लाभ मिलेगा। इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने में अपना सहयोग दें, जिससे सभी जरूरतमंद को योजनाओं से आच्छादित करने के लक्ष्य को सरकार प्राप्त कर सके। आज हमारे कांग्रेस गठबंधन के सरकार जो भी योजनाएं चला रही है उसको तैयार करने में यहां के गांव, जंगल, जमीन, परंपरा और संस्कृति को प्राथमिकता में रखा गया है। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचलाधिकारी सहित प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहकर ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर प्रखंड प्रशासन से संपर्क कर उन समस्याओं को दूर कराने की बात कही कार्यक्रम से पूर्व सभी अतिथियों का स्वागत पारंपरिक तरीके से किया गया इसके बाद गरीब असहाय लोगों के बीच कंबल सहित अन्य योजनाओं का लाभ दिया गया।

# भाजपा का भंडरा व कैरो प्रखंड से शुरू हुई जनाक्रोश रैली प्रदर्शन

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी का जनआक्रोश रैली व प्रदर्शन कार्यक्रम गुरुवार को कैरो और भंडरा प्रखंड में शुरू हुई। जिसमें भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, नेताओं की उपस्थिति में प्रखंड कार्यालय के समीप रैली प्रदर्शन आयोजित गई। भंडरा प्रखंड में मुख्य रूप से पूर्व विधान पार्षद प्रवीण सिंह, बिंदेश्वर उरांव, सूरजमोहन साहू एवं कैरो प्रखंड में जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, ओमप्रकाश सिंह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, अजय पंकज ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सहित अन्य उपस्थित रहे। दोनों प्रखंडों में भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने तख्ती बैनर झंडा के साथ वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में कार्यकर्ता शामिल हुए और अंचल कार्यालय को घेरा। रैली के दौरान भंडरा में पूर्व विधानपार्षद प्रवीण सिंह ने कहा कि जनता के दुख दर्द एवं उनकी आवश्यकताओं से लेना-देना नहीं रह गया है, इनको केवल ट्रांसफर पोस्टिंग का उद्योग चलाना है। कैरो कार्यक्रम में मनीर उरांव ने सरकार पर जोरदार हमला करते हुए कहा कि युवा मुर्गी पालो, मछली बेचो, सरकार झारखंड की खनिज संपदा बेचेगी। वर्तमान झारखंड की गठबंधन सरकार ने आम जनता को ठगने के अलावे कुछ नही किया। बल्कि केन्द्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को बंद करने का काम किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना में पचास हजार रुपए देने का घोषणा कर चुनाव जीतकर सरकार बनाया। ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि झारखंड में सरकार आज बालू देने में नाकाम है। अवैध खनन से करोड़ो का मलाई खा लिया। रूपा तिर्की को अभी तक न्याय नही मिला। झारखंड में गठबंधन की सरकार सत्ता में आई उग्रवाद, अत्याचार, भ्रस्टाचार, बलात्कार दिनों दिन बढ़ रहा है। बालू चोरी हो रही है झारखंड सरकार अपने और सगी संबंधियों के लिए खनन पट्टा लेने में व्यस्त हैं। मौके विशेश्वर प्रसाद दीन, बजरंग उरांव, श्रवण मुंडा, नजीर आलम खान,अजय पंकज,विवेक प्रजापति ने संबोधित किया एवं धन्यवाद और कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा मनोज साहू ने किया। जन आक्रोश रैली में मुख्य रूप, बालकृष्णा सिंह, राजकुमार वर्मा, अजय पंकज,नजीर आलम खान, विशेश्वर प्रसाद दीन, बजरंग उरांव, हनहट मुखिया श्रवण मुंडा, बाल्मिकी जी, गोविंद महतो, सुखन उरांव, फलिन्द्र रविदास, गोविंद महतो, राजेश सोनी,नासिर आलम खान, विवेक प्रजापति, राधेश्याम लोहरा, मनोज साहू, लाखो उरांव, चिखु उरांव, दीप साय, संजय महली, कैलाश महतो, राजू प्रजापति,लक्ष्मी सिंह, सतेसर साय, अन्य भाजपाई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## न्यूज गैलरी

### आज अंतिम मौका रसायन व जीव विज्ञान के अभ्यर्थियों का

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा गुरुवार को रसायन व जीव विज्ञान के अभ्यर्थियों के लिए अंतिम मौका दिया गया है। पूर्व में प्रमाण पत्र के जांच में जो अभ्यर्थियों ने उपस्थित नहीं हो पाये, उनके लिए अंतिम मौका दिया गया है। गौरतलब है कि आयोग के द्वारा हाई स्कूल नियुक्ति प्रक्रिया सुप्रीम कोर्ट के नियोजन नीति पर फैसले आने के बाद शुरू किया गया है। जिसमें पूरे पदों पर स्टेट मेरिट बनाने का कार्य किया जा रहा है। हाई स्कूल में लगभग 18 हजार पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया किया जाना है।

### हटिया-आनंद विहार स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस एक दिसंबर से 1 मार्च 2023 तक रद्द



**मेदिनीनगर।** घने कोहरे के कारण रेलवे की ओर से एक बार फिर दो महत्वपूर्ण एक्सप्रेस ट्रेनों को कैंसिल करने का निर्णय लिया गया है। साउथ ईस्टर्न रेलवे ने इस संबंध में पत्र जारी किया है। 12873 हटिया-आनंद विहार स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस को 1 दिसंबर 2022 से 28 फरवरी 2023 तक रद्द करने का निर्णय लिया गया है। इसी तरह 12874 आनंद विहार-हटिया एक्सप्रेस 2 दिसंबर से 1 मार्च तक कैंसिल रहेगी। इसके अलावा 18103 टाटा-अमृतसर जलियांवाला बाग एक्सप्रेस का परिचालन भी 5 दिसंबर से लेकर 27 फरवरी 2023 तक रद्द करने का निर्णय लिया गया है। इसी तरह 18104 अमृतसर जलियावाला बाग-टाटा एक्सप्रेस का परिचालन 7 दिसंबर 2022 से 1 मार्च 2023 तक रद्द रहेगा। हालांकि यह ट्रेन डालटनगंज होकर नहीं चलती। इसका परिचालन टाटा से पुरुलिया, बोकारो, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस, कोडरमा, गया रूट से होता है। इसी रूट से यह ट्रेन टाटा आती भी है। रेलवे के असिस्टेंट ट्रांसपोर्ट मैनेजर कौशिक मुखर्जी ने इस संबंध में पत्र जारी किया है। बता दें कि पिछले कई वर्षों से इस ठंड का मौसम शुरू होते ही कोहरे के कारण झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस सहित कई अन्य ट्रेनों को रद्द कर दिया जाता है। केवल स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस पिछले एक दशक से ठंड में कैंसिल होती रही है। ऐसे में इस ट्रेन से दिल्ली की सफर करने वाले यात्रियों को निराशा हाथ लगती है।

### भारत टी 20 विश्व कप से बाहर

**मेदिनीनगर।** पलामू में गुरुवार को क्रिकेट प्रेमियों के लिए निराशाजनक खबर आई। ऑस्ट्रेलिया में खेले जा रहे टी 20 विश्व कप में भारत इंग्लैंड से 10 विकेट से हारकर बाहर हो गया। विश्व कप का फाइनल रविवार को पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच मेलबर्न में खेला जाएगा। भारत ने इंग्लैंड को 169 रनों के लक्ष्य दिया। लेकिन इंग्लैंड ने बिना कोई नुकसान के 170 रन बनाकर भारत को विश्वकप से बाहर किया। इंग्लैंड के बटलर और हेल्स ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 17 ओवर में ही मैच खत्म कर दिया।

### नेशनल स्पोर्ट्स स्केटिंग में एमकेडीएवी स्कूल बना विजेता

**मेदिनीनगर।** शहर के वियांकी स्थित एमकेडीएवी. नेशनल स्पोर्ट्स में स्केटिंग की क्षेत्रीय स्तर पर प्रतियोगिता डीएवी कोयला नगर धनबाद में आयोजित थी। इस प्रतियोगिता में एमकेडीएवी. पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय की बालक वर्ग की टीम ने स्केटिंग प्रतियोगिता में विजेता का खिताब एवं ट्रॉफी अपने नाम कर विद्यालय परिवार एवं पलामू को गौरवान्वित किया। इसी तरह 1000 मीटर की प्रतियोगिता में मन्नत एवं शिवम ने रजत, 300 मीटर में शिवम ने रजत, 500 मीटर में आर्यन ने रजत, 500 मीटर में जयदीप ने कांस्य और शिवम ने रजत पदक प्राप्त किए। ऊंची कूद में परिधि सिंह ने कांस्य पदक प्राप्त किया। ताइक्वांडो की संभागीय स्तर की प्रतियोगिता डीएवी. पब्लिक स्कूल पुनदाग रांची में आयोजित थी। जिसमें शुभम वर्मा ने कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का मान बढ़ाया। सभी विजेता प्रतिभागियों को विद्यालय की प्रार्थना सभा में गुरुवार को विद्यालय के प्राचार्य ने उनके अभिभावकों की उपस्थिति में सम्मानित किया। प्राचार्य डॉ जीएन. खान ने कहा कि क्षेत्रीय स्तर पर छात्रों की यह सफलता प्रशंसनीय है। यह छात्र अब राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करने हेतु पंजाब जायेंगे, जो पलामू एवं डीएवी परिवार सभी के लिए हर्ष का विषय है।

### एंबुलेंस ऑपरेटरों ने मानदेय भुगतान को लेकर सीएस को सौंपा ज्ञापन

**मेदिनीनगर।** पलामू सिविल सर्जन सह असैनिक मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के कार्यालय के एंबुलेंस ऑपरेशन से जुड़े कर्मियों की दशहरा, दिवाली, छठ आदि बेहद अभाव में गुजर गया। कर्मियों का घर चलाने के साथ-साथ बच्चों की स्कूल फीस का भुगतान करना भी जटिल हो गया है। इससे सभी कर्मी काफी क्षुब्ध हैं। परेशान कर्मियों ने पलामू सिविल सर्जन सह असैनिक मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जून से अक्तूबर 2022 तक का लंबित मानदेय शीघ्र भुगतान करने का अनुरोध किया है। साथ ही भुगतान में और विलंब होने की स्थिति में आत्महत्या जैसे कदम उठा लेने की चेतावनी दी है। कर्मी मनोज कुमार मिश्रा, वीरेन्द्र राम, दयाशंकर प्रसाद, अनूप कुमार मंदिलवार आदि ने ज्ञापन में कहा है कि बच्चों के स्कूल से नोटिस तक जारी कर दिया गया है। बीमार परिजनों का समुचित इलाज तक नहीं करवा पा रहे हैं।

### उर्दू मिडिल स्कूल में अल्लामा इकबाल के जन्मदिन पर कार्यक्रम आयोजित

**हुसैनाबाद।** ऑल इंडिया आइडियल टीचर्स एसोसिएशन के के तत्वावधान में अल्लामा इकबाल के जन्मदिवस आलमी उर्दू डे के मौके पर रा. उर्दू म. वि. हुसैनाबाद में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता उर्दू म. वि. हुसैनाबाद के प्रधानाध्यापक श्री सुनील कुमार ने एवं संचालन शिक्षक मो. जुबैर अंसारी ने किया। मुख्य अतिथि नगर पंचायत उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी थे। शिक्षक इशरत हुसैन ने बताया कि अल्लामा इकबाल अविभाजित भारत के महान उर्दू शायर एवं फिलासफर थे। उन्होंने उर्दू शायरी को ऊंचे मुकाम तक पहुंचाया। उनका जन्म 11 नवंबर 1877 ई. को स्यालकोट आज ?के? पाकिस्तान में हुआ एवं मृत्यु 21 अप्रैल 1938 को हुआ। उन्होंने कई नज्म एवं शायरी लिखी जो आज भी प्रासंगिक हैं। स्सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तां हमारा स्त्तब पे आती है दुआ बन के तमन्ना मेरीश खुदी को कर बुलंद इतना कि हर तकदीर से पहले, खुदा बन्दे से पूछे बता तेरी रजा क्या है,आदि सैकड़ों नज्में लिखी। इस मौके पर खुशखत नवीशी मुकाबले का आयोजन किया गया और सुलेख लिखने वाले प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरण भी किया गया।

---

### खुरी पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन, बोले बीडीओ

# ग्रामीणों की समस्याओं का होगा समाधान



**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनियां।** झारखंड सरकार द्वारा आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्रखंड के खुरी पंचायत सचिवालय में आयोजित की गई उक्त कार्यक्रम की शुरूआत व बीडीओ कालिदास मुंडा प्रमुख सुनैना देवी, उप प्रमुख मोहम्मद फारुख, जिला परिषद सदस्य बनारसी सिंह पंचायत के मुखिया समुद्री देवी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष मंगरू सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की कार्य्र म की शुरूआत की। इस दौरान सभी विभागों का स्टॉल लगाकर आवेदनों का निष्पादन किया जा रहा था। जिसमें पंचायत के सभी गांव से ग्रामीण पहुंचकर अपना अपना आवेदन जमा किए कार्यक्रम में कुल 1733 आवेदन प्राप्त हुए । जिसमें सामाजिक सुरक्षा के तहत 180, पीडीएस के लिए 138, पेंशन संबंधित 56, पेयजल संबंधित 96, भूमि सुधार संबंधित 3, कृषि विभाग संबंधी 16,कल्याण विभाग से संबंधित 54,मनरेगा से 436,जाब काड के लीए 58 ,15 वे वित के लिए 8, प्रधानमंत्री आवास के लिए 465, पशुपालन विभाग के लिए 42, शिक्षा विभाग से 180, आवेदन प्राप्त हुए मौके पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा कई लोगों का वैक्सीनेशन किया गया। कार्यक्रम के दौरान 4 महिलाओं का गोद भराई की रस्म भी अदायगी की गई तथा 4 नवजात बच्चों का अन्नपरासन बिडियो एवं प्रमुख उप प्रमुख तथा 20 सूत्री अध्यक्ष के द्वारा किया गया। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा वृद्ध विधवा एवं असहाय लोगों के बीच 40 कंबल का वितरण किया गया। मौके पर जेएस एल पी एस के द्वारा सामुदायिक निधि के तहत 2000000 का चेक महिलाओं को दी गई । वही कुल आवेदन में से पडे 250 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया । मौके पर 14 वृद्ध विधवा असहाय लोगों का पेंशन स्वीकृति पत्र दिया गया ।

#### सभी आवेदनों पर होगी कार्रवाई : बीडीओ

मौके पर बीडीओ ने कहा कि यह कार्यक्रम सरकार द्वारा आयोजित की गई है जिसका लाभ आम आवाम लोग अपना-अपना समस्याओं का आवेदन देकर ले सकते हैं । आज यह कार्यक्रम प्रखंड के लिए अंतिम दिन है जितने भी बचे हुए मामले हो सभी का आवेदन दें सभी आवेदनों पर कार्रवाई की जाएगी। मौके पर उपस्थित व बीडीओ कालिदास मुंडा प्रमुख सुनैना देवी,जिला परिषद बनारसी सिंह, मुखिया समुद्री देवी, मुखिया पति उदय भुईया, उप प्रमुख मोहम्मद फारुक, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सच्चिदानंद सिंह, सी ओ निषात अंजुम ए ई अनुज कुमार, जेईई अनिकेश कुमार, सुकेश कुमार , बिपीआरओ दिनेश कुमार सिंह, बीडीसी सुगनी देवी, पशु चिकित्सा अधिकारी धनंजय कुमार, सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मचारी तथा सैकड़ों ग्रामीण मौके पर मौजूद थे।

---

## उपमुखिया सहित वार्ड सदस्यों ने डीसी को सौंपा आवेदन, फर्जीवाड़ा का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** पंचायत के उपमुखिया समलेश कुमार रावत सहित वार्ड सदस्यों ने डीसी गढ़वा को आवेदन सौंपकर भवनाथपुर के मुखिया और पंचायत सचिव की मिलीभगत से पंचायत अंतर्गत वार्ड नं-10 के बेल के पेड़ के समीप में पूर्व में ग्रामीणों के सहयोग तथा श्रमदान से बनाये गए चबुतरा पर ही 15 वें वित्त की 1.30 लाख की लागत से बगैर ग्रामसभा तथा स्थल सभा किये ही लाभुक समिति का चयन कर योजना के 15 हजार रुपये अग्रिम राशि फर्जी तरीके से लाभुक के खाते में जमा करा दिया गया। वहीं हम पंचायत प्रतिनिधियों के द्वारा कार्यकारिणी की बैठक में पारित भी नहीं कराया गया।

उन्होंने इसके अलावे वार्ड नं-सात में पंचायत भवन का दरवाजा का निर्माण कराया जा रहा है। वह भी योजना बगैर ग्रामसभा एवं स्थल सभा के मुखिया अपने चहेते ठेकेदार बनाकर दूसरे वार्ड के लाभुक से पैसा उगाही कराना चाहती है।

दरवाजे की लागत 2 लाख 50 हजार रुपये की स्वीकृति दी गई है,जिसमें 15 हजार रुपये की अग्रिम भुगतान लाभुक समिति के खाते में कर दिया गया है, जिससे ग्रामीणों में असंतोष व्याप्त है।

#### दोषी के खिलाफ कार्रवाई की मांग

उपमुखिया सहित वार्ड सदस्यों ने पंचायत की मुखिया और पंचायत सचिव के कार्यों की जांचोपरांत उक्त दोनों योजनाओं को रद्द कर दोषी के खिलाफ कारवाई करने की मांग की है। आवेदन की प्रतिलिपि डीडीसी गढ़वा,एसडीओ और बीडीओ को भी दिया गया है।

आवेदन देने वालों में उपमुखिया समलेश कुमार रावत, बीडीसी सरिता देवी,वार्ड सदस्य राज सोनी, शांति देवी,जासो देवी, शकुंतला देवी, शारदा देवी, देवंती देवी, तेतरी देवी, अनिल राम आदि का नाम शामिल है।

---

## कल लगेगा राष्ट्रीय लोक अदालत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कल पलामू में राष्ट्रीय लोक अदालत लगाया जायेगा। जिसमें विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे अपने विभाग से संबंधित लंबित वादों की सूची तैयार रखे । ज्ञात हो कि नालसा के दिशा निर्देश व झालसा तत्वावधान मे 12 नवम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निष्पादन के संबंध में उन्होंने कई दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए गए है। राष्ट्रीय लोक अदालत में मामले के निष्पादन से पक्षकारों को आर्थिक परेशानियों से राहत मिलता है। साथ ही इससे समय की बचत होती है। लोक अदालत में अधिक से अधिक मामले निस्तारण करने का लक्ष्य रखा गया है। इस सम्बंध में ,श्रम विभाग, वन विभाग, उत्पाद विभाग, के लोगों के साथ बैठक हो चुकी है। साथ ही सभी को अधिक से अधिक मामले निस्तारण हो इसके लिए अभी से ही लग जाने की सलाह दी गई हैं।

## नगर निकाय चुनाव आरक्षण के साथ कराने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय नगर निकाय के चुनाव में महापौर, उपमहापौर, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, वार्ड पार्षद के पदों पर आरक्षण देने का प्रावधान भारत के संविधान में अनुच्छेद 243 के तहत संवैधानिक अधिकार प्रदत्त है । जिसके साथ छेड़छाड़ करने का अधिकार किसी को नहीं है। झारखंड चुनाव आयोग रांची को 6 दिसम्बर 2021 को माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली ने पिछड़ा वर्ग ओबीसी के लिए पदों को आरक्षित कर चुनाव कराने का आदेश दिया है । राज्य निर्वाचन आयोग रांची पिछड़ा वर्ग ओबीसी समुदाय के लिए बिना आरक्षण की प्रक्रिया पूरा किए चुनाव की तैयारी कर रही है, जो भारत का संविधान एवं माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के आदेश के विरुद्ध है, जो एक असंवैधानिक होगा । अतः पिछड़ा वर्ग ओबीसी के लिए पदों को आरक्षित कर ही चुनाव संपादित किया जाए, जो संवैधानिक होगा। झारखंड में पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या 56% प्रतिशत हैं। जो समुदाय के संबैधनिक अधिकारों के साथ वंचित करने का कार्य होगा। जिससे पिछड़ा वर्ग ओबीसी समुदाय के बीच काफी आक्रोश सरकार के प्रति उत्पन्न होगा। अतः झारखंड राज्य में वर्ष 2022-2023 में नगर निकाय का चुनाव पिछड़ा वर्ग ओबीसी के लिए आरक्षित कर ही चुनाव कार्य झारखंड में कराया जाये। अगर राज्य सत्ता द्वारा यह कार्य नहीं किया जायेगा तो संपूर्ण झारखंड राज्य में बहुजन समाज पार्टी भारत का संवैधानिक अधिकार के लिए जन आंदोलन करेगी। जिसकी सारी जवाबदेही राज्य सरकार की होगी।

---

## मांडर में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लोगों ने दिया आवेदन





**नवीन मेल संवाददाता**

**मांडर।** पंचायत सचिवालय परिसर में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की भी उपस्थित थी। कार्यक्रम मे पहुँचने के उपरांत विधायक ने सभी विभाग के टेबल मे जाकर जानकारी लेते हुए कितने लोगो की समस्याओ का समाधान किया गया है और इंट्री कितना किये है इससे अवगत हुई। जिस विभाग के पदाधिकारी इस कार्यक्रम मे ग्रामीणों के काम को करने मे लापरवाही कर रहे है उन्हे विधायक ने फटकार लगाया।उन्होंने सभी विभाग के अधिकारियों को कहा कि खस्सी भात और मुर्गा भात के लिए यह कार्यक्रम नहीं चलाया जा रहा है आप सभी समस्याओं का समाधान करना छोड़ सिर्फ खानापूर्ति करने की जो आदत बना लिए हैं उससे बाज आएं।जनता को योजना का लाभ नहीं मिलेगा या दलालों को अगर प्रखंड में प्रमुखता मिला तो आप सभी अधिकारियों को बख्शा नहीं जाएगा।अधिकारी जो भी सरकारी योजना सरकार द्वारा लाया जा रहा है, उनका लाभ जिन ग्रामीणों को आवश्यक है उन्हें देना है। सरकार की हर योजना सभी आम ग्रामीण जन के लिए है। आप भी इसका लाभ ले और दुसरो को भी लाभ दिलाने मे मदद करे। विधायक ने यह भी कहा - जिन ग्रामीणों का काम अगर ब्लॉक से नही हो रहा है वो अपनी समस्याओ को लेकर हमारे आवास पहुंचे, मै आपकी समस्याओ का समाधान करने की कोशिश करुंगी। इस दौरान कार्यक्रम मे लाभुकों के बीच किशोरी समृद्धि योजना, जन्म प्रमाण, KCC लोन, प्रमाण पत्र एवं अन्य चीजों का स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरण किया, साथ ही विकलांग बच्चों के बीच व्हील चेयर का भी वितरण किया।

## पूर्व अध्यक्षा ने कई वार्डों का किया भ्रमण

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** सरकार के चुनाव की आहट आते ही शहरी निकाय चुनाव की सरगर्मी तेज हो गयी हैं। इसी कड़ी में नगर पंचायत हुसैनाबाद के पूर्व अध्यक्षा बहन उषा देवी ने शहर के नहर मोड़,मोहम्दाबाद, आदि कई स्थानों पर भ्रमण किया तथा अपने पूर्व के कार्यकाल में किये गए विकास को बतलाया,तथा उन्होंने जनता से कहा कि आप लोगों ने पहली बार चुनाव जिताया था । जिस समय निकाय का पूर्ण रूप से दर्जा नही मिला था और ना ही सरकार की ओर से बड़ी योजनाओं को क्रियान्वयन करने की आदेश था परन्तु जितना संसाधन था मैं पूरी निष्ठा से उसको लागू की थी और आप लोगो की सेवा किया लेकिन पुनः आपलोग मुझे नही चुना जिसके चलते मेरा विकास सोच आज भी अधूरा रह गयी हैं जनता का काम कैसे होता हैं सिर्फ उषा देवी ही करा सकती हैं । बाकी समय आने पर सब क्या किया हैं वह मैं आपलोगों को बताऊंगी।मौके पर शशिकांत पटेल, विनय चौधरी, धीरेंद्र पटेल, मंजय चंदेल, सुधीर पटेल आदि कई लोग उपस्थित थे।

---

### सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत सामग्री वितरित, बोले सहायक कमांडेंट

## ग्रामीणों के सहयोग के लिए तत्पर है सीआरपीएफ



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** प्रखंड के छिपादोहर थाना क्षेत्र के अतिनक्सल प्रभावित लात पंचायत के करमडीह एवम लाभर में सीआरपीएफ ने सिविक एक्शन के तहत ग्रामीणों के बीच कई सामानों का वितरण किया। पुलिस उपमहानिरीक्षक विनय नेगी के निर्देश पर कमांडेंट प्रमोद कुमार साहू के नेतृत्व में करमडीह एवं लाभार गांव में शिविर लगा कर ग्रामीणों के बीच रोजमर्रा की जरूरत के चीजें ओर स्कूली बच्चों के बीच पठन पाठन की सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सीआरपीएफ के 112वीं बटालियन के सहायक कमांडेंट बी एन भोई ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजे, साथ ही उन्हें पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करें। जिससे बच्चों का भविष्य उज्ज्वल हो। वहीं करमडीह के सहायक कमांडेंट राकेश कुमार ने ग्रामीणों ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा की सीआरपीएफ हमेशा से ही लोगों के सुख दुख का सहभागी रही है और ग्रामीणों के सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहती है। इस तरह के कार्यक्रम से आम लोगों ओर सीआरपीएफ के बीच समन्वय स्थापित होता है।

जानकारी हो की सीआरपीएफ 112 बटालियन की सभी कम्पनियां लातेहार जिले के सुदूरवर्ती व नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में स्थित है। इन क्षेत्रों में आम जन जीवन आज भी बहुत जटिल है। सीआरपीएफ इस क्षेत्रों में लगातार कार्यक्रम करवाकर भ्रमित युवक युवतियों को मुख्य धारा में जोड़ने का प्रयास करती रही है। सहायक कमांडेंट धनन्जय यादव ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम हमेशा होते रहेंगे,लोगो के बीच जरूरत के सामान उपलब्ध करवाने के साथ उनको जागरूक करने का कार्य आगे भी जारी रहेगा। मौके पर इंस्पेक्टर देशराज यादव, लात मुखिया ईश्वरी देवी, प्रभु प्रकाश खेश, सहित भारी संख्या में ग्रामीण और सीआरपीएफ के जवान मौजूद थे।

## संदेहास्पद स्थिति में अधेड़ महिला का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**नवीन मेल संवाददाता**

**टंडवा(चतरा)।** खेल्हा-कटाही पुल के बगल में श्मशान घाट के पास एक अधेड़ महिला का संदेहापाद स्थिति में शव गुरुवार के अहले सुबह मिलने से क्षेत्र में दहसत का माहोल कायम हो गया है। सूचना पाकर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह, एएसआई भोलानाथ दास, प्रवीण सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंच जंच पड़ताल की। मृतका की पहचान कटाही गांव के महाबीर महतो की तीसरी पत्नी 45 वर्षीय उर्मिला देवी के रूप में की गई। ग्रामीणों के अनुसार महाबीर ने कुल चार शादियां कर रखी है। वहीं दो बहु-बेटों के साथ मृतका अपने मायके बुटखेता के बगल बिरहोरी टांड में रहती थी। इंस्पेक्टर श्री सिंह ने बताया कि श्मसान शेड में खून के निशान मिले हैं, जहां से लगता है कि महिला को गला रेतकर हत्या करने के बाद शव को घसीटकर ले जाया गया है। वहीं गढ्ढे से मृतका के राशनकार्ड समेत अन्य दस्तावेज पुलिस ने जब्त किए हैं। पुलिस बारिकी से हत्या होने के प्रत्येक संभावित पहलुओं पर गहनता से जांच पड़ताल कर रही है, जिससे जल्द हीं संलिप्त दोषी सलाखों के पीछे होंगे। वहीं पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया गया। मौके पर स्थानीय मुखिया निलेश ज्ञासेन, नीतेश राणा, उदय पांडेय, देवनारायण उरांव, जितेन्द्र उरांव, जगदीश महतो, जयनाथ महतो समेत भरी संख्या में ग्रामीण पहुंचे थे।

## समीक्षात्मक बैठक का होगा आयोजन

**विश्रामपुर।** प्रखंड कार्यालय में बीडीओ सह सीओ प्रशांत हेंब्रम ने गुरूवार को प्रेसवार्ता की, जिसमें उन्होंने पत्रकारों को बताया कि शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में दोपहर बारह बजे से प्रखंड प्रमुख रंभा कुमारी की अध्यक्षता में पंचायत समिति की बैठक आहुत की गई है। जिसमें इन्होंने सासंद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, उप प्रमुख, चिकित्सा प्रभारी, थाना प्रभारी, कनीय अभियंता, सहित तमाम विभागों के आला अधिकारियों और कर्मचारियों को बैठक में भाग लेने की अपील की है। बीडीओ ने बताया कि बैठक में सभी विभागों के कार्य कलापों पर समीक्षात्मक बैठक की जायेगी। जिसमें प्राप्त सुझाव को अविलंब ठीक कराने पर भी बल दिया जायेगा।

---

# आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम अंतर्गत कुर्मीपुर में लगा शिविर





**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम अंतर्गत गुरुवार को जिले के 5 पंचायतों में शिविर लगाया गया । जिसके तहत कुल 2872 आवेदन प्राप्त किए गए। हुसैनाबाद के कुर्मीपुर में लगाये गये शिविर में जिले के उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उपायुक्त श्री दोड्डे,हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण,जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह,प्रमुख व मुखिया द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

**योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही शिविर का एक मात्र प्राथमिकता : उपायुक्त**

शिविर में लोगों को संबोधित करते हुए उपायुक्त श्री दोड्डे ने कहा कि एक ही स्थल से सभी योजनाओं से आम जनों को उनके घर में ही लाभान्वित करना शिविर का मुख्य उद्देश्य है। सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन के द्वारा इस तरह का शिविर सभी पंचायतों में आयोजित किया जा रहा है। ताकि आपकी समस्याओं का समाधान आपके घरों में ही किया जा सके। उन्होंने सभी से ऑनलाइन आवेदन करने व उसकी पावती लेने की अपील की ,ताकि उनके द्वारा दिए गए आवेदन को कभी भी ट्रैक किया सके।

**लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण :** कुर्मीपुर के शिविर में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 11 लाभुकों के बीच गैस चूल्हा का वितरण किया गया। साथ ही 7 नये लाभुकों को ग्रीन राशन दिया गया। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 लाभुकों को गृह प्रवेश हेतु सामग्री प्रदान किया गया। इसी तरह कृषि विभाग के तहत 5 लोगों को सरसों का बीज वितरण किया गया। वहीं सावित्री बाई फुले योजना के तहत 11 बच्चियों को चेक प्रदान किया गया। जेएसएलपीएस की 32 सखी मंडल की दीदियों के बीच 16 लाख का चेक दिया गया । वहीं द्वितीय कैश क्रेडिट लिंकेज के तहत 10 सखी मंडल कैदियों के बीच 20 लाख का चेक दिया गया।

**शिविर में विभिन्न विभागों की ओर से लगाये गये थे स्टॉल :** शिविर में विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल लगाएं गये थे। इसमें निबंधन, आपूर्ति राशन, बाल विकास, कल्याण, पशुपालन ,समाजिक सुरक्षा पेंशन, स्वास्थ्य, शिक्षा, राजस्व, बैंक, कृषि सहकारिता,15वें वित, जेएसएलपीएस, सेवा का अधिकार, बिजली, पेयजल, जन्म-मृत्यु, मनरेगा व आवास, पुलिस व निर्वाचन विभाग के स्टॉल शामिल थे।

सम्पादक की कलम से...

# बिगड़े बोल-क्या सही हैं?

झारखंड की राजनीति में नेताओं के बीच जुबानी जंग आम बात है। लोकतंत्र में मर्यादित जुबानी जंग उसकी शोभा है और यह होना भी चाहिए लेकिन जब यही जुबानी जंग अपनी मयार्दाओं को लांघ दे तो वह लोकतंत्र के लिए घातक हो जाता है। पिछले 15 दिनों से झारखंड में नेताओं की जुबानी जंग मयार्दों का उल्लंघन कर रहा है। दुखद स्थिति यह है कि राज्य के संवैधानिक प्रमुख का बयान आता है कि बहुत जल्द एक आध एटम बम फूटेगा और उसके बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का यह बयान अपने हजारों समर्थकों के सामने आता है कि कौन कौन सरकार का विरोध कर रहा है उसकी पहचान करें। साथ ही यह भी कहा था कि कुछ लोग धरना प्रदर्शन करनेवाले हैं उसकी भी पहचान करें। मुख्यमंत्री के इस बयान के बाद सरकार में शामिल मंत्री मिथिलेश ठाकुर और कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की के बिगड़े बोल सामने आये। भाजपा भी कहाँ पीछे रहनेवाली थी उसके नेताओं ने भी ताबड़तोड़ जवाब दिया। पिछले एक पखवाड़े से जो स्थिति झारखंड में दिख रही है वह केरल और बंगाल की याद दिला रहा है। इन दोनों प्रदेश में भी पहले जुबानी जंग शुरू हुई थी और बाद में वह कई मौके पर खूनी रंजिश का रूप ले लिया था। झारखंड राजभवन के समक्ष पिछले दिनों सत्तापक्ष का महाधरना हुआ था। यह महाधरना राज्य में चल रही सियासी सरगर्मी को और बढ़ा गया। राज्य सरकार के मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने यहां तक कहा कि राज्य सरकार के विकास में टांग अड़ाने पर टांग तोड़ देंगे। कहा- हम पीछे हटने वाले नहीं हैं। लोकतंत्र में जनता भगवान है। जनता ने हेमंत सोरेन की सरकार को पूरे पांच साल का जनादेश दिया है। पांच साल के लिए हमें सरकार चलाने का हक और अधिकार दिया है। हमलोग पीछे हटने वाले नहीं हैं। अगर ये राज्य के विकास में टांग अड़ायेंगे तो हम टांग तोड़ देंगे। दूसरी तरफ कांग्रेस प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष और मांडर के पूर्व विधायक बंधु तिर्की ने महाधरना के दौरान कहा कि जो गलती करे उसे कार्यकर्ता पटक-पटक कर मारने का भी काम करें। राज्यपाल ने रायपुर में जाकर कैसी भाषा का प्रयोग किया, वह माफ करने लायक नहीं है। बंधु तिर्की ने कहा- हम जांच के विरोधी नहीं, हम भ्रष्टाचार के खिलाफ हैं, लेकिन राजनीतिक प्रतिशोध में काम करोगे तो कुचल दिये जाओगे। यह साधारण बात नहीं है। सारे लोग एक हो जाओ। भाजपा के काले कारनामे को उजागर करने का काम करो. जरूरत हो तो पटक-पटक कर मारो। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि समर्थकों की ताकत की बदौलत सरकार है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का कोई कुछ बिगाड़ नहीं सकता। राज्यपाल अपने प्रदेश में जाकर कहते हैं कि एटम बम फोड़ेंगे। ऐसी विध्वंसक बातें कहने की अनुमति न तो सरकार देगी, न जनता देगी। हमने तो एटम बम रायपुर जाकर डिफ्यूज किया। राज्यपाल ने सरकार गिराने का प्रयास किया। ईडी समन करती है। कांग्रेस के विधायकों के यहां आइटी का छापा पड़ता है, भाजपा के अधिकारी की गाड़ी मिलती है। हम गांधीजी की विचारधारा के अनुसार अहिंसात्मक तरीके से बात रखेंगे। हम भगत सिंह के रास्ते पर भी चलते हैं। सड़क से लेकर दिल्ली के सदन तक को हिला देंगे। भाजपा बहुमत को लूटने का काम करती है। देखते हैं मुख्यमंत्री को कौन क्या बिगाड़ लेगा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा जिस स्थान पर पटका-पटकी करना चाहते हैं, आइये, हम भी जाने को तैयार हैं। ऐसे में ऐसे बिगड़े बोल आने वाले दिनों में खतरे की घंटी है।

## आज का इतिहास

**1880 :** पहले मराठी संगीत नाटक संगीत शाकुन्ताल का पुणे में मंचन किया गया।
**1915 :** नेवादा के प्लेजेंट वैली में तीव्रता का भूकंप आया।
**1949 :** फि ल्म निर्देशक जे. पी. दत्ता का जन्म हुआ।
**1953 :** भारत के 45वें मुख्य न्यायाधीश दीपक मिश्रा का जन्म हुआ।
**1977 :** पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया गया।
**2012 :** चीन में आये भूस्खलन से 19 लोग दबकर मरे।
**2012 :** फॉमूर्ला वन के बादशाह माइकल शूमाकर ने संन्यास लिया।
**2015 :** भारतीय फिल्म निर्देशक एवं निमार्ता इदिदा नागेश्वर राव का निधन।
**1657 :** फ्रांसीसी सैनिकों ने मैड्रिड पर कब्जा किया।
**1735 :** फ्रांस और छठे कैरल सम्राट ने शांति समझौते पर हक्स्ताक्षर किए।
**1831 :** मैसूर (अब मैसुरु) पर ब्रिटेन ने कब्जा किया।
**1863 :** तत्कालीन राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन ने अमेरिका में 'थैंक्स गिविंग डे' मनाए जाने की घोषणा की।
**1943 :** अमेरिका ने सोलोमन द्वीप पर कब्जा किया।
**1956 :** ग्रेट ब्रिटेन ने ऑस्ट्रेलिया में परमाणु परीक्षण किया।
**1963 :** क्यूबा और हैती में चक्रवाती तूफान 'फ्लोरा' से छह हजार लोगों की मौत।
**1977 :** भारत के विदेश मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक को हिंदी में संबोधित किया। हिंदी में दिया गया यह पहला संबोधन था।
**1996 :** पाकिस्तानी क्रिकेटर शाहिद अफरीदी ने श्रीलंका के खिलाफ 37 गेंदों में सबसे तेज शतक जड़ा।
**2006 :** जूलियन असांजे ने खुफिया वेबसाइट विकिलीक्स की स्थापना की।
**2011 :** अमेरिका ने इस्लामिक स्टेट (आईएस) प्रमुख अबू बकर अल बगदादी को वैश्विक आतंकवादी के रूप में चिह्नित किया और साथ ही उस पर एक करोड़ डॉलर का ईनाम भी रखा।

# महिला मतदाताओं पर ही भरोसा क्यों?

> "स्त्री शक्ति संकल्प" में सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने का वादा भी शामिल है। भाजपा ने महिलाओं पर केंद्रित अपने संकल्प पत्र में स्कूटी देने का जो वादा किया है वह काफी हिट साबित हो रहा है। इसी के चलते भाजपा नेता अपनी रैलियों में महिलाओं से अपनी बेटियों को कम से कम 12वीं कक्षा तक पढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करने का आग्रह करते हुए कह रहे हैं कि सरकार उन्हें दोपहिया वाहन उपहार में देगी। जिससे वे सुबह स्कूल जायेंगी और शाम को सब्जियां घर लाने में भी आपकी मदद करेंगी।

गुजरात विधानसभा चुनावों के लिए भाजपा का घोषणापत्र अभी नहीं आया है लेकिन यदि हिमाचल प्रदेश की बात करें तो हिमाचल में भाजपा ने महिलाओं को सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में 33 प्रतिशत आरक्षण देने का बड़ा वादा कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार की लोक कल्याणकारी नीतियों में गरीबों को प्रमुखता तो दी ही जाती है साथ ही प्रधानमंत्री का प्रयास महिलाओं को सर्वाधिक राहत और सुविधाएं पहुँचाने का रहता है। चाहे उज्ज्वला योजना की बात हो या प्रधानमंत्री आवास योजना हो या फिर शौचालय निर्माण संबंधी योजना हो अथवा जनधन खाते हों या फिर आयुष्मान योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना अथवा प्रधानमंत्री मुद्रा योजना हो... यह सभी कदम ऐसे रहे जिसने गरीब से गरीब महिला को भी आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त किया है। यही कारण है कि चुनाव दर चुनाव भाजपा को महिलाओं के वोट बढ़ते ही जा रहे हैं। हाल में कई राज्यों के विधानसभा चुनावों में भाजपा को मिले मत प्रतिशत में महिलाओं का प्रतिशत पुरुषों से ज्यादा रहा। उत्तर प्रदेश में तो महिला सुरक्षा सबसे बड़ा मुद्दा था और भाजपा की सत्ता में वापसी में महिलाओं के मतों ने बड़ी भूमिका निभाई थी। इसीलिए भाजपा हिमाचल प्रदेश व गुजरात विधानसभा चुनावों में भी महिलाओं के लिए योजनाएं घोषित करने पर खास जोर दे रही है। गुजरात का भाजपा का घोषणापत्र तो अभी नहीं आया है लेकिन यदि हिमाचल प्रदेश की बात करें तो हिमाचल में भाजपा ने महिलाओं को सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में 33 प्रतिशत आरक्षण देने का बड़ा वादा कर दिया है। हम आपको बता दें कि हिमाचल प्रदेश की आबादी में महिलाओं की हिस्सेदारी लगभग आधी (49 फीसदी) है। भाजपा ने रविवार को महिला मतदाताओं के लिए एक समर्पित घोषणापत्र जारी किया, जिसे 'स्त्री संकल्प पत्र' कहा जा रहा है। महिलाओं के लिए समर्पित भाजपा के घोषणापत्र में स्कूली छात्रों के लिए साइकिल, कॉलेज छात्रों के लिए स्कूटी और बीपीएल परिवारों की लड़कियों की शादी के लिए 'शगुन' बढ़ाने का वादा किया गया है, जिसमें आर्थिक सहायता भी शामिल है। ''स्त्री शक्ति संकल्प'' में सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने का वादा भी शामिल है। भाजपा ने महिलाओं पर केंद्रित अपने संकल्प पत्र में स्कूटी देने का जो वादा किया है वह काफी हिट साबित हो रहा है। इसी के चलते भाजपा नेता अपनी रैलियों में महिलाओं से अपनी बेटियों को कम से कम 12वीं कक्षा तक पढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करने का आग्रह करते हुए कह रहे हैं कि सरकार उन्हें दोपहिया वाहन उपहार में देगी। जिससे वे सुबह स्कूल जायेंगी और शाम को सब्जियां घर लाने में भी आपकी मदद करेंगी। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में यह भी वादा किया है कि राज्य की सत्ता में वापसी पर हिमाचल प्रदेश में भी समान नागरिक संहिता लागू की जायेगी। यही नहीं, हिमाचल में महिलाओं पर कांग्रेस भी काफी ध्यान दे रही है। हिमाचल प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस के चुनावी घोषणापत्रों में महिलाओं और धर्म से जुड़े मुद्दे अहम हैं और दोनों दलों में 12 नवंबर को होने वाले महत्वपूर्ण विधानसभा चुनावों के लिए मतदाताओं को अपने पाले में करने की होड़ मची है। कांग्रेस ने ''हर घर लक्ष्मी, नारी सम्मान निधि'' अभियान शुरू किया है जिसके तहत 300 यूनिट मुफ्त बिजली के अलावा वयस्क महिलाओं को 1500 रुपये प्रतिमाह देने का वादा किया गया है। दूसरी ओर, हिमाचल प्रदेश में दोनों दलों के घोषणापत्र में धर्म पर भी खासा ध्यान केंद्रित किया गया है, जिसमें भाजपा ने नयी दिल्ली, जयपुर, चंडीगढ़, मेरठ और मथुरा से 45 विशेष बस शुरू करके प्रमुख मंदिरों और शक्ति पीठों को जोड़ने के लिए ''हिम तीरथ'' सर्किट का वादा किया है। उधर, कांग्रेस ने पहली बार अपने घोषणापत्र में एक खंड ''देवस्थान और तीर्थ यात्रा'' को शामिल किया है। इस खंड में कांग्रेस ने सभी बुजुर्गों (एक सहायक के साथ) की पसंद के एक तीर्थस्थल के लिए मुफ्त तीर्थयात्रा के लिए भुगतान करने का वादा किया है।

■ गौतम मोरारका

# चार कंधे

मैं कल एक परिचित की अंतिम यात्रा में शरीक हुआ था। मृतक का बड़ा लड़का अमेरिका में डॉक्टर है। मझला इंग्लैंड में उद्योगपति और सबसे छोटा आस्ट्रेलिया में इंजीनियर। एक इलाज करता है, दूजा धंधा करता है और तीसरा ऊँची-ऊँची इमारतें बनाता है। इधर मृतक का शव अपने आस-पड़ोस के चार कंधों पर चढ़ने को मजबूर है। मृतक जिस बीमारी से गुजरा बड़ा बेटा उसी बीमारी का विशेषज्ञ था। मझला पिता का धंधा सीखकर इतना आगे निकल गया कि वह हर रिश्ते-नातों को धंधे में तोलता है। फिर कुछ बोलता है। अब की बार उसके बोलने में इतनी देर हो गई कि धंधा मृतक का फंदा बन गया। छोटा बेटा ऊँची इमारतें बनाते-बनाते दिल से कब छोटा हो गया, पता ही नहीं चला। शव साँसों की अनुपस्थिति में मुक्त होने की कगार पर घर के आंगन में पड़ा हुआ था। उसके चारों ओर वे सभी लोग थे, जिनसे इस शव ने कभी अपनी बहस से सबको अपने वश में कर लिया था। आज उसका वश शव में बदल चुका था। वह अक्सर कहा करता था कि पैसा है तो दुनिया है। पैसा है तो प्यार है। पैसा है तो सुख है। दुर्भाग्य से उसके पास पैसा तो है लेकिन अपने कहने वालों की दुनिया नहीं है। उनका प्यार नहीं है। उनका सुख नहीं है। पैसे ने एयरकंडीशन वाली शवपेटी में दो दिन का सहारा दिया। न दे सका तो अपने कहने वाले लोग। पैसे ने अंतिम संस्कार की तैयारी तो कर दी दुर्भाग्य से अंतिम बार स्पर्श करने वाले अपनों का सुख देने में वह भी बेकार निकला। मृतक इतना कमा चुका था कि चार क्या चार सौ लोगों को हर दिन खिला सकता था। यदि वह कुछ नहीं कमा सका तो वो थे चार कंधे। इन्हीं चार कंधों पर चढ़कर जाने के लिए मरने के बाद आदमी तड़प उठता है। महल सा बंगला, सोने-चांदी के बर्तनों में भोजन और महंगे जरीदार कपड़े अपने मालिक के शव को चार कंधा देने में पड़े-पड़े सड़ रहे थे। लेकिन यह क्या? विदेशों में रहने वाले बेटों के बारे में लोग यह क्यों कह रहे थे कि यह जरूरी नहीं कि मृतक को ही चार कंधों की जरूरत पड़ती है। कई बार हालात ऐसे बन जाते हैं कि जिंदा इंसान को भी चार कंधों के सहारे की जरूरत पड़ जाती है। ऐसे में चारपाई पर लेटे व्यक्ति व उसको सहारा दे रहे लोगों का मर्ज उस वक्त बहुत ज्यादा बढ़ जाता है जब इन हालात की जिम्मेदार अपने संस्कार हों। यह अर्थी कितना कुछ मांगती है! चार मजबूत कंधे और वह भी लगभग बराबर ऊंचाई के। इसकी आड़ में लोग संतान की उम्मीद करते हैं। उन्हीं के कंधों का आसरा खोजा जाता है। यह सच्चाई जीवन का आरंभ है या अंत है, इसे समझने के लिए जीवन में पल-पल मरना पड़ता है। अनुभव अर्थी बांधने, सजाने और उठाने सबके लिए चाहिए. अर्थी ठीक से बांधी जा रही है या नहीं, सिर से पांव तक बार-बार शरीर पर रस्सी लपेटी गई या नहीं, रस्सी पर्याप्त कसी है या नहीं, मृतक के लिए बंधन सुविधाजनक है या नहीं इन सबके लिए चार कंधे चाहिए होते हैं, न कि पैसा। सुना है पैसे वाली कोठियों में बिना कंधों के कई शव सड़कर पैसों की गंध में लुप्त हो जाते हैं। मैंने भी मृतक को कंधा दिया था। इस उम्मीद से कि मुझे भी एक कंधा अवश्य मिलेगा।

■ डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'
मो. नं. 73 8657 8657

# सांस संबंधी परेशानी, धुआं व धुंध से घुटता दम

जब भी मौसम बदलता है, खासकर सर्दी का मौसम शुरू होता है, तो सर्दी, खांसी, जुकाम के साथ-साथ लोगों को सांस की तकलीफ बढ़ जाती है। आजकल महानगरों में वायु प्रदूषण लगातार बढ़ते जाने की वजह से सांस की समस्या इन दिनों बढ़ जाती है। दिल्ली समेत सारे महानगरों में इस समय लोगों में सांस की समस्या देखी जा रही है। सरकारें और अस्पताल लोगों को स्वास्थ्य संबंधी हिदायतें जारी कर रहे हैं। जिन्हें सांस संबंधी समस्याएं जैसे अस्थमा, क्रोनिक आब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी), क्रोनिक ब्रोंकाइटिस आदि बीमारियां पहले से हैं, उनके लिए यह मौसम अधिक परेशानी भरा होता है। ऐसे में जरूरी है कि सर्दियों में सांस की समस्या से बचाव के इंतजाम किये जाएं। सर्दियों में सांस की समस्या होने का मतलब यह नहीं कि घर से बाहर ही निकलना बंद कर दें। इसके लिए स्वस्थ रहना ज्यादा जरूरी है। कुछ स्वस्थ लोगों को भी सर्दियों में ठंडी हवा के कारण फेफड़े में परेशानी हो सकती है। महानगरों में बढ़ते वाहनों की वजह से उनका धुआं हवा में घुल कर लोगों को सांस संबंधी परेशानियां पैदा कर रहा है। इससे पार पाने के लिए अपने फेफड़ों को स्वस्थ रखना बहुत जरूरी है। सर्दियों में वायुमंडल सिमट कर धरती की सतह के आसपास आ जाता है, जिससे वायु प्रदूषण अधिक तकलीफदेह साबित होता है। तापमान जब काफी कम हो जाता है तो सीओपीडी के लक्षण दिखने लगते हैं, नतीजा यह होता है कि फेफड़ों में सांस सामान्य ढंग से नहीं जा पाती। इससे व्यक्ति में कुछ खास प्रकार के लक्षण दिखाई देते हैं। जैसेः सांस अच्छी तरह से न ले पाना, बलगम का बढ?ा, हल्की-हल्की सांसें लेना, खांसी की समस्या, घरघराहट, सांस लेने में कष्ट होना आदि। **कारण, लक्षण व उपाय :** सर्दियों में सांस की समस्या से पार पाने के लिए जरूरी है कि ठंड के संपर्क में कम से कम आएं। इसका अर्थ यह हुआ कि सुबह और रात के समय जब तापमान काफी कम होता है तो कोशिश करें कि घर के बाहर न निकलें। इसके अलावा अगर घर के बाहर जाते भी हैं तो ऐसे कपड़े पहनें ताकि ठंड न लगे। अगर आपको सीओपीडी की शिकायत है तो सर्दियों में घर से बाहर जाने के पहले 'रेस्क्यू इनहेलर' को अपने साथ रख लें, लेकिन इसके लिए डाक्टर की सलाह जरूर लें। बल्कि घर से ही इसकी खुराक लेकर बाहर निकलें। खासकर तब, जब आप लंबी सैर पर या बाहर व्यायाम के लिए निकल रहे हों। ठंड अधिक होने पर संभावना है कि सीओपीडी के मरीजों को परेशानी हो। ऐसे में अच्छा यही होगा कि आप उसके लिए तैयार रहें। **अलाव के पास न बैठें :** जिन्हें सांस संबंधी परेशानी है, उन्हें सर्दियों में आग के आसपास बैठने से बचना चाहिए। आम लोगों की तुलना में फेफड़े की समस्या से ग्रस्त इंसान को आग के आसपास जाने से स्वास्थ्य संबंधी परेशानी हो सकती है। संभव है कि आग से उड़ने वाले छोटे-छोटे कण के कारण उन्हें परेशानी हो। इसकी वजह से श्वास नलियों में दिक्कत हो सकती है। सर्दियों में गर्माहट के लिए कोशिश करें कि अलाव के बजाय इलेक्ट्रिक हीटर आदि का इस्तेमाल करें। **धूम्रपान को कहें ना :** जिन्हें सांस संबंधी परेशानी है, उन्हें सिगरेट आदि धूम्रपान बिल्कुल छोड़ देना चाहिए। इससे सांस नलियों में संकुचन हो सकता है। एक सिगरेट में करीब चार हजार से अधिक घातक रसायन होते हैं। सर्दियों में सांस की समस्या से ग्रस्त होने के बावजूद अगर धूम्रपान करते हैं, तो सीओपीडी की गंभीर समस्या हो सकती है। शुरूआत में परेशानी और आगे चलकर मरीज की मौत तक हो सकती है। अगर आपको सीओपीडी, अस्थमा और अन्य सांस संबंधी समस्या है, तो धूम्रपान बिल्कुल न करें। ऐसा कर सर्दियों में आप सामान्य रह पायेंगे। **घर में ही करें व्यायाम :** सांस संबंधी समस्या से ग्रस्त लोगों को व्यायाम अपनी दिनचर्या में जरूर शामिल करना चाहिए, मगर सर्दियों में कोशिश यही होनी चाहिए कि घर में ही व्यायाम करें। योग से सांस संबंधी समस्याओं से पार पाने में काफी मदद मिलती है।

■ डॉ. वेदप्रताप वैदिक

## धर्म दर्शन

# श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

### अथ प्रथमोऽध्यायः

हे सुधु उन्हीं नारायणके समान तुम्हें पुत्र उत्पन्न होगा। वह पृथ्वीपर राजाके रूपमें प्रतिष्ठित तथा सभी लोगोंसे नमस्कृत होगा ॥ 54 ॥

हे महाभागे! इस प्रकार पुत्र प्राप्त करके तुम उन्होंके साथ वैकुण्ठलोक चली जाओगी और हे देवि! वहाँ उनकी प्रिया हो जाओगी ॥ 55 ॥

आपका वह पुत्र एकवीर इस नामसे लोकमें ख्याति प्राप्त करेगा। उसीसे पृथ्वीपर हैहयवंश विस्तारको प्राप्त होगा ॥ 56 ॥

किंतु मदान्ध एवं मदचित्त होकर तुमने हृदयमें सदा विराजमान रहनेवाली परमेश्वरी जगदम्बाका विस्मरण कर दिया है, उसीसे तुम्हें ऐसा फल मिला है। अतः हे सिन्धुपुत्रि ! उस दोषके शमनके लिये तुम हृदयमें विराजमान रहनेवाली परम देवीकी शरण में सर्वात्मभावसे जाओ; यदि तुम्हारा मन भगवतीमें लगा होता तो उत्तम घोड़ेपर क्यों जाता ? ॥ 57-58 ॥

व्यासजी बोले- इस प्रकार देवी लक्ष्मीको वरदान देकर गिरिजापति भगवान् शंकर पार्वतीसहित अन्तर्धान हो गये ॥ 59 ॥

सुन्दर अंगोंवाली वे लक्ष्मीजी वहाँ स्थित रहकर भगवती जगदम्बाके देवासुरोंके शिरोरत्न (मुकुट) से पति नखमण्डलवाले परम सुन्दर चरणकमलका ध्यान करने लगीं और अपने पति श्रीहरिके अश्वरूप धारण करके आनेकी प्रतीक्षा करती हुई प्रेमयुक्त गद्गद वाणीसे बार-बार उनकी स्तुति करती रहीं ॥ 60-62 ॥

व्यासजी बोले- उन लक्ष्मीजीको वरदान देकर भगवान् शंकर देवगणोंसे सेवित तथा अप्सराओंसे सुशोभित रमणीक कैलासपर शीघ्र चले गये ॥ 1 ॥

वहाँ पहुँचते ही शंकरजीने लक्ष्मीका कार्य सिद्ध करनेके उद्देश्यसे अपने कार्यकुशल गण चित्ररूपको वैकुण्ठ भेजा ॥ 2 ॥

शिवजी बोले- हे चित्ररूप! तुम विष्णुके पास जाकर मेरे शब्दोंमें यह बात कहो और इस प्रकार यत्न करना, जिससे वे अपनी दुःखी पत्नीको शोकमुक्त कर दें ॥ 3 ॥

भगवान शंकरके ऐसा कहनेपर वह चित्ररूप वैष्णवगणोंसे घिरे, अनेक प्रकारके वृक्षसमूहोंसे युक्त, सैकड़ों बावलियोंसे सुशोभित, हंस-सारस-मोर, शुक तथा कोकिलोंसे सुसेवित, पताकाओंसे सुशोभित ऊँचे-ऊँचे भवनोंवाले, नृत्य तथा गायनकलामें प्रवीण जनोंसे युक्त, मन्दारवृक्षोंसे परिपूर्ण, बकुल-अशोक तिलक - चम्पक आदि वृक्षोंकी पंक्तियोंसे मण्डित तथा पक्षियोंके कर्णप्रिय कलरवोंसे गुंजित परम धाम वैकुण्ठके लिये शीघ्र ही निकल पड़ा। वहाँ भगवान विष्णुका भवन देखकर हाथमें दण्ड (छड़ी) धारण किये हुए द्वारपर स्थित जय-विजय नामक दो द्वारपालोंको प्रणाम करके चित्ररूपने उनसे कहा- ॥ 4-8 ॥

- क्रमशः

## संपादक के नाम पाठकों की पाती

### नालियों को जाम न करें

आम लोगों में सफाई के प्रति जागरूक नहीं होने के कारण प्रधानमंत्री का स्वच्छ भारत मिशन उतना सफल नहीं हो पा रहा है। अभी भी लोग सफाई के प्रति उदासीन हैं। शौचालय के निर्माण में भी गंभीरता नहीं बरती जा रही है। भ्रष्ट लोगों ने उसे कमाने का जरिया बना लिया है। कई तो उस पैसे शौचालय बनाकर अन्य कामों उसका उपयोग कर रहे हैं। मेदिनीनगर शहर में भी घनी आबादी वाले में मुहल्लों में नालियां जाम हैं। जाम होने का मुख्य कारण उन नालियों में भारी मात्रा में पॉलिथीन व प्लास्टिक की बोतलों का फेका जाना है। यह दोनों ही चीजें न गलती हैं ना ही सड़ती है,जिसके कारण नालिया जाम हो जाती है। अगर नाली सड़ी सब्जी या अन्य खाद्य सामग्री डालते हैं तो वह सड़ गल जाती है, लेकिन पॉलिथीन व प्लास्टिक बोतल व अन्य कुरकुरे व चिप्स के पैकेट सड़ते -गलते नहीं जिसके कारण नालिया जाम रहती हैं। वहीं शहर की कई बड़ी नालियों में काफी कूड़ा रहा है। यह कूड़े बरसात आने पर ही वहां से बहते हैं। यह बात भी गौर करनेवाली है कि जबसे पलास्टिक व पॉलिथीन का प्रचलन हुआ है नालियों में गदंगी बढ़ी है। कागज के उपयोग से इतनी गंदगी नहीं हुआ करती थी। मैं आपके लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र राष्ट्रीय नवीन मेल के माध्यम से लोगों से आग्रह करता हूं कि नालियों में पॉलिथीन व प्लास्टिक की बोतलें नहीं फेंके।

■ गौतम कुमार, मेदिनीनगर।

# डिजिटल रूपये के आगाज से आसान होगा वित्तीय जीवन

भारतीय रिजर्व बैंक ने 1 नवंबर, 2022 को केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में देश में शुरू कर दिया। पर फिलहाल इसका इस्तेमाल सरकारी प्रतिभूतियों के थोक कारोबार में किया जा रहा है। जल्द ही, केंद्रीय बैंक इसके जरिये खुदरा क्षेत्र में भी कारोबार को मुमकिन बना देगा। यह हमारे और देश के लिए गर्व व उपलब्धि का क्षण है, क्योंकि एक तय समय-सीमा के अंदर देश में आंशिक रूप से इस संकल्पना को लागू कर दिया गया, जबकि अब भी दुनिया के अनेक केंद्रीय बैंक सीबीडीसी को अपने देश में अमलीजामा पहनाने में सफल नहीं हुए हैं। केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2022-23 के बजट में डिजिटल रुपया की संकल्पना को जमीन पर उतारने की घोषणा की थी और वह कामयाब भी रही। रिजर्व बैंक ने सीबीडीसी के पायलट परीक्षण के लिए 10 बैंकों का चुनाव किया है। सीबीडीसी को बैंक जारी करेंगे। किसी कॉरपोरेट या सरकारी एजेंसी को किसी खास व्यक्ति को सीबीडीसी देना है, तो उसे सरकारी या निजी बैंक से संपर्क करना होगा। चूंकि सीबीडीसी की भुगतान प्रक्रिया का स्वरूप इलेक्ट्रॉनिक है, इसलिए कागजी मुद्रा के रखरखाव की तरह इसकी लागत बहुत ज्यादा नहीं होगी। सीबीडीसी क्रिप्टोकरेंसी से अलग है। क्रिप्टो का लेन-देन निजी तौर पर किया जाता है और इसे नियंत्रण करने वाली कोई एजेंसी दुनिया में नहीं है, जबकि सीबीडीसी का नियंत्रण रिजर्व बैंक करेगा। नियामक की निगरानी में होने की वजह से आतंकवादी गतिविधियों, मनी लड्रिंग, धोखाधड़ी की आशंका सीबीडीसी के जरिये लेन-देन में कम रहेगी। वहीं, क्रिप्टोकरेंसी का इस्तेमाल गलत कार्यों के लिए ज्यादा किया जाता है। सीबीडीसी के लिए किसी बैंक में खाता खोलने की जरूरत नहीं होगी। मोबाइल के जरिये सेकंडों में पैसों का लेन-देन किया जा सकेगा, जिसे इलेक्ट्रॉनिक रूप में देखा भी जा सकेगा। हालांकि, सीबीडीसी में पेपर करेंसी के सारे फीचर होंगे और लोग इसे पेपर करेंसी से बदल भी सकेंगे। एक प्रकार से इसे डिजिटल नकदी कह सकते हैं। सीबीडीसी ब्लॉक चेन तकनीक पर काम करेगा और पेपर करेंसी की तरह यह कानूनी रूप से वैध होगा। इस प्रणाली में बिचौलिया की कोई भूमिका नहीं होगी, क्योंकि सीबीडीसी भुगतान करने वाले और भुगतान लेने वाले को सीधे तौर पर जोड़ेगी। सीबीडीसी के जरिये सरकारी योजनाओं से जुड़े विभाग या संस्थान बिना किसी व्यक्ति के संपर्क में आए सीधे लाभार्थियों को लाभ पहुंचा सकते हैं। दूसरे शब्दों में कहें, तो यह सुनिश्चित किया जायेगा कि लेन-देन पूरा होने के बाद ही सर्विस प्रोवाइडर को भुगतान किया जाए, जिससे भ्रष्टाचार के मामलों में कमी आयेगी। हालांकि, यह साफ नहीं है कि वैसे लाभार्थियों के संदर्भ में सरकार या निजी संस्थान या कॉरपोरेट क्या करेंगे, जिनके पास मोबाइल, लैपटॉप, डेस्कटॉप, टैब आदि नहीं हैं। वित्तीय रूप से साक्षर लोग ही सीबीडीसी का उपयोग करने में समर्थ होंगे। सीबीडीसी प्रणाली को अमलीजामा पहनाने में बैंकों की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होगी, पर बैंक पहले से ही कई सामाजिक योजनाओं को पूरा करने में भूमिका निभा रहे हैं। इस नई प्रणाली के आने से बैंकों पर और अधिक कार्यभार बढ़ेगा, लेकिन बैंक के कर्मचारियों की संख्या में फिलहाल इजाफा करने का कोई प्रस्ताव नहीं है, जिससे बैंकों को इस नई प्रणाली को अमलीजामा पहनाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। सीबीडीसी एक ऐसी भुगतान प्रणाली है, जिसका इस्तेमाल पेपर करेंसी के विकल्प के तौर पर भविष्य में किया जा सकता है, लेकिन भारत में वित्तीय साक्षरता की स्थिति अब भी दयनीय है। दूसरी तरफ, भले ही भारत डिजिटलीकरण और डिजिटल लेन-देन के मामले में विश्व में एक प्रमुख देश बनकर उभरा है, लेकिन डिजिटलीकरण के साथ-साथ देश में डिजिटल या ऑनलाइन धोखाधड़ी की घटनायें भी बहुत तेजी से बढ़ रही हैं। इसलिए, सबसे महत्वपूर्ण है कि सीबीडीसी या अन्य डिजिटल सुविधाओं को लागू करने के साथ-साथ वित्तीय साक्षरता के अभियान को मुहिम की तरह पूरे देश में 365 दिन चलाया जाए।

■ सतीश सिंह

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

## न्यूज गैलरी

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नम आंखों से किये महाप्रभु के दर्शन, आधा घंटा मंदिर में रुकीं



**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार को पुरी के श्रीजगन्नाथ मंदिर पहुंचीं और महाप्रभु के दर्शन किये। वह श्रीमंदिर में लगभग 30 मिनट रहीं। राष्ट्रपति के कुल के पंडा ने बताया कि उन्होंने महाप्रभु को तुलसी माला दी तथा दीप प्रज्ज्वलन किया। महाप्रभु के दर्शन के समय राष्ट्रपति की आंखें नम हो गईं। इसके बाद उन्होंने मा विमला व महालक्ष्मी के दर्शन किये। अंत में उन्होनें रजिस्टर में दस्तखत किये। सेवायतों ने उनको आशीर्वाद दिया। राष्ट्रपति ने कहा कि वह बार बार पुरी आकर महाप्रभु के दर्शन करेंगी। राष्ट्रपति मुर्मू प्रोटोकल को तोड़ते हुए बड दांड (मंदिर की ओर जाने वाली सड़क) पर पैदल चल कर गईं। तालबणिआ हेलीपैड पर उतरने के पश्चात वह कार से आयीं लेकिन मेडिकल चौक पर कार से उतर गईं। वहां हाथों को ऊपर उठाकर उन्होंने महाप्रभु के प्रति भक्तिभाव का प्रदर्शन किया। वहां से पैदल श्रीमंदिर की ओर निकलीं और बीच में विद्यालय के छात्र छात्राओं को देख कर वह उनके पास गईं और उनसे मिल कर उनके साथ फोटो खिंचवाई। मंदिर के पास पहुंचने के बाद राष्ट्रपति ने अरुण स्तंभ को स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। पैर प्रक्षालन स्थान पर जाकर उन्होंने अपने पैर धोये। इसके बाद मंदिर की 22 सीढ़ियों से हो कर मंदिर में प्रवेश किया। प्रत्येक सीढ़ी को स्पर्श कर उन्होंने प्रणाम किया। मंदिर के सिंहद्वार के सामने उन्होंने सिर लगाकर प्रणाम किया। उनके साथ राज्यपाल प्रो गणेशीलाल, केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, डा संबित पात्रा व राष्ट्रपति की बेटी भी उपस्थित थीं। पुरी के महाराजा दिव्यसिंह देव ने मंदिर से सिंहद्वार के निकट उनको पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

### पॉस्को मामले के आरोपी तबरेज गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**अररिया (एजेंसी)।** फारबिसगंज थाना पुलिस ने पॉस्को मामले के आरोपी 30 वर्षीय तबरेज मंसूरी पिता-जाबिर मंसूरी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी खैरखां पंचायत के मधुबनी गांव के वार्ड संख्या सात का रहने वाला है और इसकी गिरफ्तारी प्राथमिकी कांड संख्या-865/2022 दिनांक-14.08.2022 आईपीसी की धारा 341, 353, 354(6), 307, 379, 427, 504, 506, 341 और 8 पॉस्को एक्ट में की गयी है। खैरखां के मधुबनी वार्ड संख्या-7 के रहने वाले मो.मुश्ताक आलम की नाबालिग बेटी की ओर से दर्ज प्राथमिकी में जल निकासी के लिए बने नाला को तोड़ने से मना करने पर परिवार के सदस्यों पर जानलेवा हमला करने, मां को मारपीट कर नग्न करने के साथ मां-पिताजी पर जानलेवा हमला और लूटपाट का आरोप लगाया गया था।जिसमे तबरेज के अलावे उसके 32 वर्षीय भाई परवेज मंसूरी और शहजादनी खातून पति-मो.परवेज मंसूरी को आरोपी बनाया गया था।तीन आरोपियों में से पुलिस ने तबरेज मंसूरी को गिरफ्तार किया। मामले में फरार चल रहे अन्य दो आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की बात केस के अनुसंधानकर्ता पीएसआई प्रीति कुमारी और थानाध्यक्ष निर्मल कुमार यादवेन्दु ने कही।

### रविवार के स्थान पर अब शनिवार को बंदियों के परिजन कर सकेंगे मुलाकात

**वाराणसी (एजेंसी)।** राज्य सरकार ने नये उत्तर प्रदेश जेल मैनुअल-2022 को लागू कर दिया है। इसमें जेल अवकाश के साथ-साथ रविवार के दिन बंदियों से उनके परिजनों की मुलाकात नहीं होगी। यह जानकारी जिला कारागार अधीक्षक ने गुरुवार को दी। उन्होंने बताया कि रविवार के स्थान पर शनिवार को बन्दियों के परिजन मुलाकात कर सकेंगे। जेल में निरुद्ध बंदियों की उनके परिजनों से मुलाकात को लेकर प्रदेश शासन गंभीर है। बंदी अपने परिजनों से केवल छुट्टी के दिन नहीं मिल पाएंगे। 128 साल पुराने कानून में राज्य सरकार ने बदलाव करते हुए नए जेल मैनुअल में खास इंतजाम किए हैं। नए मैनुअल में कैदियों को जेल में शाम के समय की चाय के साथ बिस्किट और त्योहारों पर खीर भी दी जाएगी। इसके अलावा जेल की कैंटीन में बंदियों को समोसा एवं कोल्ड ड्रिंक भी उपलब्ध कराई जाएगी।

### रायगढ़ में नशीली दवा बेचने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़ (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में नशीली दवा बेचने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने आज बताया कि कोतवाली पुलिस ने नशीली कफ सिरप का अवैध कारोबार करने के मामले में रामनिवास टॉकीज चौक के समीप पुलिस ने घेराबंदी कर दो आरोपियों के पास से 112 नग नशीली कफ सिरप जप्त किया गया। इस मामले में आयुष कुमार छड़ीमली और इरफान खान को पकड़ा गया है।

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक युवक की मौत, दो गंभीर

**मोतिहारी (एजेंसी)।** ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।घटना जिले के पिपराकोठी थाना क्षेत्र के ढेकहाँ मुसहर टोली स्थित बौद्धि माई स्थान के समीप की है। बताया जा रहा है कि ढेकहां के 20 वर्षीय कृष्णा मांझी अपने दो मित्रो के साथ बाइक पर बौद्धि माई स्थान से होकर गुजर रहा था।इसी बीच खेत जोत कर लौट रहे एक ट्रैक्टर की चपेट में आ गया। जिसमे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वही बाइक पर सवार दो अन्य साथी 19 वर्षीय रामप्रवेश व 18 वर्षीय भुटेली गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका इलाज शहर के निजी नर्सिंग होम में चल रहा है। जानकारी के अनुसार घटना के बाद ट्रैक्टर लेकर चालक भागने में सफल रहा। पिपरा कोठी थानाध्यक्ष मनोज सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही घायलो को इलाज के लिए व शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर आवश्यक कारवाई की जा रही है।

### तिरहुत नहर में डूबने से युवक की मौत

**मोतिहारी (एजेंसी)।** जिले के हरसिद्धि थाना क्षेत्र के भादा गांव स्थित बम नहर में गुरुवार की सुबह डूबने से एक युवक की मौत हो गई।बताया गया है कि ओलहा गांव निवासी 35 वर्षीय चुमन पासवान गुरुवार की सुबह शौच के लिए गए नहर तरफ गया था।जहां उसका पैर फिसलने के कारण वह नहर में डूब गया।स्थानीय गोताखोरों ने काफी कोशिश की लेकिन उसका शव नही मिल सका।वही सूचना के बाद एसडीआरएफ के गोताखोरो ने घंटो कड़ी मशक्कत कर शव को पानी से बाहर निकाला गया।

# हेमामालिनी व कलाकारों ने महारास का प्रस्तुतीकरण देकर किया भक्ति रस से सराबोर



**मथुरा (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मथुरा के जवाहर बाग के सुरम्य वातावरण में बुधवार देर शाम मथुरा की सांसद एवं मशहूर नृत्यांगना हेमामालिनी ने कार्तिक रास महोत्सव में महारास का जीवन्त प्रस्तुतीकरण कर वातावरण को भक्ति रस से सराबोर कर दिया।


सुश्री हेमामालनी ने नाट्य विहार कला केन्द्र मुम्बई एवं कान्हा अकादमी वृन्दावन के कलाकारों के साथ अनूठे तरीके से महारास का प्रस्तुतीकरण कर 11 दिवसीय ब्रज रज उत्सव में चार चांद लगा दिए। मथुरा की सांसद एवं मशहूर सिने कलाकार ने कहा कि उनकी इच्छा आज पूरी हुई है। वैसे तो कुछ इसी प्रकार का कार्यक्रम वह वृन्दावन में कुछ वर्ष पहले कर चुकी हैं, लेकिन उनकी इच्छा थी कि वह इस कार्यक्रम को प्रकृति की गोद में उसी प्रकार करें जैसा द्वापर में राधाकृष्ण ने वृन्दावन में महारास किया था। जवाहर बाग के प्राकृतिक वातावरण में कार्यक्रम कर उन्हें द्वापर की अनुभूति हुई है। उन्होंने इस बात पर अफसोस व्यक्त किया कि उनके अनुरोध पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हिमाचल प्रदेश में चुनाव प्रचार के बीच मथुरा पहुंचे लेकिन बारिश के कारण कार्यक्रम को एक दिन आगे बढ़ाना पड़ा और जिससे श्री योगी इसमें शरीक नहीं हो पाए। ब्रज में महारास का आयोजन वैसे नया नहीं है, लेकिन सुश्री हेमामालिनी ने जिस प्रकार से इसे नया कलेवर देने की कोशिश की उसे हजारों की संख्या में आए कलाप्रेमियों ने न केवल पसंद किया, बल्कि ब्रज के संतों ने भी इसकी प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम उप्र व्रज तीर्थ विकास परिषद के सहयोग से आयोजित किया गया। पौराणिक दृष्टि से महारास में यह गूढ तत्व छिपा है कि यदि राधा की पायल की झंकार न होती तो कान्हा की वंशी अनूठे स्वर न देती।

महारास के प्रस्तुतीकरण के पहले कलाकारों ने भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का प्रस्तुतीकरण कर दर्शकों को इतना भाव विभोर कर दिया कि हर प्रसंग के बाद वातावरण तालियों से गूंजता रहा। पनघट पर श्रीकृष्ण और राधा का प्रथम मिलन होता है तथा इसके बाद राधा को झूलन के लिए आमंत्रित किया जाता है। वातावरण उस समय गंभीर हो गया, जब रासलीला के दौरान अरिष्टासुर राक्षस आ गया, लेकिन कान्हा ने उसे मारकर मुक्ति दे दी।

सुश्री हेमामालिनी ने कार्यक्रम में सहयोग करने के लिए उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद विशेषकर परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र, जिला प्रशासन, दर्शकों, कलाकांरों आदि के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के समापन पर उ प्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजा कांत मिश्र ने राधा की भूमिका निभानेवाली बमथुरा की सांसद हेमामालिनी और कृष्ण की भूमिका निभाने वाले राहुल डिसूजा समेत पूरी टीम का सम्मान किया।

# मुख्यमंत्री के सिमरिया आने से जगी विकास की आशा, होगा काम या सिर्फ राजनीति

**बेगूसराय (एजेंसी)।** पौराणिक काल में राजा जनक की तपस्थली रहे मिथिला के दक्षिणी द्वार तथा मिथिला एवं मगध का संगम स्थल सिमरिया गंगा धाम अब राष्ट्रीय फलक पर छाकर अध्यात्म और मोक्ष की स्थल ही नहीं, पर्यटक स्थल के रूप में भी गुलजार हो जाएगा। आजादी के बाद प्रथम मुख्यमंत्री डॉ. श्रीकृष्ण सिंह के प्रयास से जिस जगह पर भारत का सबसे पहला रेल-सह-सड़क पुल बना था, वह जगह हरिद्वार वाले हर की पौड़ी और अयोध्या के राम की पौड़ी की तरह, मिथिला में जानकी पौड़ी की तरह विकसित होगा। इसकी संभावना मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अचानक निरीक्षण से बढ़ गई है।




मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सिमरिया के विकास के लिए तैयार किए गए जिस ब्लू प्रिंट का गहन अध्ययन कर कार्यक्रम का खाका खींचा है, यह निश्चित रूप से एक नई आशा का संचार कर रहा है। मुख्यमंत्री ने सिमरिया गंगा धाम में पूर्व से स्थित पुल के दोनों ओर बन रहे सिक्स लेन पुल एवं रेल पुल को केंद्र बिंदु में रखते हुए स्नान घाट से श्मशान घाट तक व्यवस्था बनाने की जो तैयारी की है। यह तैयारी जब मूर्त रूप लेगा तो बिहार और देश के विभिन्न राज्यों ही नहीं, विदेश का भी ध्यान अपनी ओर खींचेगा। यहां 28 बिंदुओं पर कार्य की जो योजना बनाई गई है, इस योजना को स्वीकृति देकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आध्यात्म और मोक्ष की इस पावन भूमि को ना केवल नई ऊंचाई देने का प्रयास किया है। बल्कि भाजपा के गढ़ मिथिला के मतदाताओं को भी विकास के अपने नए सोच का संदेश दिया है।

सिमरिया में एक ओर कार्तिक महीने में सदियों से एक महीने का कार्तिक कल्पवास मेला लगता है तो साल के 365 दिन यहां बिहार एवं देश के विभिन्न राज्यों और पड़ोसी देश नेपाल के लोग आते रहते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार जब दो-दो नया आधुनिक तकनीक का पुल बनवा रही है तो पुल के नीचे स्नान घाट, सीढ़ी, पार्क, धर्मशाला, आरती स्थल, मंदिर आदि जब बनकर तैयार हो जाएगा तो इससे संतों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा लंबे समय से जानकी पौड़ी के रूप में विकसित करने का सपना भी साकार हो जाएगा।

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दूसरे पहलू पर गौर करें तो सिमरिया बिहार में खास कर मिथिला और आसपास के राज्यों के लोगों सनातन धर्मावलंबियों के आस्था का प्रमुख केंद्र बिंदु है। 2023 में यहां लगने वाले अर्धकुंभ से ठीक पहले मुख्यमंत्री आए हैं तो यह कहीं ना कहीं हिंदू वोट बैंक को साधने की भी एक कोशिश है। नीतीश कुमार अपने प्रधानमंत्री बनने की आकांक्षा की पूर्ति के लिए भाजपा की तरह मंदिर और धर्मस्थल के विकास के मार्ग से ही जनता में पैठ बनाना चाह रहे हैं। जो प्रयास ममता बनर्जी और राहुल गांधी करते रहते हैं।

उल्लेखनीय है कि कभी अंगुत्तराप और स्वर्ण भूमि के नाम से विख्यात बेगूसराय के सिमरिया का इतिहास पौराणिक रहा है। कहा जाता है कि राजा परीक्षित को भी श्राप से उद्धार के लिए सिमरिया गंगा तट पर कल्पवास करना पड़ा था। नंदिनी सीता जब विवाह के बाद अपने ससुराल अयोध्या जा रही थी तो उनके पांव पखारने के लिए राजा जनक ने मिथिला की सीमा सिमरिया में ही डोली रखने को कहा था।

तब राजा जनक ने सिमरिया पहुंचकर गंगा के किनारे यज्ञ और कार्तिक मास में कल्पवास किया था, तभी से यहां कल्पवास की परंपरा चल रही है। आजादी के बाद देश में गंगा नदी पर सबसे पहला रेल-सह-सड़क पुल सिमरिया में बना तो लोगों की पहुंच आसान हो गई तथा बिहार ही नहीं, कई राज्य और नेपाल से लोग पहुंचने लगे। सरकार को सिमरिया घाट से सात करोड़ से अधिक का राजस्व मिलता है।

लेकिन विकास के नाम पर इसे शून्य कर दिया गया है। सिमरिया को विकसित कर जानकी पौड़ी के रूप में स्थापित करने के लिए सिद्धाश्रम के संस्थापक स्वामी चिदात्मन जी के नेतृत्व में अभियान शुरू किया गया। इसके बाद जिले के तमाम जनप्रतिनिधियों ने एकजुट होकर सिमरिया को उसकी ख्याति और गरिमा के अनुरूप अंतरराष्ट्रीय स्तर के पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का प्रयास शुरू किया गया।

## लालू यादव किडनी ट्रांसप्लांट के लिए जायेंगे सिंगापुर, रोहिणी करेगी किडनी दान



**पटना (एजेंसी)।** डेढ़ दर्जन से अधिक बीमारियों से लड़ रहे राजद सुप्रीमो लालू यादव (74) के किडनी ट्रांसप्लांट कराने की तैयारी हो रही है। वह इसी माह इसके लिए सिंगापुर जा सकते है। बताया जा रहा है कि सिंगापुर में रहने वाली बेटी ही उन्हें अपनी किडनी दान करेगी। लालू-राबड़ी की दूसरी बेटी रोहिणी आचार्य सिंगापुर में रहती है और पिछले महीने लालू यादव वहीं से इलाज कराकर लौटे है जो अपनी किडनी देगी। कई स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे राजद अध्यक्ष को सिंगापुर के चिकित्सकों ने गुर्दा प्रत्यारोपण की सलाह दी है। सूत्रों के अनुसार सिंगापुर में रहने वाली उनकी बेटी रोहिणी आचार्य ने अपने पिता को नया जीवन देने का फैसला किया है। लालू यादव फिलहाल दिल्ली में हैं और जमानत पर बाहर हैं। कथित चारा घोटाला के मामलों में शामिल होने के कारण उन्हें जेल की सजा हो चुकी है और वह इलाज के लिए दिल्ली और रांची में कई बार अस्पताल में भर्ती हुए हैं।

**लालू यादव 24 नवंबर तक सिंगापुर जा सकते है**

लालू की बेटी रोहिणी आचार्य ने लालू यादव को सिंगापुर बुलाकर उनका इलाज कराया और अब वह अपनी किडनी उन्हें दान करना चाहती है। हालांकि लालू बेटी से किडनी लेने के पक्ष में बिल्कुल नहीं थे। ऐसे में रोहिणी ने उन्हें इसके लिए तैयार भी किया, क्योंकि परिवार के सदस्यों की किडनी लेने पर सफलता की दर ज्यादा रहती है। बताया जा रहा है कि लालू यादव 24 नवंबर तक सिंगापुर जा सकते है। किडनी अस्पताल के रूप में विख्यात सेंटर फार किडनी डिजीज से लालू का इलाज चल रहा है। उसी अस्पताल में भाजपा नेता एवं राज्यसभा के पूर्व सदस्य आरके सिन्हा का भी इलाज हुआ है। सिन्हा ने भी पिछले वर्ष लालू को सिंगापुर में इलाज का सुझाव दिया था। दिल्ली एम्स के डाक्टरों ने किडनी ट्रांसप्लांट की सलाह नहीं दी थी, लेकिन सिंगापुर में डाक्टरों ने जांच के बाद सबकुछ ठीक पाया है। सिंगापुर में लालू यादव के चेकअप के दौरान रोहिणी की भी जांच हुई। जांच के बाद डाक्टरों ने रोहिणी को किडनी देने की स्वीकृति दे दी थी।

## अभिषेक की साली की मुश्किलें बढ़ीं, गिरफ्तारी पर रोक के खिलाफ खंडपीठ पहुंची ईडी




**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी की साली मेनका गंभीर की गिरफ्तारी पर कलकत्ता हाईकोर्ट की एकल पीठ की ओर से लगाई गई रोक के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने खंडपीठ में याचिका लगाई है। खास बात यह है कि हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की खंडपीठ ने याचिका को स्वीकार भी कर लिया है। इसके पहले हाईकोर्ट की एकल पीठ ने मेनका गंभीर से कोलकाता में पूछताछ का आदेश दिया था। लेकिन उनकी खिलाफ गिरफ्तारी पर रोक लगाई थी। न्यायालय के इस रक्षा कवच की आड़ में वह विदेश जाने का प्रयास भी कर चुकी हैं। अब ईडी ने मुख्य न्यायाधीश प्रकाश श्रीवास्तव और राजर्षि भारद्वाज की खंडपीठ में याचिका लगाकर दावा किया है कि गिरफ्तारी पर रोक होने की वजह से वह जांच में सहयोग नहीं कर रहीं। उन्हें पता है कि वह कुछ भी कर लें, सवाल का जवाब दें या नहीं दें लेकिन उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जा सकेगा इसलिए जांच में बाधा आ रही है। उल्लेखनीय है कि कोयला तस्करी मामले में मेनका गंभीर संदिग्ध हैं। दावा है कि बैंकाक स्थित उनके खाते में करोड़ों रुपये का लेनदेन कोयला तस्करी के मुख्य सरगना अनुप मांझी उर्फ लाला के जरिए हुई है। इसी मामले में केंद्रीय एजेंसी उन्हें हिरासत में लेने की फिराक में है। इसके पहले उनके खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया गया था।

# मोतिहारी में शटरतोड़वा गिरोह के सात शातिर बदमाश गिरफ्तार

**कई राज्यों की पुलिस को भी थी इनकी तलाश**

**मोतिहारी (एजेंसी)।** जले घोड़ासहन पुलिस ने शटरकटवा गिरोह के सात बदमाशों को रात्रि गश्ती के दौरान गिरफ्तार किया है।थानाध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा ने आज बताया कि रात्रि गश्ती के दौरान इन बदमाशो को घोड़ासहन-ढाका मुख्य पथ पर बलान चौक के पास से उस समय गिरफ्तार किया गया।जब पकड़े सातों बदमाश एक स्कार्पियो पर सवार होकर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए निकल रहे थे। पुलिस ने इनके पास से एक स्कॉर्पियो गाड़ी चाकू व शटर काटने के विभिन्न उपकरण बरामद किए हैं। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान दिनेश साह (घोड़ासहन), मो. शब्बीर (घोड़ासहन), मो. इरशाद आलम (हसनगढ कुड़वा चैनपुर) गुलशन कुमार (घोड़ासहन), दीनानाथ कुमार (बैरगनिया सीतामढी), वशीर देवान (घोड़ासहन), रंजन कुमार (घोड़ासहन) के रूप मे की गई है। थानाध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि सभी बदमाशों के विरुद्ध स्थानीय थाने में भी पूर्व से भी कांड अंकित हैं। वहीं इनकी तलाश देश के कर्नाटक, मध्यप्रदेश व झारखंड सहित कई राज्यो की पुलिस को भी है। शटरकटवा गिरोह के इन बदमाशों की गिरफ्तारी स्थानीय पुलिस के लिए बड़ी सफलता मानी जा रही है। उल्लेखनीय है कि हाल में ही सिकरहना एसडीपीओ राजेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने घोड़ासहन थाना क्षेत्र के बिशुनपुर मुसलमनिया निवासी कुख्यात शटरकटवा बदमाश इरशाद मियां को इंदौर के एक शोरूम से चोरी गई करीब 25 लाख रुपये की घड़ियों के साथ गिरफ्तार किया था।



### नवादा में एक ही परिवार के पांच लोगों की जहर खाने से मौत

**नवादा (एजेंसी)।** नवादा शहर के गढ़पर मुहल्ले में बीती देर रात एक ही परिवार के 6 लोगों ने सल्फास की गोली खा ली। इनमें से पांच की मौत हो गई, वहीं एक की हालत गंभीर बनी हुई है। मृतकों में केदारनाथ प्रसाद गुप्ता, पत्नी अनिता गुप्ता, बेटी सोनक्षी कुमारी, बेटा ध्रुव कुमार की मौत हो गई। इसके अलावा एक मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। वहीं, बेटी साक्षी कुमारी की हालात गंभीर बनी हुई है। स्थानीय लोगों के मुताबिक मृतक काफी कर्ज में डूबे हुए थे। जिसे परेशान होकर आत्महत्या करने की बात सामने आ रही है। इस मामले में पुलिस भी अभी कुछ नहीं बता रही है। सदर अस्पताल नवादा के उपाधीक्षक ने इसकी पुष्टि की है। उपाधीक्षक अजय कुमार ने गुरुवार को बताया कि बीती देर रात चार सस्पेक्टेड जहर के मामले का केस हमारे पास आया था। जिसमें से एक बच्चा ध्रुव कुमार की मौत इलाज के दौरान हो गई। तीन को हमने पावापुरी अस्पताल रेफर किया था, जिसकी वहां मौत हो गई। जबकि एक बच्ची साक्षी कुमारी को उन्होंने लेने से मना कर दिया जिसका इलाज यहां चल रहा है और वह भी गंभीर है। उन्होंने बताया कि अभी तक कुल पांच लोगों की जहर खाने से मौत हो चुकी है।

# भारत-नेपाल की बीच आम चुनाव के मद्देनजर समन्वय बैठक हुई संपन्न

**बहराइच (एजेंसी)।** पड़ोसी देश नेपाल में आसन्न आम चुनाव 2022 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से बुधवार देर शाम नेपालगंज, बॉके स्थित सॉल्टी होटल में भारत-नेपाल समन्वय बैठक न हुई। बैठक में नेपाल की ओर से बॉके एवं बर्दिया तथा भारत के जिलाधिकारी बहराइच डॉ दिनेश चन्द्र के नेतृत्व में बहराइच एवं श्रावस्ती जनपद के वरिष्ठ प्रशासनिक, पुलिस, एस.एस.बी., वन और अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान बहराइच जिलाधिकारी डॉ चन्द्र ने आश्वस्त किया कि नेपाल में आसन्न आम चुनाव को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने में हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। सीडीओ बांके सूर्य बहादुर खत्री ने बताया कि आम चुनाव के दृष्टिगत नेपाल सरकार द्वारा 17 नवम्बर की मध्य रात्रि 12:00 बजे से 20 नवम्बर की मध्य रात्रि 12:00 बजे तक भारत-नेपाल सीमा आवागमन के लिए बन्द रहेगी। श्री खत्री द्वारा इस अवधि में जनपद बहराइच एवं श्रावस्ती के अधिकारियों से सहयोग की अपेक्षा की गयी। बैठक के दौरान सीमा स्तम्भों, मादक पदार्थो और मानव तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने, सीमा पर हो रहे सड़क निर्माण, सीमा पर अन्य अवांछीय गतिविधियों पर अंकुश लगाये जाने, वन सम्पदा की सुरक्षा और अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर भी चर्चा की गयी। भारत की ओर से डॉ चन्द्र ने नेपाल अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा, समन्यवक बैठकों से भारत और नेपाल के बीच प्राचीन युग से साझा सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और राजनैतिक संबंधों को प्रगाढ़ करने में अहम भूमिका निभाई है जिसके लिए मैं सभी अधिकारियों का तहेदिल से आभारी हूं। डॉ चन्द्र ने कहा,ह्लभारत और नेपाल के बीच के रिश्तों को रोटी और बेटी के रिश्तों के नाम से याद किया जाता है। जिलाधिकारी ने पिछली देर रात आए भूकम्प पर चर्चा करते हुए कहा कि नेपाल में आए भूकम्प के झटकों को उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और दिल्ली में भी महसूस किया गया। इससे भी यह बात साबित होती है कि भूकम्प जैसी दैवीय आपदा में हमारी संवेदनाएं भी साझा रहती हैं। इसका मतलब है कि हम मात्र खुशियों में ही नहीं बल्कि गम में भी बराकर के शरीक हैं। श्रावस्ती के जिलाधिकारी नेहा प्रकाश, पुलिस अधीक्षक बहराइच केशव कुमार चौधरी, श्रावस्ती के अरविन्द कुमार मौर्या, कमाण्डेण्ट एसएसबी 42वीं बटालियन के तपन कुमार दास, 59वीं बटालियन डिप्टी कमाण्डेण्ट शक्ति सिंह ठाकुर, 62वीं बटालियन आर.के राजेश्वरी, एसडीओ वन कतर्नियाघाट मनीष कुमार शर्मा ने भी सम्बोधित किया। नेपाल के सीडीओ बर्दिया बन्धु प्रसाद बस्तोला ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। बैठक के अन्त में दोनों देशों के अधिकारियों ने एक दूसरे को स्मृति चिह्न भेंट किया तथा फोटो सेशन में भाग लिया।



## बिहार निबंधन विभाग के भ्रष्ट एआईजी के सीवान आवास पर निगरानी की छापा



**सीवान (एजेंसी)।** पटना से आई बिहार निगरानी इकाई की टीम के द्वारा सीवान में निबंधन विभाग के तिरहुत प्रमंडल के असिस्टेंट इंस्पेक्टर जनरल प्रशांत कुमार के आवास पर गुरुवार की सुबह से ही छापेमारी की जा रही है। बताते चलें कि एआईजी प्रशांत कुमार के खिलाफ निगरानी विभाग ने आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का केस दर्ज किया है । इसके बाद सुबह से ही तलाशी ली जा रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विशेष निगरानी इकाई ने दो करोड़ 680585 रुपए आय से अधिक का केस दर्ज किया ।कोर्ट से सर्च वारंट लेने के बाद एआईजी प्रशांत कुमार के सीवान पैतृक आवास के साथ ही साथ मुजफ्फरपुर और पटना के उनके ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। उल्लेखनीय हो कि बिहार स्पेशल विजिलेंस यूनिट (एसवीयू) के द्वारा निबंधन विभाग के तिरहुत प्रमंडल के असिस्टेंट इंस्पेक्टर जनरल प्रशांत कुमार के सीवान के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महादेवा मालवीय नगर स्थित पैतृक आवास सहित पटना के बोरिंग रोड स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास अलखराज अपार्टमेंट व उनके मुजफ्फरपुर के कार्यालय और आवास पर निगरानी की छापेमारी हो रही है।

## न्यूज गैलरी

### फीडे महिला कैंडिडैट : चीन की लेई टिंगजे ने बनायी फाइनल में जगह

**मोंटी कार्लो/मोनोको (एजेंसी)।** फीडे महिला कैंडिडैट टूर्नामेंट के पूल ए में भारत की शीर्ष खिलाड़ी ग्रांड मास्टर कोनेरु हम्पी, उक्रेन की एना मुजयचूक और ग्रांड मास्टर मारिया मुजयचुक को पीछे छोड़ते हुए चीन की ग्रांड मास्टर लेई टिंगजे नें फाइनल में अपनी जगह बना ली है। सेमीफाइनल मुकाबले में उक्रेन की एना मुजयचूक के खिलाफ पहले तीन क्लासिकल मुकाबले के बाद स्कोर 1.5-1.5 से बराबर था पर अंतिम चौंथे मुकाबले में लेई नें सफेद मोहरो से गुन्फील्ड ओपनिंग में 42 चालों में जीत हासिल करते हुए 2.5-1.5 फाइनल में प्रवेश कर लिया अब उनका मुकाबला पूल बी से फाइनल पहुँचने वाली खिलाड़ी से होगा। फाइनल जीतनेवाली खिलाड़ी विश्व चैम्पियन चीन की जू वेंजून के साथ विश्व चैंपियनशिप खेलेगी।

### एलेक्स हेल्स बोले - सोचा नहीं था कि फिर से विश्व कप खेलूंगा

**एडिलेड (एजेंसी)।** इंग्लैंड ने टी-20 विश्व कप के दूसरे सेमीफाइनल मैच में ओपनरों जोस बटलर (80) और एलेक्स हेल्स (86) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत भारत को 10 विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। अब खिताब के लिए पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच रविवार 13 नवम्बर को आमना-सामना होगा। प्लेयर ऑफ द मैच बने हेल्स ने कहा कि मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं फिर से विश्व कप में खेलूंगा। एलेक्स हेल्स ने मैच के बाद कहा कि यह निश्चित रूप से वही होगी (एक आदर्श पारी)। बहुत बड़ा अवसर, विश्व कप के सेमीफाइनल में भारत, मैं जिस तरह से खेला उससे वास्तव में खुश हूं और यह बहुत ही खास है। यह विशेष रूप से पावरप्ले में बल्लेबाजी करने के लिए सबसे अच्छे मैदानों में से एक है, वास्तव में अच्छी सतह और अच्छे क्रिकेट शॉट्स के लिए महान मूल्य, यह एक ऐसा मैदान है जिसकी अच्छी यादें हैं और यहां बल्लेबाजी का आनंद लें। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं फिर से विश्व कप में खेलूंगा, इसलिए मौका मिलना एक बहुत ही खास एहसास है, जिस देश (ऑस्ट्रेलिया) में मैं बहुत प्यार करता हूं और उसमें बहुत समय बिताता हूं, आज की रात मेरे करियर की सर्वश्रेष्ठ रातों में से एक है। जोस अविश्वसनीय था।

### गुणतिलाका मामले में श्रीलंका ने मांगी माफी

**कोलंबो (एजेंसी)।** श्रीलंका के खेल मंत्री रोशन रानासिंघे ने दनुष्का गुणतिलाका के विरुद्ध लगे दुष्कर्म के आरोप को लेकर ऑस्ट्रेलिया की सरकार, वहां के लोगों, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और पीड़ित युवती से माफी मांगी है। अखबार डेली मिरर ने रानासिंघे के हवाले से कहा कि खेल मामलों के लिये जिम्मेदार मंत्री होने के नाते मैं माफी मांगता हूं। रानासिंघे ने कहा कि इस मामले की जांच निष्पक्ष तरीके से होनी चाहिए और उनकी सरकार को श्रीलंका सरकार पूरा सहयोग करेगी। रानासिंघे ने कहा कि मैं (मामले को लेकर) बहुत चिंतित हूं और अपने देश और इसके लोगों की ओर से आवश्यक कार्रवाई करने की जिम्मेदारी लूंगा। उल्लेखनीय है कि गुणतिलाका को सिडनी में एक महिला के साथ दुष्कर्म के आरोप में रविवार गिरफ्तार किया गया था। वह मांसपेशियों की चोट के कारण टी-20 विश्व कप के पहले दौर से ही बाहर हो गए थे, लेकिन ऑस्ट्रेलिया में टीम के साथ बने रहे। ऑस्ट्रेलिया की एक अदालत ने सोमवार को गुणतिलाका की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी।

## विराट की नयी कामयाबी : टी-२० फॉर्मेट में चार हजार रन बनानेवाले दुनिया के पहले बल्लेबाज

**एडिलेड (एजेंसी)।** विराट कोहली टी-20 इंटरनेशनल में चार हजार रन बनाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ 42 रन बनाते ही उनके इस फॉर्मेट में चार हजार रन पूरे हो गए। टी-20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में कोहली ने 40 गेंद पर 50 रन की पारी खेली। इस पारी में उन्होंने 4 चौके और एक छक्का लगाया। अब कोहली के 115 टी-20 मैचों में 4008 रन हो गए हैं। वो टी-20 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज भी हैं। खास बात यह है कि इस फॉर्मेट में उनके पीछे यानी दूसरे पायदान पर टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा हैं। रोहित के 148 मैचों में 3853 रन हैं। 31 रन बनाते ही विराट कोहली इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा रन का रिकॉर्ड फिलहाल, ऑस्ट्रेलिया के शॉर्टर फॉर्मेट के कप्तान एरोन फिंच के नाम दर्ज था। फिंच ने 16 टी-20 इंटरनेशनल पारियों में इंग्लैंड के खिलाफ 619 रन बनाए हैं। कोहली ने 20 पारियों में 639 रन हो गए हैं। विराट टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा चौके लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज भी बन गए हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 50 रन की पारी में 4 चौके लगाए। टी-20 वर्ल्ड कप में वो अब तक 103 चौके लगा चुके हैं। उन्होंने तिलरत्ने दिलशान को पीछे छोड़ दिया। दिलशान के 101 चौके हैं। कोहली से आगे श्रीलंका के ही पूर्व कप्तान महेला जयवर्धने हैं। महेला ने 111 चौके लगाए हैं।

**इस मैच में विकेट पर भी गिरे कोहली :** 16वें ओवर में क्रिस जॉर्डन की एक यॉर्कर को विराट कोहली मिड विकेट की तरफ खेलना चाहते थे। गेंद की रफ्तार 144 किलोमीटर प्रतिघंटे थी। कोहली का बैलेंस बिगड़ा और वो विकेट पर गिर पड़े। अंपायर ने नॉटआउट करार दिया, लेकिन इंग्लिश टीम ने रिव्यू ले लिया। बहरहाल, थर्ड अंपायर ने इसे अंपायर्स कॉल करार दिया और कोहली बच गए।

## करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर पहुंचे अर्शदीप



**दुबई (एजेंसी)।** शानदार फॉर्म में चल रहे भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने आईसीसी टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान कायम रखा है। वहीं, बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह टी-20 गेंदबाजी रैंकिंग में करियर की सर्वश्रेष्ठ 23वीं पायदान पर पहुंच गए हैं। सूर्यकुमार यादव ने टी-20 विश्व कप में अब तक 5 मैचों में 200 के करीब स्ट्राइक रेट से 225 रन बनाए हैं। सूर्यकुमार करियर के सर्वश्रेष्ठ 869 रेटिंग अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं। भारत के पिछले ग्रूप मैच में सूर्यकुमार यादव ने 25 गेंद में 61 रन बनाए थे। उनके बाद न्यूजीलैंड के डेवोन कॉनवे दूसरे स्थान पर हैं, जबकि पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम चौथे स्थान पर हैं। भारतीय उप कप्तान केएल राहुल पांच पायदान चढ़कर 16वें स्थान पर पहुंच गए हैं। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली 11वें और रोहित शर्मा 18वें स्थान पर हैं। गेंदबाजी में अर्शदीप सिंह चार पायदान चढ़कर 23वें स्थान पर हैं, जबकि पाकिस्तान के शाहीन शाह अफरीदी उनसे एक पायदान ऊपर हैं। भारत के अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन 5 पायदान चढ़कर 13वें स्थान पर हैं। श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा शीर्ष पर हैं। वानिंदु हसरंगा ने आईसीसी टी-20 विश्व कप 2022 में 15 विकेट लिए। तीन साल के अपने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय करियर में वानिंदु हसरंगा के आंकड़े उल्लेखनीय हैं। वानिंदु हसरंगा ने अब तक 52 मैच में केवल 14.48 के औसत और 6.67 की बेहद प्रभावशाली इकॉनमी से 86 विकेट लिए हैं। ऑलराउंडर्स रैंकिंग में जिम्बाब्वे के सीन विलियम्स शीर्ष दस में पहुंच गए हैं। सीन विलियम्स शीर्ष-10 ऑलराउंडर्स रैंकिंग में एकमात्र बदलाव हैं। शीर्ष-10 गेंदबाजी में भी सिर्फ एक ही बदलाव हुआ है। इंग्लैंड के आदिल रशीद हमवतन सैम करन से एक स्थान पीछे 8वें नंबर पर हैं। ताजा बल्लेबाज रैंकिंग में पथुम निसानका शीर्ष-10 में शामिल हैं। टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग के शीर्ष-10 में वही एकमात्र बदलाव हैं। बल्लेबाजी रैंकिंग के शीर्ष-10 में भारत के सिर्फ सूर्यकुमार यादव ही हैं, जबकि पाकिस्तान के दो (मोहम्मद रिजवान और बाबर आजम), साउथ अफ्रीका के दो (एडेन मार्कराम और रिले रोसौव) और न्यूजीलैंड के दो (डेवोन कॉनवे और ग्लेन फिलिप्स) बल्लेबाज हैं।

# रोहित का सबसे बड़ा 'हथियार' सेमीफाइनल में हो गया फुस्स

**एडिलेड (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच टी-20 वर्ल्ड कप 2022 के दूसरे सेमीफाइनल में उम्मीद थी कि रोहित शर्मा और केएल राहुल खराब फॉर्म से उबरकर कुछ खास करेंगे, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। ये दोनों ही कुछ खास नहीं कर सके। इसके बाद 360 डिग्री बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव भी आए और बिना धूम-धड़ाका किए चले गए।

माना जा रहा था कि वह इस मुकाबले में फैक्टर साबित होंगे, लेकिन आदिल राशिद ने पार्टी खराब कर दी। कप्तान रोहित शर्मा के आउट होने के बाद मैदान पर उतरे सूर्यकुमार यादव ने एक चौका और एक छक्का जड़ा तो भारतीय फैंस को लगा आज सूर्या की आग में अंग्रेज गेंदबाज जलेंगे। इंग्लैंड के लिए गोल्डन हैंड माने जानेवाले आदिल राशिद आए और सूर्यकुमार यादव गलती कर बैठे। बेहद चतुराई से फेंकी गई गेंद पर बड़ी हिट लगाने के चक्कर में स्वीपर कवर पर कैच थमा बैठे। इस तरह रोहित शर्मा का सबसे बड़ा हथियार और टी-20 रैंकिंग में वर्ल्ड नंबर वन बल्लेबाज पवेलियन लौट गया। सूर्यकुमार (14) ने 10 गेंदों में एक चौका और एक छक्का जड़ा। उन्होंने इस टूर्नामेंट में तीन हाफ सेंचुरी जड़ी थी।

### पांड्या ने आखिरी 12 गेंद पर बनाये 39 रन



**टीम** इंडिया ने टी-20 वर्ल्ड कप के समीफाइनल मुकाबले में इंग्लैंड के सामने 169 रन का टारगेट रखा। इंग्लैंड ने इसे 16 ओवर में बिना विकेट खोये हासिल कर लिया। इससे पहले फर्स्ट इनिंग्स के 17वें ओवर में भारत का स्कोर सिर्फ 121 रन था। यहां से हार्दिक पंड्या का तूफान शुरू हुआ और जब ये थमा तो भारत के पास एक फाइटिंग टोटल था। हार्दिक की वाइफ नताशा स्टैनकोविच इस दौरान एडिलेड के स्टैंड में मौजूद थीं। नताशा पंड्या के हर शॉट पर जश्न मनाती हुई नजर आयीं। 17 ओवर के बाद भारत का स्कोर 121/3 था। डेथ ओवर स्पेशलिस्ट क्रिस जॉर्डन गेंदबाजी के लिए आये। उस समय तक 21 गेंद पर 24 रन बनाकर खेल रहे पंड्या ने ओवर की पहली गेंद को पुल कर मिडविकेट बाउंड्री के बाहर भेज दिया। यह सिक्सर था। जॉर्डन ने अगली गेंद लेग स्टंप पर यॉर्कर लेंथ की डाली। पंड्या ने इस पर स्क्वॉयर लेंग बाउंड्री के ऊपर से छक्का जमा दिया। पंड्या के इस शॉट ने 1983 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में यशपाल शर्मा की बैटिंग की याद दिला दी। यशपाल ने तब इंग्लिश गेंदबाज बॉब विलिस की गेंद पर ऐसा ही छक्का जमाया था। अगली गेंद डॉट रही और चौथी गेंद पर पंड्या ने 1 रन लिया। पांचवीं गेंद पर विराट कोहली ने 2 रन बनाए। छठी गेंद पर कोहली आउट हो गए। कोहली ने पंड्या के साथ 40 बॉल पर 61 रन बनाए।

## सेमीफाइनल में जीत के बाद कप्तान बटलर ने आयरलैंड को किया याद

**एडिलेड (एजेंसी)।** टी-20 विश्व के दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ 10 विकेट से बड़ी जीत हासिल करके फाइनल में जगह बना ली। मैच में पहले बल्लेबाजी करते भारत ने इंग्लैंड को 169 रनों का लक्ष्य दिया, जिसके जवाब में इंग्लैंड ने यह लक्ष्य16वें ओवर में ही बिना विकेट गंवाए हासिल कर लिया। इस मैच में कप्तान जॉस बटलर ने 49 गेंदों में 80 रन बनाए, जबकि उनके जोड़दार एलेक्स हेल्स ने 47 गेंदों में 86 रन बनाए, जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया।



सेमीफाइनल मुकाबले में जीत के बाद पोस्ट मैच सैरेमनी में कप्तान जॉस बटलर ने आयरलैंड के खिलाफ सुपर-12 की हार को याद करते हुए बेहद खास बयान दिया। बटलर ने कहा कि मुझे लगता है कि हमने तब से जो चरित्र आयरलैंड के खिलाफ हार के बाद दिखाया वह अद्भुत रहा है। हम यहां बहुत उत्साहित होकर आए थे, बहुत अच्छा अहसास था। 1 से 11 तक के सभी लोग आज सब ने अच्छा खेल दिखाया। हम हमेशा तेज और आक्रामक शुरूआत करना चाहते हैं। राशिद 11 पर बल्लेबाजी कर रहे थे, यह जानना अविश्वसनीय है कि हमारे पास इतनी गहराई है। कप्तान बटलर ने आगे कहा कि हेल्स ने आयामों का बखूबी इस्तेमाल किया और उन्होंने अपना फॉर्म दिखाया। वह आज शानदार तरीके से खेले। इसका आनंद लेना महत्वपूर्ण है, यह हमारी ओर से शानदार प्रदर्शन था। मुझे लगता है कि हमें जॉर्डन को विशेष श्रेय देने की जरूरत है, सेमीफाइनल में आने वाले डेथ पर तीन ओवर गेंदबाजी करने के लिए, यह एक कठिन काम था।

## हार के बाद कप्तान रोहित बोले - हम शुरुआत में घबराये हुए थे

**एडिलेड (एजेंसी)।** इंग्लैंड ने एलेक्स हेल्स (86 नाबाद) और जॉस बटलर (80 नाबाद) के तूफानी अर्द्धशतकों की बदौलत गुरुवार को टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में भारत को 10 विकेट से रौंदकर पाकिस्तान के साथ फाइनल में जगह बनाई। भारत ने इंग्लैंड को 169 रन का लक्ष्य दिया, जिसे बटलर-हेल्स की जोड़ी ने चार ओवर रहते हुए हासिल कर लिया। हालांकि, भारत जीत का दावेदार माना जा रहा था, लेकिन खराब बल्लेबाजी व गेंदबाजी के चलते मैच उनके हाथ से निकल गया। वहीं हार का सामना करने करे बाद कप्तान रोहित शर्मा ने माना कि वे शुरूआती समय में घबरा गए थे। रोहित ने कहा, "बहुत निराश हूं कि मैच आज कैसे बदल गया।



हमने उस स्कोर को हासिल करने के लिए बैकएंड पर अच्छी बल्लेबाजी की। हम गेंद से सही नहीं थे, आज हम टर्न अप नहीं कर सके। यह नॉकआउट मैचों में दबाव को संभालने के बारे में है। इन सभी लोगों ने इसे समझने के लिए काफी खेला है। ये लोग आईपीएल मैचों में दबाव में खेले हैं, यह सब शांत रहने के बारे में है। हम शुरूआत में घबराए हुए थे, लेकिन आपको उनके सलामी बल्लेबाजों को श्रेय देना होगा, उन्होंने वास्तव में अच्छा खेला।" उन्होंने आगे कहा, "मुझे लगा कि यह पहले ओवर में थोड़ा सा स्विंग हुआ, लेकिन सही दिशा से नहीं। हम जानते हैं कि रन स्क्वायर ऑफ विकेट के ऊपर से बनाए जाते हैं, हम इसके बारे में जानते थे। जब हमने पहला गेम जीता था, तो इसने काफी चरित्र दिखाया था। बांग्लादेश के खिलाफ मैच काफी मुश्किल था। मुझे लगा कि हम अपने आप को संभाले हुए हैं और आज ऐसा नहीं कर सके।" बता दें कि एलेक्स हेल्स ने 47 गेंदों पर चार चौकों और सात छक्कों की मदद से नाबाद 86 रन बनाये जबकि कप्तान बटलर ने 49 गेंदों पर नौ चौके और तीन छक्के लगाकर 80 रन की अजेय पारी खेली।

## एशियाई चैम्पियनशिप के फाइनल में लवलीना

**अम्मान/जॉर्डन (एजेंसी)।** टोक्यो ओलंपिक 2020 की कांस्य पदक विजेता लवलीना बॉगोर्हेन और एलोर्डा कप 2022 की चैम्पियन अल्फिया पठान ने बुधवार को एएसबीसी एशियाई एलीट मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। लवलीना ने महिलाओं के 75 किग्रा सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया की सुयोन सिओंग को 5-0 के सर्वसम्मत निर्णय से हराकर चैम्पियनशिप में कम से कम रजत पदक सुनिश्चित कर लिया। इससे पहले लवलीना ने क्वार्टर फाइनल में 2016 की विश्व चैम्पियन कजाकिस्तान की वेलेंटीना खलजोवा को 3-2 से परास्त किया था। भारतीय मुक्केबाज ने शुरुआत से ही अपनी कोरियाई प्रतिद्वंदी पर दबाव बनाया और तीनों राउंड के दौरान अपने बल और तकनीकी क्षमताओं का प्रदर्शन करते हुए उसे वापसी का मौका नहीं दिया।

## ऑस्ट्रेलिया दौरे से चूकेंगे दक्षिण अफ्रीका खिलाड़ी कीगन पीटरसन



**जोहान्सबर्ग (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी कीगन पीटरसन हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया दौरे से बाहर हो गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार पीटरसन को क्रिकेट साउथ अफ्रीका टी-20 चैलेंज फाइनल के दौरान चोट लगी थी और उन्हें ठीक होने के लिए संभवतः छह से आठ सप्ताह का समय लगेगा। 2021 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने के बाद से यह दूसरा दौरा है जो प्रोटियाज बल्लेबाज सीरीज का हिस्सा नहीं होगा। पिछले साल उन्होंने कोविड-19 के कारण न्यूजीलैंड दौरे से बाहर हो गए थे। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के स्टार खिलाड़ी केशव महाराज को आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप 2022 में कमर में चोट लग गई थी, क्रिकेट साउथ अफ्रीका (सीएसए) भी उनके मेडिकल अपडेट का इंतजार कर रहा है। नीदरलैंड के खिलाफ एक मैच में महाराज दक्षिण अफ्रीका के अंतिम मैच में बल्लेबाजी करते हुए दौड़ने में असमर्थ थे और आगामी खेलों के लिए उनकी उपलब्धता का निर्धारण करने के लिए इस सप्ताह उनका मूल्यांकन किया जाएगा। सीएसए चयनकर्ताओं के लिए पीटरसन के विकल्प का चयन करना मुश्किल होगा क्योंकि उनके पास पहले से ही बहुत सारे अच्छे विकल्प हैं। अगस्त में इंग्लैंड के खिलाफ एक मैच के दौरान अपनी उंगली में फ्रैक्चर और विश्व कप से चूकने वाले रस्सी वैन डेर डूसन ने पूरी तरह से रिकवरी की है और टेस्ट क्रिकेट खेलेंगे जबकि टेम्बा बावुमा जो इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज से चूक गए थे, उनकी कोहनी की चोट भी फिट है। पीटरसन के वेस्ट इंडीज के खिलाफ अपनी दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए केवल राष्ट्रीय टीम के लिए उपलब्ध होने की संभावना है जो फरवरी 2023 के अंत में होनी है।

# 23 दिसम्बर को कोच्चि में आईपीएल का मिनी ऑक्शन





### 10 टीमें लगायेंगी बोली, पंजाब के पर्स में सबसे ज्यादा पैसे

2023 के आईपीएल में 10 टीमों के बीच कुल 74 मैच खेले जाएंगे। रिपोर्ट्स के अनुसार, आईपीएल का 16वां एडिशन मार्च के तीसरे सप्ताह में शुरू होकर मई के आखिर तक चलने की उम्मीद है। 2022 का आईपीएल 26 मार्च से शुरू हो कर 29 मई तक चला था। 2022 में पहली बार 8 की जगह 10 टीमों के साथ आईपीएल हुआ था। गुजरात टाइटंस और लखनऊ सुपर जायंट्स की 2 नई टीमों ने टूर्नामेंट में एंट्री की थी। टूर्नामेंट के फाइनल में हार्दिक पंड्या की कप्तानी वाली गुजरात टाइटंस ने संजू सैमसन की कप्तानी वाली राजस्थान रॉयल्स को 7 विकेट से हराया था। 2008 के पहले सीजन को छोड़ दें तो गुजरात टाइटंस अपने डेब्यू टूर्नामेंट में ही खिताब जीतने वाली पहली टीम बनी थी।

**मुंबई (एजेंसी)।** 23 दिसम्बर 2022 को केरल के कोच्चि में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का मिनी ऑक्शन होगा। इस बार सभी 10 टीमों को पर्स में 5 करोड़ रुपए ज्यादा मिलेंगे। पिछली बार मेगा ऑक्शन में टीमों के पास 90 करोड़ रुपए का पर्स था। इस बार उन्हें प्लेयर्स पर खर्च करने के लिए 95 करोड़ रुपए मिलेंगे। आईपीएल की सभी 10 टीमों के पास पिछले मेगा ऑक्शन के बाद कुछ पैसा बचा हुआ था। उसमें अब 5 करोड़ रुपए जुड़ जायेंगे। फिलहाल, पंजाब किंग्स के पास पर्स में सबसे ज्यादा रुपए बचे हैं। पिछले ऑक्शन के बाद उनके पास 3.45 करोड़ रुपए बचे थे। 5 करोड़ जुड़ने के बाद ऑक्शन में वह 8.45 करोड़ रुपए के साथ उतरेंगे। वहीं, पिछले आईपीएल में पहली बार शामिल हुई लखनऊ सुपरजायंट्स ने अपना पूरा पर्स खत्म कर लिया था। यानी ऑक्शन में उनके पास 5 करोड़ ही रहेंगे। 5 करोड़ रुपए जुड़ने के बाद अब चेन्नई सुपर किंग्स के पास 7.95 करोड़ रुपए, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पास 6.55 करोड़ रुपए, राजस्थान रॉयल्स के पास 5.95 करोड़ रुपए और कोलकाता नाइट राइडर्स के पास 5.45 करोड़ रुपए का पर्स बाकी है। पिछले साल के डिफेंडिंग चैंपियन गुजरात टाइटंस ऑक्शन में 5.15 करोड़ रुपए के साथ ऑक्शन में उतरेंगे। वहीं, मुंबई इंडियंस, सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स तीनों ही 5.10 करोड़ रुपए के साथ ऑक्शन में बोली लगाएंगे।

**15 नवम्बर तक रिटेन खिलाड़ियों के नाम सामने होंगे :** सभी 10 आईपीएल फ्रेंचाइजी को 15 नवम्बर 2022 तक रिटेन किए गए खिलाड़ियों की लिस्ट जारी करनी होगी। पिछली बार हुए मेगा ऑक्शन के बाद इस साल मिनी ऑक्शन होगा। यानी, इस बार टीमें अपने कई सारे पसंदीदा खिलाड़ियों को साथ रख सकती हैं। रिपोर्ट्स में बताया जा रहा है कि चेन्नई सुपर किंग्स में रविंद्र जडेजा को रिलीज करने पर विचार हो रहा है। वहीं, दिल्ली कैपिटल्स की टीम शार्दूल ठाकुर समेत 4 खिलाड़ियों को ऑक्शन के लिए छोड़ सकती हैं।



## न्यूज गैलरी

### श्री महाकाल लोक से 5जी सेवाओं की शुरूआत करेगी जिओ

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से आज रिलायंस जिओ की चर्चा के दौरान यह तय किया गया कि कंपनी मध्यप्रदेश में 5जी टेलीकॉम सेवाओं की शुरूआत उज्जैन स्थित श्री महाकाल लोक से करेगी। इस सेवा की शुरूआत इसी माह होगी। इसके पश्चात 5जी सेवाओं की शुरूआत इंदौर और भोपाल सहित अन्य नगरों में होगी। ये भी तय किया गया कि जिओ, श्री महाकाल लोक सहित खजुराहो और भेड़ाघाट जैसे पर्यटन स्थलों में 5जी सर्विस के फ्री वाइ फाई जोन स्थापित करेगी।

### श्रीराम इंश्योरेंस को पहली छमाही में 75 करोड़ रुपये का लाभ

नयी दिल्ली। श्रीराम समूह की जीवन बीमा प्रदान करने वाली कंपनी श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड को चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में 75 करोड़ रुपये का लाभ प्राप्त हुआ। कंपनी ने बुधवार को एक बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2021-22 की पहली छमाही में उसे 45.8 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। अप्रैल-सितंबर 2022 छमाही में कंपनी का सकल प्रीमियम 969 करोड़ रुपये दर्ज किया गया जो एक वर्ष पूर्व समान अवधि में 850 करोड़ रुपये था। आलोच्य छमाही में कंपनी के प्रबंधन के तहत परिसंपत्ति (एयूएम) की राशि 23 प्रतिशत के उछाल के साथ 8,149 करोड़ रुपये पर पहुंच गयी जो अप्रैल-सितंबर 2021 में 6,762 करोड़ रुपये थी। श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस के एमडी और सीईओ कैस्परस जेएच क्रॉमहौट ने कहा, वर्तमान में हम एक बड़े भौगोलिक क्षेत्र में अधिक ग्राहकों तक पहुंचने में सक्षम हैं। कुशल ग्राहक सेवा प्रक्रियाओं के माध्यम से ग्राहकों को उत्पादों का उचित लाभ प्रदान कर रहे हैं जैसा की दूरस्थ स्थानों में भी 12 घंटे के भीतर बीमा पर दावे का निपटान है।

### अडानी पोर्ट्स ने इंडियन ऑयल टैंकिंग की 49.38 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी

विशाखापतनम। देश की सबसे बड़ी ट्रांसपोट्र यूटिलिटी कंपनी अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) ने 1050 करोड़ रुपये में इंडियन ऑयल टैंकिंग लिमिटेड (आईओटीएल) में ऑयल टैंकिंग इंडिया जीएमबीएच की 49.38 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करने के लिए करार किया है। कंपनी ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि इस समझौते में आईओटीएल की सहायक कंपनी आईओटी उत्कल एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड में अतिरिक्त 10 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण भी शामिल है। एपीएसईजेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और पूर्णकालिक निदेशक करण अडानी ने कहा, इस अधिग्रहण के साथ एपीएचईजेड की तेल भंडारण क्षमता 200 प्रतिशत बढ़कर 36 लाख किलो लीटर हो गई। इससे यह देश की सबसे बड़ी थर्ड पार्टी तरल भंडारण कंपनी बन गई है। यह वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ी परिवहन उपयोगिता बनने की हमारी महत्वाकांक्षा को पूरा करने में मददगार साबित होगा।

### बैंक ऑफ इंडिया के होम लोन की ब्याज दर घटी

कोलकाता। बैंक आफ इंडिया का स्टार होम लोन अब 8.30 प्रतिशत प्रतिवर्ष की सर्वश्रेष्ठ प्रतिस्पर्धी ब्याज दर में शामिल हो चुका है, जिसकी सबसे सस्ती ईएमआई 7.55 लाख रुपए से शुरू होती है। बैंक द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, ग्राहक अन्य बैंकों या वित्तीय संस्थानों से अपने वर्तमान होम लोन का स्थानांतरण बैंक ऑफ इंडिया में कर सकते हैं। होम लोन आवेदनकर्ता को एक ओवरड्राफ्ट सुविधा भी मिलता है और वे कम ब्याज दर, आसान नगदी और कर लाभ जैसे तीन व्यक्तिगत लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस सुविधा का लाभ जमीन खरीदने या घर बनाने, पुराने या नए फ्लैट खरीदने या मौजूदा फ्लैट/घर की मरम्मत या सुधार करने के लिए उठाया जा सकता है। बैंक ऑफ इंडिया का स्टार होम लोन 30 वर्षों तक लोन चुकाने का समय देता है। यह ग्राहक को ऋण अवधि के दौरान लोन चुकाने के लिए विभिन्न अवधियों में विविध ईएमआई का विकल्प भी प्रदान करता है। इसके लिए कोई पूर्व भुगतान या आंशिक भुगतान शुल्क नहीं लिया जाता है और उधारकताओं को चुकाए गए ब्याज और किस्तों पर कर छूट भी प्रदान की जाती है। ग्राहक को कम ब्याज राशि का भुगतान करना पड़े इसके लिए ब्याज की गणना दैनिक आधार पर की जाती है। बैंक ऑफ इंडिया टॉप-अप और फर्नीचर लोन भी देता है। यह सुविधा बैंक ऑफ इंडिया के सभी शाखाओं में उपलब्ध है और एक आसान और समय पर अनुमोदित प्रक्रिया के माध्यम से प्रदान की जाती है।

### दुनिया का चौथा सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा जेवर, उत्तर प्रदेश सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों वाला राज्य हो जाएगा

# सरकार के सहयोग से 5,730 करोड़ रुपये के निवेश के साथ किया जा रहा है विकसित

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गौतमबुद्ध नगर के जेवर में बनने जा रहा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट योगी सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक है। यह एयरपोर्ट इस लिहाज से भी खास है क्योंकि ये उत्तर प्रदेश का पांचवां अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा होगा। देश में अभी तक तमिलनाडु और केरल ही ऐसे राज्य हैं जहां 4-4 अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे हैं। मतलब आने वाले समय में उत्तर प्रदेश सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों वाला राज्य हो जाएगा। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (एनआईए) यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राईवेट लिमिटेड (वाईआईएपीएल) द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से पीपीपी मॉडल के तहत 5,730 करोड़ रुपये के निवेश के साथ विकसित किया जा रहा है। वाईआईएपीएल के लिए रियायत की अवधि ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के लिए 1 अक्टूबर, 2021 से 40 सालों



के लिए शुरू हुई। यह एयरपोर्ट 1300 हेक्टेयर जमीन में फैला है और इसका निर्माण चार चरणों में किया जाएगा। इसका पहला चरण 2024 के अंत तक काम करना शुरू कर देगा। पहले चरण के दौरान एक रनवे और एक टर्मिनल प्रतिवर्ष 12 मिलियन यात्रियों के ट्रैफिक को संभाल सकेगा। अंतिम चरण पूरा हो जाने के बाद इस एयरपोर्ट के दो टर्मिनल और दो रनवे होंगे, जो हर साल 70 मिलियन यात्रियों को संभालेंगे। इस एयरपोर्ट के डिजाईन की प्रेरणा भारत से ली गई है, और इस क्षेत्र के वास्तुकला से प्रेरित अनेक तत्वों को डिजाईन में शामिल किया गया है। इस टर्मिनल के बाहरी कोर्ट की सीढ़ियां वाराणसी और हरिद्वार के मशहूर घाटों से प्रेरित हैं। ये लोगों का स्वागत कर उन्हें एक साथ लाती हैं। हवेली का रूप व अहसास प्रदान करते हुए कोर्टयार्ड से ताजा हवा और धूप टर्मिनल के भवन में प्रवेश करती है। क्षेत्र की महत्वपूर्ण नदियों से प्रेरित, सफेद,

> यह एयरपोर्ट 1300 हेक्टेयर जमीन में फैला है और इसका निर्माण चार चरणों में किया जाएगा। इसका पहला चरण 2024 के अंत तक काम करना शुरू कर देगा। पहले चरण के दौरान एक रनवे और एक टर्मिनल प्रतिवर्ष 12 मिलियन यात्रियों के ट्रैफिक को संभाल सकेगा।

ट्रांसलुसेंट,और लहरदार छत बहती नदी का प्रभाव उत्पन्न करती है। यात्री टर्मिनल में बारीक कला से बनी जालीदार स्क्रीन हैं, जो भारतीय वास्तुकला से प्रेरित हैं। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश राज्य में एक भव्य प्रवेश का प्रदर्शन करेगा। पूरा हो जाने के बाद इस एयरपोर्ट में दो यात्री टर्मिनल होंगे। टर्मिनल 1 में हर साल 30 मिलियन यात्रियों की क्षमता होगी और टर्मिनल 2 में हर साल 40 मिलियन यात्रियों की क्षमता होगी। यात्रियों के आवागमन के लिए इन टर्मिनल्स को आपस में जोड़ा जाएगा, पैदल चलने की दूरी और पर्यावरण पर प्रभाव को कम किया जाएगा। इसके अलावा, मॉड्युलर डेवलपमेंट प्लान द्वारा निर्माण के दौरान कार्यों पर प्रभाव को कम किया जाएगा। इंटर-टर्मिनल कनेक्टर हवाई जहाज और उनके ऑपरेशंस का लचीलापन सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। एनआईए में एक मल्टी-मोडल ट्रांज़िट हब ग्राउंड ट्रांसपोर्टेशन सेंटर में विकसित किया जाएगा, जो परिवहन के विभिन्न सार्वजनिक और निजी माध्यमों के बीच सुगम कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। जीटीसी में मेट्रो और हाई-स्पीड रेल स्टेशन, टैक्स, बस सेवाएं, और प्राईवेट पार्किंग के साथ एक विशाल कॉन्कोर्स क्षेत्र होगा। यहां कमर्शियल स्पेस, रेस्टोरेंट्स और लाउंज होंगे।

### आईएमपीसीएल ने दिया 10.3 करोड़ रुपये का लाभांश

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रम इंडियन मेडीसिन्स फार्मास्यूटिकल कार्पोरेशन लिमिटेड (आईएमपीसीएल) ने आयुष मंत्रालय और उत्तराखंड सरकार को 10.3 करोड़ रुपये का लाभांश देने की घोषणा की है। कंपनी के अधिकारियों ने गुरुवार को यहां एक समारोह में आयुष मंत्रालय का 9.93 करोड़ रुपये का लाभांश चेक आयुष मंत्री सर्बानन्द सोनोवाल को सौंपा। समारोह में आयुष राज्यमंत्री मुंजपरा महेन्द्रभाई, आयुष मंत्रालय के विशेष सचिव प्रमोद कुमार पाठक, आयुष मंत्रालय के योग और प्राकृतिक चिकित्सा प्रकोष्ठ के निदेशक विक्रम सिंह, आयुर्वेद सलाहकार एवं आईएमपीएसीएल के प्रबंध निदेशक डॉ. मुकेश कुमार, अरविन्द कुमार अग्रवाल तथा अन्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## टोयोटा ने किया सीएनजी सेगमेंट में प्रवेश



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** यात्री वाहन बनाने वाली कंपनी टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज सीएनजी सेगमेंट में प्रवेश करने की घोषणा करते हुये टोयोटा ग्लैंजा और अर्बन क्रूजर हाइराइडर के सीएनजी मॉडल उतारे हैं। ई सीएनजी प्रौद्योगिकी के साथ टोयोटा ग्लैंजा की प्रतिस्पर्धी कीमत 843,000 रुपए और ग्रेड जी व एस की कीमत 946,000 रुपये है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि टोयोटा ग्लैंजा इस साल के शुरू में लॉन्च किया गया था। अब मैनुअल ट्रांसमिशन में एस एंड जी ग्रेड में सीएनजी रूपांतर के साथ मैनुल ट्रांसमिशन पावरट्रेन के साथ उपलब्ध होगी। इस सेगमेंट में अपनी तरह का पहला अर्बन क्रूजर हाइराइडर भी अब एस एंड जी दोनों ग्रेड में फैक्ट्री फिटेड सीएनजी किट के साथ उपलब्ध होगा। दोनों ग्रेड में मैनुअल ट्रांसमिशन (एमटी) पावरट्रेन से युक्त, सीएनजी रूपांतर सेल्फ-चार्जिंग स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक के साथ-साथ नियो ड्राइव रूपांतर के अतिरिक्त होगा, जो पहले से ही बाजार में उपलब्ध हैं और हैं जिन्हें ग्राहकों से बहुत उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली। टोयोटा के दोनों मॉडलों में सीएनजी ग्रेड की शुरूआत टीकेएम को टिकाऊ वाहन प्रौद्योगिकी पेशकशों की अपनी सीमा को बढ़ाने के साथ-साथ ग्राहकों के चुनने के लिए पर्यावरण के अनुकूल और किफायती विकल्प प्रदान करने में सक्षम बनाएगी। इस तरह, भारतीय उपभोक्ताओं की विभिन्न किस्म की गतिशीलता आवश्यकताएं पूरी की जाएंगी।

## एसुस ने भारत में दुनिया का पहला 17.3 इंच का फोल्डेबल लैपटॉप- जेनबुक 17 फोल्ड ओएलईडी लॉन्च किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची (एजेंसी)।** ताइवान की टेक्नोलॉजी जायंट, एसुस इंडिया ने आज भारत में दुनिया का पहला 17.3 इंच का फोल्डेबल ओएलईडी लैपटॉप लॉन्च करने की घोषणा की है। यह जेनबुक 17 फोल्ड ओएलईडी लैपटॉप अभूतपूर्व नवाचार का बेमिसाल उदाहरण पेश करता है। अल्ट्रा-कॉम्पैक्ट और हल्का 12.5 & quot फोल्डेबल ओएलईडी लैपटॉप 6 मोड्स के साथ एक बहुमुखी 17.3 इंच डिवाइस के रूप में इजात हुआ है, जबकि इसका वजन केवल 1.5 किलोग्राम (बिना कीबोर्ड के) ही है। जेनबुक 17 फोल्ड ओएलईडी नवीनतम 12वीं जनरेशन के इंटेल ® कोर TM! 7-125 ओयू प्रोसेसर से लैस है, जिसे 10 कोर (दो परफॉर्मेंस कोर और आठ एफिशिएंसी कोर) के साथ डिजाइन किया गया है, जिसके लिए सभी कार्यों को आसानी से हैंडल करने की अधिकतम फ्रीक्वेंसी 4.7 है। इसके अलावा, लैपटॉप 16GB 5200 MHz LPDDR5 रैम और 1TB



PCIe 4.0 गुणे 4 6500 MB/s SSD के साथ आता है। जेनबुक 17- फोल्ड विद ओएलईडी डिस्प्ले तमाम भारतीय यूजर्स के लिए 329,990 रूपए में ऑनलाइन और ऑफलाइन टचपॉइंट्स पर उपलब्ध है। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए अर्नोल्ड सु, बिजनेस हेड, कंज्यूमर और गेमिंग पीसी, सिस्टम बिजनेस ग्रुप, एसुस इंडिया ने कहा, भारतीय बाजार में हम अपने शानदार इनोवेशन जेनबुक 17 फोल्ड ओएलईडी के लॉन्च की घोषणा करते हुए बेहद रोमांचित हैं। यह दुनिया का पहला 17.3 इंच का फोल्डेबल लैपटॉप

> ◆इंटेल और बीओई के साथ विकसित किया गया यह लैपटॉप एक बेशकीमती और क्रॉंतिकारी अनुभव प्रदान करता है, जो लैपटॉप की पोर्टेबिलिटी के साथ डेस्कटॉप की उत्पादकता को बखूबी मिश्रित करता है।

है, जो प्रोप्राइटरी फोल्डेबल हिंज डिजाइन का उपयोग करता है। इंटेल और बीओई के साथ विकसित किया गया यह लैपटॉप एक बेशकीमती और क्रॉंतिकारी अनुभव प्रदान करता है, जो लैपटॉप की पोर्टेबिलिटी के साथ डेस्कटॉप की उत्पादकता को बखूबी मिश्रित करता है। यह लैपटॉप काम करने के अलग-अलग वातावरण में, यानि ऑफिस में, घर पर, यात्रा के दौरान या आराम करते समय हर तरह के ऑपरेशन्स परफॉर्म करने में कुशलता प्रदान करता है। और साथ ही यह स्टाइलिश रूप से एक अत्यधिक पोर्टेबल डिवाइस में दो स्क्रीन आकार और मल्टीपल यूसेज मोड्स शामिल करता है।

## सीतारमण ने सार्वभौमिक हरित बौंड फ्रेमवर्क को किया अनुमोदित

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हरित परियोजनाओं के लिए वित्त जुटाने के उद्देश्य से आज देश के सार्वभौमिक हरित बौंड फ्रेमवर्क को अनुमोदित कर दिया। वित्त मंत्रालय ने यहां जारी बयान में कहा कि इस अनुमोदन से भारत के नेशनली डिटरमाइंड कट्रीब्यूशन लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा में किये गये वादे को पूरा करने में मदद मिलेगी। भारत ने पेरिस संधि के तहत यह वादा किया हुआ है। इस अनुमोदन से हरित परियोजनाओं के लिए वैश्विक और घरेलू निवेश आकर्षित की जा सकेगी। इस तरह के बौंड जारी किये जाने से अर्थव्यवस्था में कार्बन उत्सर्जन को कम करने वाली सरकारी परियोजनाओं के लिए धन जुटाने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ग्लासगो में नवंबर 2021 में कोप 26 के दौरान पंचामृत के तहत कदम उठाये जाने के वादे किये थे और यह अनुमोदन भी उसी का हिस्सा है। इसके साथ ही वित्त मंत्री ने चालू वित्त वर्ष के आज बजट में भी इसकी घोषणा की थी। हरित बौंड वित्तीय उपाय है जो पर्यावरण एव जलवायु के अनुकूल वाली परियोजनाओं में निवेश को गति देगा। इस माध्यम से जुटायी गयी पूंजी की लागत भी नियमित रूप से मिलने वाली पूंजी की तुलना में कम होगी।

## बिजली की खपत को दोगुना होने से 2040 तक बढ़ती रहेगी कोयले की मांग: जोशी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने विगत बुधवार को कहा कि 2040 तक देश में प्रति व्यक्ति बिजली खपत दोगुना होने का अनुमान है, जिसके कारण कोयले की मांग भी बढ़ती रहेगी। कोयला और खान मंत्रालयों की जिम्मेदारी संभालने वाले जोशी ने जोर देकर कहा कि इस समय भारत में प्रति व्यक्ति बिजली खपत कुछ विकसित अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में दसवां हिस्सा भी नहीं है। कोयला मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक उन्होंने कहा कि कोयले की मांग कम से कम अगले 25-30 वर्षों तक बनी रहेगी। बयान में आगे कहा गया कि पहले पांच चरणों में 64 कोयला खदानों की नीलामी सफलतापूर्वक की जा चुकी है।

## केंद्र ने रुपए में अंतरराष्ट्रीय व्यापार के सेटलमेंट की अनुमति दी, जानें इसके फायदे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय ने कहा कि भारत सरकार ने भारतीय रुपए में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार निपटानों अर्थात चालान, भुगतान और भारतीय रुपए में निर्यात/आयात के निपटान के लिए विदेश व्यापार नीति तथा प्रक्रियाओं की पुस्तिका में उपयुक्त संशोधन किए हैं। इसी के अनुरूप, विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने पहले ही 11 जुलाई 2022 के भारतीय रिजर्व बैंक (डीआईआर) की परिपत्र संख्या 10 के अनुरूप चालान, भुगतान और भारतीय रुपये में निर्यात/आयात के निपटान की अनुमति देने के लिए दिनांक 16 सितम्बर 2022 की अधिसूचना संख्या 33/2015-20 का पैरा 2.52(डी) लागू कर दिया। उपरोक्त अधिसूचना की निरंतरता में,11



जुलाई 2022 के भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार भारतीय रुपए में निर्यात प्राप्तियों के लिए विदेश व्यापार नीति के तहत निर्यात लाभों/छूटों/ निर्यात बाध्यताओं की पूर्ति की मंजूरी के लिए विदेश व्यापार नीति के पैरा 2.53 के तहत परिवर्तन लागू किए गए हैं। भारतीय रुपए में निर्यात प्राप्ति के लिए अद्यतन प्रावधानों को निर्यातों के लिए आयातों (एफटीपी का पैरा 2.46), स्थिति धारकों के रूप में मान्यता के लिए निर्यात निष्पादन (एफटीपीका पैरा 3.20), अग्रिम प्राधिकरण (एए) तथा शुल्क मुक्त आयात प्राधिकरण (डीएफआईए) (एफटीपी का पैरा 4.21) के तहत निर्यात आय की प्राप्ति और निर्यात संवर्धन पूंजीगत वस्तुओं (ईपीसीजी) स्कीम (एचबीपी का पैरा 5.11) के तहत निर्यात आय की प्राप्ति के लिए अधिसूचित किया गया है।

### इंडियन रेलवे की नई व्यवस्था नंबर नहीं नाम से पहचाने जाएंगे रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म

**नई दिल्ली।** क्या होगा, आप रेलवे स्टेशन पर पहुंचे और वहां आपकी ट्रेन किसि नंबर प्लेटफॉर्म पर आ रही है यह न बताकर नाम से बताया जाए कि ट्रेन अमुक प्लेटफॉर्म पर आएगी. शुरू-शुरू में तो शायद यह आपको अजीब लगे और आपको प्लेटफॉर्म तक पहुंचने में ज्यादा समय लग जाए. भारतीय रेलवे की तरफ से यूपी की दैनिक इस्तेमाल के उत्पाद बनाने वाली कंपनी 'बीएल एग्रो' को प्लेटफॉर्म का नाम बदलने का अधिकार दिया गया है.भारतीय रेलवे और 'बीएल एग्रो' के बीच हुए करार के तहत नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कुछ प्लेटफॉर्म का नाम कंपनी के तेल ब्रांड 'बैल कोल्हू' और 'नॉरिश' पर रखा जाएगा. रेलवे ने बताया कि हाइब्रिड मीडिया को 'न्यू, इनोवेटिव नॉन-फेयर रेवेन्यू आइडियाज स्कीम' के तहत एनडीएलएस प्लेटफॉर्म के नामकरण के अधिकार का ठेका दिया गया है.

## पेज एक के शेष

### छात्रों की पढ़ाई...

01.07.2022 के प्रभाव से महंगाई भत्ता की दरों में अभिवृद्धि की स्वीकृति दी गयी। उन्होंने बताया कि झारखंड राज्य के विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग, मेडिकल, विधि, जन संचार, फैशन डिजाइनिंग/फैशन टेक्नॉलोजी, होटल मैनेजमेंट, चार्टर्ड अकाउंटेंट/आईसीडब्ल्यूए से संबंधित प्रवेश परीक्षा की तैयारी हेतु निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था प्रदान कराने हेतु मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना की स्वीकृति दी गयी। बैठक में मुख्यमंत्री सारती योजना समेत चार योजनाओं को सहमति मिली। इन योजनाओं का शुभारंभ झारखंड स्थापना दिवस के दिन राष्ट्रपति के हाथों किया जायेगा।

### साइबर और सूचना...

विनिर्माण उद्योग और परस्पर जुड़ी हुई वित्तीय प्रणालियां ऐसे खतरों से ग्रस्त हैं। उन्होंने कहा कि सूचना युद्ध किसी देश की राजनीतिक स्थिरता को खतरे में डाल सकता है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया और अन्य ऑनलाइन कंटेंट जेनरेशन प्लेटफॉर्मों का संगठित उपयोग जनता की राय और दृष्टिकोण को व्यावहारिक बना रहा है। रक्षा मंत्री ने कहा कि सूचना युद्ध का प्रसार रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे संघर्ष में सबसे स्पष्ट था। पूरे संघर्ष के दौरान, सोशल मीडिया ने दोनों पक्षों के लिए युद्ध के बारे में प्रतिस्पर्धी वृतांत का प्रसार करने और अपनी शर्तों पर संघर्ष को चित्रित करने के लिए युद्ध के मैदान के रूप में कार्य किया है। वृतांतों को आकार देने की रणनीति के साधन के रूप में प्रचार अभियान युद्ध के दौरान किसी भी तरह से नए नहीं हैं, लेकिन प्राथमिक वितरण चैनल के रूप में सोशल मीडिया की ओर बढ़ने के कारण इसकी पहुंच का तेजी से विस्तार हुआ है।

### सरकार गिराने की...

निवारण कुमार महतो, अमित सिंह और अभिषेक दूबे को गिरफ्तार किया था। मामले की जांच के दौरान यह बात सामने आयी थी कि गिरफ्तार तीनों आरोपियों के साथ 16 जुलाई 2021 को दो कांग्रेसी विधायक व एक निर्दलीय विधायक दिल्ली गये थे। वहां कुछ भाजपा नेताओं के साथ मुलाकात की बात पुलिस की जांच में हुई थी। इस मामले में पुलिस ने चार्जशीट दायर नहीं किया, जिसके बाद तीनों आरोपियों को जमानत मिल गयी थी। यह मामला अभी पुलिस अनुसंधानरत है। वहीं, दूसरे मामले में घाटशिला के झामुमो विधायक रामदास सोरेन ने झामुमो के निलंबित कोषाध्यक्ष रवि केजरीवाल समेत कुछ कारोबारियों पर सरकार गिराने के लिए पांच करोड़ देने के प्रलोभन का आरोप लगाया था। इस मामले में भी पुलिस ने चार्जशीट दायर नहीं किया। आरोपियों को झारखंड हाईकोर्ट ने जमानत दी थी।

### राम सेतु को...

कि भगवान राम ने श्रीलंका जाने के लिए इस पुल का निर्माण कराया था। जब लंकापति रावण माता सीता का अपहरण कर लंका ले गया था, तब वहां पहुंचने के लिए इस पुल का निर्माण किया गया था। इसके अवशेष आज भी वहां नजर आते हैं। लेकिन कई पुरातत्वविद इसे समुद्र में उथले जगह पर समुद्री कोरल इकट्ठा हो जाने से बन गयी संरचना बताते हैं। राम सेतु तमिलनाडु के दक्षिण-पूर्वी तट पर पंबन द्वीप और श्रीलंका के उत्तर-पश्चिमी तट पर मन्नार द्वीप के बीच चूने के पत्थरों की एक श्रृंखला है। भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी का कहना है कि वे इस मुकदमे का पहला दौर जीत चुके हैं, जिसमें केंद्र सरकार ने राम सेतु के अस्तित्व को स्वीकार किया था। उन्होंने कहा कि संबंधित केंद्रीय मंत्री ने उनकी मांग पर विचार करने के लिए 2017 में एक बैठक बुलाई थी, लेकिन बाद में कुछ नहीं हुआ। स्वामी ने पूर्ववर्ती यूपीए-1 सरकार द्वारा शुरू की गयी विवादास्पद सेतुसमुद्रम शिप चैनल परियोजना के खिलाफ अपनी जनहित याचिका में भी राम सेतु को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने का मुद्दा उठाया था। मामला शीर्ष अदालत तक पहुंचा, जिसने 2007 में रामसेतु पर परियोजना के लिए काम पर रोक लगा दी थी। केंद्र सरकार ने बाद में कहा था कि उसने परियोजना के सामाजिक-आर्थिक नुकसान पर विचार किया था और राम सेतु को नुकसान पहुंचाये बिना सेतुसमुद्रम परियोजना के लिए एक और मार्ग तलाशने को तैयार थी। यूपीए सरकार की इस योजना का भाजपा व सहयोगी संगठनों ने देशभर में कड़ा विरोध किया था। योजना का पर्यावरणविदों व हिंदू संगठनों ने भी विरोध किया था।

### अब हर भारतीय....

गये हैं और उन्होंने संबंधित जानकारी का दोबारा अद्यतन नहीं कराया है, वे पहचान और निवास प्रमाण दस्तावेजों को अद्यतन करायें। लोगों को जानकारी अद्यतन करने के लिए चीजें आसान बनाने को लेकर यूआईडीएआई ने नयी विशेषता...दस्तावेज अद्यतन...जोड़ी है। इस सुविधा का उपयोग माई आधार पोर्टल और माई आधार ऐप के माध्यम से ऑनलाइन किया जा सकता है। संबंधित व्यक्ति इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए किसी भी आधार नामांकन केंद्र पर भी जा सकते हैं। नयी सुविधा के जरिये आधार धारक पहचान प्रमाणपत्र (नाम और फोटो युक्त) और निवास प्रमाणपत्र (नाम और पता युक्त) दस्तावेज अद्यतन कर संबंधित जानकारी को फिर से सत्यापित कर सकते हैं। अब तक 134 करोड़ आधार नंबर जारी किये गये हैं, यूआईडीएआई के नवीनतम कदम के बाद कितने आधार धारकों को अपनी जानकारी अद्यतन करने की जरूरत होगी।

## सरकार की एक्सिस बैंक से बाहर निकलने की तैयारी, 1.55 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगी




**नयी दिल्ली।** सरकार निजी क्षेत्र के एक्सिस बैंक से बाहर निकलने जा रही हैं सरकार की बैंक में अपनी 1.55 प्रतिशत हिस्सेदारी यानी 4.65 करोड़ शेयर बेचने की योजना है। शेयर बाजारों को यह जानकारी दी गई है। केंद्र सरकार के तहत स्पेसिफाइड अंडरटेकिंग ऑफ द यूनिट ट्रस्ट ऑफ इंडिया (एसयूयूटीआई) की एक्सिस बैंक में 1.55 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने की योजना है। इस बिक्री के साथ की सरकार निजी क्षेत्र के ऋणदाता से अपनी पूरी हिस्सेदारी निकाल लेगी। एसयूयूटीआई के पास सितंबर, 2022 तक एक्सिस बैंक में 1.55 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाले 4,65,34,903 शेयर थे। सरकार को मौजूदा बाजार भाव पर शेयर बिक्री से करीब 4,000 करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद है। एक्सिस बैंक के शेयर बुधवार को बीएसई पर पिछले बंद के मुकाबले 0.17 प्रतिशत बढ़कर 874.35 रुपये पर बंद हुए। सरकार ने पिछले साल मई में एसयूयूटीआई के जरिये एक्सिस बैंक में अपनी 1.95 प्रतिशत हिस्सेदारी लगभग 4,000 करोड़ रुपये में बेची थी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More "

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज







CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


# एयरो शो में चीन ने दिखाया अपना सबसे खतरनाक एंटी ड्रोन सिस्टम

## चीन के गुआंगदोंग प्रांत में हो रहा एयरो शो, चीन अपने लेटेस्ट फाइटर जेट्स का करेगा प्रदर्शन

**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन के गुआंगदोंग प्रांत में इस समय एयरो शो का आयोजन हो रहा है। आठ नवम्बर से 13 नवम्बर तक चलनेवाले इस एयरो शो के दौरान चीन अपने लेटेस्ट फाइटर जेट्स और असैन्य एयरक्राफ्ट का प्रदर्शन कर रहा है। यह एरो शो जो एक तरह से चीन का शक्ति प्रदर्शन है, उसके दूसरे दिन चीन ने अपना सबसे खतरनाक ड्रोन दुनिया को दिखाया। इस एयरो शो को ऐसे समय में आयोजित किया जा रहा है जब पीपुल्स लिब्रेशन आर्मी (पीएलए) एयरफोर्स अपनी 73वीं वर्षगांठ मना रह है। इस आयोजन और अपनी वर्षगांठ के मौके पर वायुसेना यह बताना चाहती है कि एयरस्ट्राइक्स और मानव रहित युद्ध में वह कितनी कारगर है।

### खतरनाक रडार से लैस है ड्रोन सिस्टम

**इस** एंटी-यूएवी पैकेज में अर्ली वॉर्निंग सिस्टम इंस्टॉल है जिसमें डीके-1 निचने स्तर वाली रडार भी शामिल है। साथ ही इलेक्ट्रो ऑप्टिकल रडार से भी इसे लैस किया गया है। इसकी मदद ये यह सिस्टम नीचे उड़ने वाले किसी भी छोटे ड्रोन को निशाना बना सकता है। साथ ही साथ जमीन पर मौजूद उनके लॉन्च व्हीकल भी इससे नहीं बच सकते हैं। गुआंगदोंग के झुहाई में यह एयरो शो ऐसे समय में हो रहा है जब रूस और यूक्रेन के बीच जंग जारी है। इस जंग की वजह से रूस के पास हथियारों की संख्या में कमी आती जा रही है। यहां तक कि अमेरिका ने उत्तर कोरिया पर आरोप लगा दिया है कि वह रूस के हथियारों की कमी को पूरा करने लिये उसे हथियार सप्लाई कर रहा है।


#### काफी ताकतवर है ये ड्रोन

**सैन्य** और असैन्य मकसद से ड्रोन सप्लाई करने के लिहाज से चीन दुनिया का नंबर बड़ा अंतरराष्ट्रीय सप्लायर है। इसके कुछ असैन्य उत्पादों को भी युद्ध के क्षेत्र में प्रयोग किया जा रहा है। चीन की सेना पहले ही कई तरह के ड्रोन को तैनात करना शुरू कर चुकी है। मगर अब वह तेजी से नई टेक्नोलॉजी के साथ इनका उत्पादन करना चाहती है। जिस ड्रोन सिस्टम ने झुहाई एयरो शो में डेब्यू किया है वह काफी ताकतवर ड्रोन करार दिया जा रहा है। यह सिस्टम हर तरह के ड्रोन का पता लगता है, रेकी करता है, कंट्रोल और इंटरसेप्शन से लेकर अनुमान तक लगा सकता है।

यह खतरनाक ड्रोन उसकी इस सोच को आगे बढ़ाता है।

#### नयी तकनीक का उदाहरण

**चीन** ने यह मन बना लिया है कि मानवरहित युद्ध में वह नयी तकनीक को अपनायेगी। इसी सोच के साथ उसने एक ऑल राउंड एंटी ड्रोन सिस्टम से पर्दा उठाया है। इस ड्रोन को चाइना एरोस्पेस साइंस एंड इंडस्ट्रीज कॉरपोरेशन की तरफ से तैयार किया गया है। यह कंपनी देश की मुख्य मिसाइल निर्माता कंपनी है। कंपनी का कहना है कि यह एंटी-अनमैन्ड एरियल व्हीकल हाल के दिनों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शुरू हुए संघर्षों से प्रेरित होकर बनाया गया है जिसमें यूक्रेन की जंग भी शामिल है। इस जंग में सबने देखा कि ड्रोन को किस तरह से बड़े पैमान पर प्रयोग किया जा सकता है।



## न्यूज गैलरी

### मुंबई में आतंकी हमले का अलर्ट, ड्रोन के इस्तेमाल पर पांबदी

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में आतंकी हमले का अलर्ट जारी किया गया है। आतंकवादी ड्रोन और छोटे एयर प्लेन की मदद से मंबई में आतंकी हमले का अंजाम दे सकते हैं। आतंकी हमले को देखते हुए मुंबई पुलिस ने 13 नवम्बर से 12 दिसम्बर तक ड्रोन, रिमोट से नियंत्रित विमान (एयर क्राफ्ट), पैराग्लाइडर, निजी हेलीकॉप्टर और गर्म हवा के गुब्बारों की उड़ानों पर रोक लगा दी है ताकि आतंकवादी गतिविधियों के लिए इन वस्तुओं के संभावित इस्तेमाल को कम किया जा सके। सोमवार को जारी आदेश के अनुसार, शहर की पुलिस द्वारा हवाई निगरानी या पुलिस उपायुक्त (संचालन) द्वारा लिखित विशेष अनुमति के अलावा, बृहन्मुंबई पुलिस आयुक्तालय की सीमा में उपरोक्त निजी उड़ान वस्तुओं की किसी भी गतिविधि की अनुमति नहीं दी जायेगी। उक्त आदेश, 26 नवम्बर, 2008 को मुंबई में हुए घातक आतंकी हमले की बरसी के तहत जारी किया गया है, जिसमें 166 लोग मारे गये थे। शहर की पुलिस ने दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा-144 के तहत आदेश जारी किया। पुलिस का कहना है कि इसका उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा-188 के तहत सजा दी जायेगी।

### बिमस्टेक के देश कृषि में सहयोग को मजबूत करें : तोमर

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने बिक्सटेक के सदस्य देशों से कृषि के कायाकल्प के लिए सहयोग मजबूत करने के लिए व्यापक क्षेत्रीय कार्यनीति विकसित करने में सहयोग का अनुरोध किया है। श्री तोमर ने पोषक आहार के रूप में मिलेट के महत्व और अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष 2023 के दौरान मिलेट और इसके उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए भारत द्वारा किए प्रयासों का उल्लेख करते हुए सदस्य देशों से अनुरोध किया कि वे अनूकूल कृषि खाद्य प्रणाली और सभी के पोषण हेतु स्वास्थ्यवर्धक खाद्य के रूप में मिलेट को बढ़ावा देने की पहल में सक्रिय रूप से भागीदार बनें। उन्होंने कहा कि कृषि जैव विविधता संरक्षण एवं रसायन के प्रयोग में कमी के लिए प्राकृतिक एवं पारिस्थितिक खेती को बढ़ावा देना चाहिए। श्री तोमर की अध्यक्षता में बंगाल की खाड़ी बहुक्षेत्रीय तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग उपक्रम (बिम्सटेक) की दूसरी कृषि मंत्री-स्तरीय बैठक गुरुवार को भारत की मेजबानी में हुई। इसमें भूटान, बांग्लादेश, नेपाल, म्यांमार, श्रीलंका और थाईलैंड के कृषि मंत्रियों ने भी भाग लिया।

# यूक्रेन में रूस ने खेरसॉन से पीछे हटने का किया ऐलान



**मॉस्को (एजेंसी)।** आठ महीने से जारी युद्ध के बाद रूस की सेना ने कहा है कि वह यूक्रेन के इलाकों से पीछे हट रही है। खेरसॉन एकमात्र यूक्रेनियन प्रांतीय राजधानी शहर था, जिस पर रूस का कब्जा हो पाया था और अब उसने वहां से भी पीछे हटने का ऐलान कर दिया है। हालांकि, यूक्रेन ने इस ऐलान को लेकर आगाह किया है कि यह भ्रमित करनेवाला हो सकता है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि रूसी खेरसॉन से पीछे हटने का दिखावा कर रहे हैं ताकि यूक्रेनी सेना को भ्रमित कर शहर में बुला सकें और सीधी लड़ाई में उलझा सकें। खेरसॉन एक अहम बंदरगाह शहर है और रूस के कब्जे वाले क्रीमिया का रास्ता भी है।

**यूक्रेनी सेना को बढ़ते देख पुतिन ने लगाया मार्शल लॉ :** रूस के लिए खेरसॉन से वापसी एक बड़ा झटका होगी, क्योंकि यही एक बड़ा शहर था जिस पर पिछले आठ महीने में रूसी सेना पूरी तरह से कब्जा कर पाई थी। कई हमलों के बावजूद वह यूक्रेन की राष्ट्रीय राजधानी कीव और दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव पर कब्जा करने में नाकाम रही। खारकीव से भी रूस को जल्दबाजी में हटना पड़ा था। युद्ध से पहले खेरसॉन की आबादी 2,80,000 थी। 24 फरवरी को वहां पहला हमला हुआ था। इस वक्त यूक्रेन की सेना ने शहर को घेर रखा है और उसकी सप्लाई लाइन काट दी है। इस क्षेत्र पर दोबारा कब्जा करने से यूक्रेन को जापोरिझिया और अन्य दक्षिणी इलाकों को वापस पाने में भी लाभ मिल सकता है।

# बॉडी बनाने के चक्कर में स्टेरॉयड लेनेवाले युवक युवती हो रहे नपुंसकता, हृदय, लीवर रोग के मरीज

- आरएनएम

**नयी दिल्ली।** इंग्लैंड में हुए एक अध्ययन के अनुसार फुली भुजा व फैली छाती बनाने के चक्कर में जिम के चकल्लस में में पड़ युवक कई तरह के गंभीर रोगों के गिरफ्त में आने लगे हैं। अध्ययन के अनुसार इसके कारण लगभग 54 प्रतिशत पुरुष व 49 प्रतिशत महिलाएं शरीर विद्रूपता व इससे जनित रोग से ग्रसित हैं। हालत यह है कि इन दिनों सुपर बाडी की कल्पना में ज्यादातर युवक-युवतियां जिम में जाकर जरूरत से ज्यादा मांसपेशियों पर व अन्य अंगों पर तनाव देने लगे हैं। उससे भी जी नहीं भर रहा है तो जल्दी से जल्दी मांस पेशियों को फुलाने व कसा दिखाने के लिए स्टेरॉयड लेने लगे हैं। जिससे मांसपेशी विकार व अन्य रोग के शिकार हो रहे हैं। हालत यह हो गयी है कि हर 10वां युवक अच्छी मांसपेशियों का चाहत के चक्कर में नपुंसकता, मांसपेशी, हृदय, लीवर विकार का



शिकार होने लगा है। शरीर को पहलवान जैसा बनाने का भूत युवकों पर इतना ज्यादा सवार हो गया है कि भोजन विकार के भी शिकार हो गये हैं। हद से ज्यादा या जरूरत से बहुत ही कम खाने लगे हैं। गठी, उभरी चौकोर फैली मांसपेशियों की चाहना के चलते स्टेरॉयड खाने लगे हैं। जो स्टेरॉयड हमारे देह के हार्मोन को इतना सक्रिय करते हैं कि मांसपेशियां फूलने लगती हैं। जिसके चलते कई बीमारी घर करने लगती है। इसी तरह युवतियां भी स्लिम ट्रिम बनने के चक्कर में जो करतब कर रही हैं, उससे उनके बच्चा पैदा करने आदि की क्षमता पर असर पड़ने लगा है। इस बारे में विशेषज्ञों का कहना है कि हर इंसान की शारीरिक बनावट प्राकृतिक व परिस्थितिक रूप से अलग-अलग होती है। उसे स्वस्थ बनाये रखने का कर्तव्य व धर्म हर इंसान का है। लेकिन सुपर मानव बनने के चक्कर बहुत से लोग अपने शरीर का कबाड़ा कर रहे हैं। हालत यह है कि ऐसे युवक, युवतियां स्टेरॉयड का प्रयोग करके अपने दिल को कमजोर कर रहे हैं। क्योंकि, एनाबोलिक स्टेरॉयड से कोरोनरी धमनी में ब्लॉकिज होने की संभावना बढ़ जाती है। इससे किडनी फेल, लिवर की क्षति तो होती ही है, टेस्टिकल्स के सिकुड़ने लगते हैं और यदि स्टेरायड लेना बंद भी कर देते हैं तो इसके दुष्प्रभाव व इफेक्ट्स कई वर्षों तक रह सकते हैं। यह लंबे समय तक देह को छिजता, जर्जर करता रहता है।

## कश्मीर में पाकिस्तानी से जुड़े आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़

**श्रीनगर (एजेंसी)।** सुरक्षा बलों ने उत्तरी कश्मीर में एक आतंकवादी वित्त पोषण और भर्ती मॉड्यूल का भंडाफोड करते हुए इसको चलाने वाले तहरीक-ए-उल मुजाहिदीन समूह के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि कश्मीर के युवाओं को आतंकवादी समूह में शामिल करने वाला भर्ती मॉड्यूल एक नकली गैर सरकारी संगठन है, जो इस्लाही फलाही रिलीफ ट्रस्ट (आईएफआरटी) की आड़ में एक रैकेट चला रहा था। कुपवाड़ा पुलिस ने सेना की 21 राष्ट्रीय राइफल्स और 47 आरआर के साथ मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया।

## हार से बचे बाइडेन ने कहा- लोकतंत्र के लिए अच्छा

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका के मध्यावधि चुनाव के नतीजे डेमोक्रैटिक पार्टी के लिए उतने बुरे नहीं रहे जितने की आशंका थी। पार्टी हाउस ऑफ रिप्रजेंटिव में भले ही पिछड़ गई है, लेकिन कुल मिलाकर उसे निराशा नहीं मिली है। बाइडेन ने कहा कि हाल के सालों में हमारे लोकतंत्र की परीक्षा हुई है, लेकिन अपने मतदान के साथ अमेरिकी लोगों ने फैसला सुना दिया है और एक बार फिर साबित किया है कि हमारी पहचान लोकतंत्र है। हालांकि, मीडिया और पंडित एक विशाल लाल लहर की भविष्यवाणी कर रहे थे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अधिकतर नतीजे आने के बाद स्पष्ट है कि बाइडेन की डेमोक्रैटिक पार्टी ने मंगलवार के चुनावों में भारी पराजय की आशंका को टाल दिया है। हालांकि, अभी यह नहीं कहा जा सकता कि 2024 के बाद भी उनके लिए उम्मीदें बची हुई हैं।






# अफगानिस्तान के मनोरंजन पार्कों में महिलाओं पर प्रतिबंध

**काबुल (एजेंसी)।** अफगानिस्तान की नैतिक पुलिस ने बुधवार को आदेश दिया कि देश के सभी मनोरंजन पार्कों में अब महिलाओं के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया जाये। तालिबान पहले ही अफगान महिलाओं पर कई तरह के प्रतिबंध लगा चुका है और नये आदेश से महिलाओं की स्वतंत्रता को और प्रभावित होने का खतरा है। पिछले साल अगस्त में सत्ता में लौटने के बाद से ही तालिबान महिलाओं की सार्वजनिक गतिविधियों को प्रतिबंधित कर रहा है, जिससे उनके रोजगार और शिक्षा जैसे बुनियादी अधिकार प्रभावित हो रहे हैं।

**तालिबान का नया आदेश :** 'पुण्य का प्रचार और बुराई की रोकथाम' मंत्रालय के प्रवक्ता ने समाचार एजेंसी रॉयटर्स द्वारा इस मुद्दे पर पूछे गए सवाल पर प्रतिबंध की पुष्टि की, लेकिन उसने अधिक जानकारी साझा करने के अनुरोधों का जवाब नहीं दिया। ऐसे दो पार्कों के प्रबंधकों ने नाम न छापने की शर्त पर रॉयटर्स को बताया कि तालिबान ने उनसे महिलाओं को अपने पार्कों में नहीं जाने देने के लिए कहा, लेकिन अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि इन नये प्रतिबंधों को कैसे लागू किया जायेगा, क्योंकि कुछ दिनों पहले 'पुण्य का प्रचार और बुराई की रोकथाम' मंत्रालय ने एक नियम में कहा था कि पार्कों को महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग विभाजित किया जाना चाहिए। साथ ही नियम में कहा गया था कि महिलाओं के लिए पार्कों में जाने के लिए अलग-अलग दिन तय होने चाहिए।

### महिला अधिकारों को कुचल रहा तालिबान



**पिछले** साल अफगानिस्तान से नाटो बलों की अचानक वापसी के बाद तालिबान के सत्ता में लौटने का रास्ता साफ हुआ और तब से कट्टरपंथी तालिबान शासकों ने लड़कियों को माध्यमिक शिक्षा हासिल करने से भी वंचित रखा है। हालांकि, उसने पहले संकेत दिया था कि वह मार्च से सभी लड़कियों के हाई स्कूल खोल देगा, लेकिन अब तक इसका पालन नहीं किया गया है। देश में महिलाओं के अधिकारों के लिए कई प्रदर्शन हुए हैं, लेकिन तालिबान अधिकारियों ने महिलाओं के शिक्षा, रोजगार और स्वतंत्रता के अधिकारों का विरोध करनेवाले कार्यकर्ताओं को भी दबा दिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक महिलाओं की हत्या में भी इजाफा हुआ है, जबकि हत्यारों को सजा नहीं मिलती है। यही नहीं तालिबान ने महिलाओं से कहा है कि वे बिना किसी पुरुष रिश्तेदार के घर से बाहर न निकलें और अपना चेहरा ढकें। सार्वजनिक सेवा में कई पदों से महिलाओं को भी बाहर रखा गया है, हालांकि उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य और पुलिस जैसे कुछ क्षेत्रों में काम करने की अनुमति है जहां पुरुषों की भर्ती नहीं की जा सकती है।